Page 11
खेल
मैं अभी अपने शिखर पर नहीं पहुंचा हूं : स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चौपड़ा



हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10
देश
58 प्रतिशत पानी लीक होने के लिए दिल्ली सरकार जिम्मेवार, कांग्रेस ने कर दी...



शुक्ल पक्ष, चित्रा, विक्रम संवत् 2081


• औरंगाबाद • रविवार • 16 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 186 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹72, 550 | ₹91,000 |





## आज का इतिहास

- **1605 :** भारत के मुगल सम्राट (1556-1605) अकबर (अबुल-फत जलाल-उद-दीन) का 63 वर्ष की आयु में दस्त या पेचिश से निधन हो गया। अकबर की कब्र पर, अपनी सादगी में, जेसुइट पुजारी फादर जेवियर, जो हमेशा उनके समर्पित दोस्त बने रहे, के लिए साजिश रची।
- **1858 :** प्रथम भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान मोरार की लड़ाई लड़ी गई।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार के सरकारी कर्मियों का मकान किराया भत्ता चार प्रतिशत तक बढ़ा

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में सरकारी कर्मियों के मकान किराया भत्ता में चार प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में सरकारी कर्मियों के मकान किराया भत्ता में एक से चार प्रतिशत तक की बढ़ोतरी किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

### अयोध्या से लौट रहे दंपति की कार में भीषण आग, पत्नी की जलकर मौत

**छपरा (सारण) (नि.सं.)।** सारण (छपरा) जिले में शनिवार को एक चलती कार में भीषण आग लगने से महिला की जिंदा जलकर मौत हो गई। कार में सवार महिला के पति ने कूदकर अपनी जान बचा ली। दंपति अयोध्या से राम मंदिर के दर्शन कर घर लौट रहे थे। घटना शनिवार अहले सुबह करीब तीन से चार बजे के बीच तरैया थाना इलाके में बगही प्राथमिक विद्यालय के पास पानापुर रोड पर हुई। हादसे में झुलसे पति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतका की पहचान सारण जिले के अवतार नगर थाना क्षेत्र के पकवलिया गोरायपुर गांव निवासी दीपक राय की पत्नी सोनी कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कार में अचानक आग लगी, जिस वजह से गाड़ी का टायर भी ब्लास्ट हो गया। धमाके की आवाज सुनकर बगही , गलीमापुर एवं पोखरेरा गांवों के लोग मौके पर पहुंचे।

### मेरी मेडिकल जांच पत्नी की मौजूदगी में हो : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली (ए.)।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चिकित्सा जांच के दौरान पत्नी की मौजूदगी को लेकर दायर अर्जी पर सुनवाई टल गई। राउज एवेन्यू कोर्ट अब 19 जून को मामले की सुनवाई करेगा। शनिवार को सुनवाई के दौरान जेल अधिकारियों की तरफ से कहा गया कि अदालत के मामले में जवाब दाखिल करने के आदेश की कॉपी शुक्रवार रात में मिली है। केजरीवाल ने अर्जी में कहा कि उनकी स्वास्थ्य स्थिति और उपचार का निर्धारण करने के लिए गठित मेडिकल बोर्ड की जांच में उनकी पत्नी सुनीता को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए जांच के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति दी जाए और मेडिकल बोर्ड जब भी जांच करे उन्हें अपने इनपुट देने की अनुमति दी जाए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी में 18 जून को आयोजित हो रहे कार्यक्रम में होंगे उपस्थित

# पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त 18 जून को जारी करेंगे प्रधानमंत्री

- पीएम-किसान योजना के अंतर्गत 20,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश
- कृषि सखियों को प्रमाण पत्र प्रदान करने की भी घोषणा की गई है।



एजेंसी | नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में पीएम-किसान के अंतर्गत 20 हजार करोड़ रुपए की 17 वीं किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री किसानों को पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त जारी करने तथा कृषि सखियों के रूप में 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए 18 जून को वाराणसी का दौरा करेंगे। यह कार्यक्रम केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में श्री चौहान के अलावा उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के मंत्री सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए कृषि सबसे महत्वपूर्ण आधार है और कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव है। रोजगार के सबसे ज्यादा अवसर कृषि के माध्यम से ही सृजित होते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि और किसान पहले भी श्री मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता रहे हैं जिसके चलते किसानों के कल्याण के लिए अनेकों कदम उठाए गये और अभी भी प्रधानमंत्री ने पद ग्रहण करने के बाद सबसे पहले किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त किसानों को जारी करने को लेकर हस्ताक्षर किए। श्री चौहान ने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद अपने सबसे पहले कार्यक्रम में पीएम किसान की बहुप्रतीक्षित 17वीं किस्त, 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि, 9.26 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को प्रधानमंत्री के वाराणसी से बटन के एक क्लिक से वितरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों के पंजीकरण और सत्यापन में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखते हुए केंद्र सरकार ने देश भर में लगभग 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया है और इसके साथ ही, योजना की शुरुआत से लाभार्थियों को हस्तांतरित कुल राशि 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 18 जून को अन्नदाताओं की खुशहाली के साथ विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि का श्री गणेश होने जा रहा है। क्योंकि इस दिन कई केंद्रीय मंत्री किसानों से बातचीत करने और उनमें विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 50 केवीके का दौरा करेंगे और वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि देश भर से लगभग 2.5 करोड़ किसान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। किसानों में जागरूकता पैदा करने के लिए देश भर से 732 कृषि विज्ञान केंद्र (के वीके), 1.0 लाख से अधिक प्राथमिक कृषि सहकारी समितियाँ और 5.0 लाख कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएम किसान की किस्त जारी करने के कार्यक्रम के साथ-साथ प्रधानमंत्री 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को कृषि सखियों के रूप में प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे। एक प्रतीक के रूप में प्रधानमंत्री पांच कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने राज्य के उद्योग मंत्री के साथ की बैठक, कहा

# कपड़ा उद्योग से जोड़े जायेंगे 50 लाख लोग

- बिहार में वस्त्र उद्योग के विकास की संभावनाओं पर चर्चा
- केंद्रीय मंत्री और राज्य सरकार के बीच समझौते की दिशा में प्रयास
- रोजगार सृजन के लिए उद्यमित प्रस्तावों पर विचार
- निवेशकों के बीच सुझावों का आमंत्रण



निज संवाददाता | पटना

बिहार में वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में विकास की संभावनाओं को तलाशने के उद्देश्य से शनिवार को पटना में केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने राज्य के उद्योग मंत्री नितीश मिश्रा के साथ एक बैठक की। बैठक में रोहित कंसल, अपर सचिव, वस्त्र मंत्रालय, संजीव पौण्ड्रीक, अपर मुख्य सचिव (उद्योग विभाग) बिहार सरकार, अमृत राज, विकास आयुक्त (हस्तकरघा), भारत सरकार राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के प्रतिनिधि के अलावा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार और बिहार सरकार मिलकर राज्य के वस्त्र उद्योग के विकास की संभवनाओं को चिन्हित करेगी और शीघ्र ही बिहार, भारत के वस्त्र मानचित्र पर एक सशक्त राज्य के रूप में उभर कर आयेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में तसर सिल्क, ऐरी सिल्क और गारमेंट क्षेत्र में असीम संभावनाएँ हैं और वो खुद तमिलनाडु के त्रिपुर के बड़े उत्पादकों के सम्पर्क में हैं और शीघ्र ही वहां से कुछ उत्पादक राज्य का दौरा करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि उनकी मंशा है कि राज्य में वस्त्र उद्योग का समुचित विकास हो और इस क्षेत्र में कम से कम एक से दो लाख रोजगार का सृजन किया सकता है।

केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने आगे कहा कि वस्त्र उद्योग में कृषि के बाद सबसे बड़ा रोजगार इसी क्षेत्र में है और करीब 5.5 करोड़ लोग इस क्षेत्र से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में इस क्षेत्र में और विकास किया जायेगा तथा लगभग 50 लाख़ अतरिक्त लोगों को रोजगार दिया जायेगा, जिसमें उनका लक्ष्य दो लाख लोगों को बिहार में रोजगार देना है।उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत सरकार, बिहार सरकार को हर संभव मदद देने को तत्पर है और राज्य सरकार से एक ब्लूप्रिंट बनाने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर राज्य के अपर मुख्य सचिव (उद्योग) श्री संदीप पोंड्रिक ने कहा कि राज्य में मानव संस्थान प्रचुर है और राज्य की औद्योगिक नीति किसी भी राज्य से बेहतर है। जरूरत है निवेशकों के बीच अनुकुल वातावरण तैयार करने का। उन्होंने विभिन्न हित धारकों के साथ इस सम्बन्ध में शीघ्र ही एक बैठक के आयोजन का सुझाव दिया।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड में आठ नक्सली ढेर, एक जवान शहीद और दो घायल



एजेंसी | नारायणपुर (छत्तीसगढ़)

छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र राज्य की सीमा पर नारायणपुर के अबूझमाड़ के कुतुल इलाके में शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच फिर से मुठभेड़ शुरू हुई। पिछले दो दिनों से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गये है और एक जवान शहीद और दो जवसन घायल हो गये हैं। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी सुंदरराज ने बताया कि बुधवार को नक्सली विरोधी संयुक्त अभियान में नारायणपुर, बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर, दंतेवाड़ा जिला में रिजर्व पुलिस फोर्स, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और तिब्बत सीमा सुरक्षा बल के जवान शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गये नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुतुल, फरसबेड़ा, कोड़तामेटा इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। मुखबिर की इसी सूचना के बाद बस्तर संभाग के जगदलपुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव और कांकेर से करीब 1400 जवानों को अभियान में शामिल किया गया है। पुलिस और जवानों की संयुक्त टीम ने नक्सलियों के ठिकाने को घेर रखा है। एक दिन पहले भी जवानों की इस संयुक्त टीम के साथ दिनभर रुक-रुककर गोलीबारी होती रही थी।

# एक्सिस बैंक से दिनदहाड़े 19 लाख रुपये की लूट

- बदमाशों ने कर्मचारियों को बंधक बनाकर वारदात को दिया अंजाम

निज संवाददाता | बिहटा (पटना)

राजधानी पटना के बिहटा में एक्सिस बैंक की शाखा से लुटेरों ने बैंक, ग्राहक व एक फाइनेंसकर्मी को निशाना बनाकर कुल 19.50 लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। बताया जाता है कि बिहटा-मनेर मुख्य मार्ग पर देवकुली स्थित एक्सिस बैंक में करीब चार नकाबपोश अपराधियों ने घुसकर हथियार का डर दिखाकर बैंक की तिजोरी में रखे करीब 17 लाख 50 हजार रुपये, बैंक आए ग्राहक गणेश चौधरी से 41 हजार व एक माइक्रो फाइनेंस बैंककर्मी से करीब 1 लाख 45 हजार रुपये मिलाकर कुल करीब 19.50 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। हथियारबंद अपराधियों ने बैंक के सभी स्टाफ एवं ग्राहकों को एक कमरे में बंद कर दिया था। बदमाशों ने पुलिस को सूचना देने पर जान से मारने की धमकी दी और लूट को अंजाम दिया।



### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बैंक के कर्मचारियों और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने बताया कि अपराधियों ने पूरी घटना को मात्र कुछ ही मिनटों में अंजाम दिया। बैंक और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके और उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

घटना की सूचना पर डीएसपी पंकज कुमार मिश्रा सहित स्थानीय थाना ने पुलिस ने पहुंचकर क्षेत्र की नाकेबंदी कर बदमाशों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। पुलिसकर्मियों ने ग्राहकों से पूछताछ करते हुए सीसीटीवी की फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है।

# पेट्रोल और डीजल के मूल्य में तीन रुपये की वृद्धि

एजेंसी | बेंगलुरू(कर्नाटक)

कर्नाटक में पेट्रोल और डीजल के मूल्य में तीन रुपये की वृद्धि की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पेट्रोल की कीमत में तीन रुपए की और डीजल की कीमत में 3.02 रुपए की वृद्धि की जा रही है। पेट्रोल-डीजल की कीमत में बढ़ोतरी से आम लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ेगा। कर्नाटक में पेट्रोल की कीमत लगभग 100 सौ रुपए है, इस लिहाज से अब पेट्रोल वहां लगभग 103 रुपए प्रति लीटर की रेट पर मिलेगा। वहीं डीजल की कीमत 85.93 रुपए थी, जो अब बढ़कर 88.95 रुपए हो जाएगी।

### सेल्स टैक्स में वृद्धि

कर्नाटक सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में यह बताया गया है कि सरकार ने टैक्स में वृद्धि की है, जिसकी वजह से पेट्रोल 3 रुपए और डीजल 3.02 रुपए महंगा हो जाएगा।




सरकार ने पेट्रोल पर सेल्स टैक्स को 25.92 से बढ़ाकर 29 प्रतिशत कर दिया है। वहीं डीजल पर यह टैक्स 14.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 18.4 प्रतिशत कर दिया है। प्रदेश सरकार ने वित्त विभाग ने 15 जून को यह अधिसूचना जारी की है और पेट्रोल-डीजल की कीमत में वृद्धि आज से ही प्रभावी हो गई है। कर्नाटक में पेट्रोल-डीजल की कीमत में वृद्धि पर बीजेपी प्रवक्ता एस प्रकाश ने कहा कि यह बढ़ोतरी आम आदमी पर अतिरिक्त बोझ डालेगी। उन्होंने कहा कि सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने चुनाव खत्म होने के साथ ही डीजल और पेट्रोल की कीमतों में भारी वृद्धि करके आम आदमी पर अतिरिक्त भार डाला है।

### नीतीश कुमार की अचानक बिगड़ी तबीयत, भर्ती

**पटना (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शनिवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उनको पटना के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक उनके हाथ में तेज दर्द हो रहा था। मेदांता हॉस्पिटल के ऑर्थोपेडिक्स विभाग में उनका इलाज चल रहा है। शनिवार की सुबह सीएम नीतीश कुमार के हाथ में अचानक से तेज दर्द शुरू हो गया। उन्हें तुरंत पटना के मेदांता हॉस्पिटल में ले जाया जहां हड्डी विभाग के डॉक्टरों की टीम ने उनकी जांच की। नीतीश कुमार पिछले काफी समय से लगातार चुनाव में व्यस्त चल रहे थे। फिर एडीए के महत्वपूर्ण घटक के तौर उनके दल जेडीयू और उनकी केंद्र सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# उत्तराखंड में ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिरी, 12 की मौत

एजेंसी | रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड)

उत्तराखंड के बद्रीनाथ हाईवे पर शनिवार, 15 जून को सुबह 11 बजे एक टैंपो ट्रैवलर बेकाबू होकर अलकनंदा नदी में गिर गया। हादसे में 12 पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 14 घायल हैं। 7 गंभीर घायलों को हेलिकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स में भर्ती किया गया। ट्रैवलर में 26 यात्री सवार थे। सभी बद्रीनाथ दर्शन के लिए जा रहे थे। पर्यटक नोएडा और दिल्ली के हैं। हादसे की वजह ड्राइवर को झपकी लगना बताया जा रहा है। हालांकि, अब तक इस पर प्रशासन का अधिकारिक बयान नहीं आया है। हादसा जहां हुआ, वह ऑल वेदर हाईवे है। ट्रैवलर बाउंड्री तोड़ते हुए करीब 200 मीटर नीचे खाई में पलटता हुआ नदी में जा गिरा। नदी का किनारा होने के चलते अलकनंदा के तेज बहाव में ट्रैवलर बहा नहीं। घटनास्थल के नजदीक ही रेलवे प्रोजेक्ट का काम चल रहा है। 3 मजदूर लोगों को बचाने नदी में कूदे। इनमें से 2 वापस आ गए, लेकिन 1 की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ट्रैवलर हरियाणा नंबर का है। दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले पर्यटकों ने इसकी बुकिंग कराई थी। शुक्रवार शाम को यह दिल्ली से रवाना हुए। रातभर ट्रैवलर चलता रहा। मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि गंभीर घायलों के लिए हेलिकॉप्टर मंगाया गया। उन्हें ऋषिकेश एम्स भेजा गया। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि गंभीर घायलों के लिए हेलिकॉप्टर मंगाया गया। उन्हें ऋषिकेश एम्स भेजा गया।



### 200 फीट नीचे खाई में गिरी, बचाने गए मजदूर की भी मौत

हादसा जहां हुआ वह ऑल वेदर हाईवे है। ट्रैवलर बाउंड्री तोड़ते हुए करीब 200 फीट नीचे पहाड़ में पलटती हुई नदी में गिरी। नदी का किनारा होने के चलते अलकनंदा के तेज बहाव में ट्रैवलर बहा नहीं।

# तीन विधायकों ने दिया इस्तीफा

- तीन बिहार विधायकों ने लोकसभा चुनाव जीतकर विधानसभा की सदस्यता से दिया इस्तीफा।
- इनमें शामिल हैं जीतन राम मांझी, सुधाकर सिंह और सुदामा प्रसाद तरारी।

निज संवाददाता | पटना

बिहार से तीन विधायकों ने लोकसभा चुनाव जीतने के बाद विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। त्यागपत्र देने वालों में जीतन राम मांझी इमामगंज से विधायक थे और वे अब गया कि सांसद के साथ मंत्री भी हैं। इनके अलावा रामगढ़ विधायक सुधाकर सिंह बक्सर से सांसद हो चुके हैं। जबकि सुदामा प्रसाद तरारी से विधायक थे और अब आरा से सांसद चुने गए हैं। इन तीनों ने शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष को अपना त्यागपत्र भेज दिया है। बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने शुक्रवार को अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। वे 25 अगस्त, 2022 को बिहार विधान परिषद के सभापति चुने गए थे। इससे पूर्व तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से 2002 में निर्दलीय एवं 2008 में जदयू से बिहार विधान परिषद के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। 2008 में बिहार सरकार में आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री रहे। 2014 में तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय सदस्य के रूप में तथा 2020 में जदयू से तिरहुत स्नातक क्षेत्र से बिहार विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुए थे। अब सीतामढ़ी से लोकसभा चुनाव में विजयी होने के बाद उन्होंने विधान परिषद की सदस्यता छोड़ने का निर्णय किया है।

### 20 लाख रूपए की शराब बरामद

**पटना(नि.सं.)।** पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। ठाकुर बाड़ी रोड स्थित प्लाई गोदाम से 20 लाख रुपए का शराब बरामद हुआ है। पुलिस को चकमा देने के लिए शराब ड्रम में छिपाकर रखी गई थी। ऊपर से लकड़ी का बुरादा भी डाल दिया था। मौके से एक तस्कर की गिरफ्तारी हुई है। डीएसपी टाउन अशोक कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शराब तस्करी की सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी की। प्लास्टिक के ड्रम के अंदर से शराब की बोतल बरामद की गई है। रेड के दौरान एक रजिस्टर भी मिला है। जिसमें तस्करों का हिसाब लिखा हुआ है। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की जा रही है। गोदाम को सील कर दिया गया है। कितने दिनों से कारोबार चल रहा था। इस धंधे में कौन-कौन शामिल है।

# जी7 शिखर सम्मेलन समापन के बाद पीएम पहुंचे भारत

- उन्होंने ऑस्ट्रिया में आयोजित शिखर सम्मेलन में भाग लेकर कई विश्व नेताओं से द्विपक्षीय बैठकें कीं।
- अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट में उन्हों




एजेंसी | नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली की सफल यात्रा के बाद शनिवार को भारत के लिए रवाना हो गए, इस दौरान उन्होंने आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लिया और कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया, अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन में बहुत ही उपयोगी रहा। विश्व नेताओं से बातचीत की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य ऐसे प्रभावशाली समाधान तैयार करना है जिससे वैश्विक समुदाय को लाभ हो और भावी पीढ़ियों के लिए एक बेहतर दुनिया का निर्माण हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं इटली के लोगों और सरकार को उनके गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक पोस्ट में कहा कि इस यात्रा से शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के साथ भारत की साझेदारी गहरी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई दिल्ली के लिए उड़ान भरने के साथ ही इटली की सफल यात्रा संपन्न हुई। इस यात्रा में जी7 मंच के तहत प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई और शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के साथ भारत की साझेदारी गहरी हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने अन्य भाग लेने वाले नेताओं के साथ जी7 में एक ग्रुप फोटो भी खिंचवाया है।

अरवल, भोजपुर व बक्सर में अधिकतम 45 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा अधिकतम तापमान

# भीषण गर्मी का सितम, महज एक दिन में दो शिक्षकों समेत 16 लोगों की मौत

- बिहटा के एक शिक्षक के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए दूसरे शिक्षक की भी हृदयाघात से मौत

निज संवाददाता | पटना

बिहार में भीषण गर्मी व उष्ण लहर का कहर अधेड़ व बुजुर्गों पर भारी पड़ रहा है। दोपहर में बाहर निकले लोग तेजी से बीमार हो रहे हैं, राह चलते अचेत होकर गिर जा रहे हैं। शुक्रवार को अरवल में सर्वाधिक सात मौत हुई। वहीं नालंदा, भोजपुर व सारण में दो-दो व बक्सर में एक मौत हुई है। पटना के बिहटा में एक शिक्षक की हृदयाघात से मौत के बाद अंतिम संस्कार में शामिल होने गए दूसरे शिक्षक की भी हृदयाघात से मौत हो गई, स्वजन के अनुसार, दोनों के निधन का कारण अत्यधिक गर्मी था।



### कई जिलों में पारा 45 के पार

भोजपुर, बक्सर व अरवल जिले में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। गुरुवार को बक्सर का तापमान देश में सर्वाधिक 47.2 डिग्री सेल्सियस रहा था। अरवल में उष्ण लहर के कुप्रभाव से सात लोगों की मौत की पुष्टि आधिकारिक रूप से नहीं की गई है, परंतु स्वजन असामयिक निधन को लू व ताप का असर मान रहे हैं। अरवल में करपी प्रखंड के खजूरी गांव के बुजुर्ग पुरुष व महिला की अचानक तेज बुखार के बाद मौत हो गई। करपी डीह निवासी पटना में गार्ड ने भी तेज बुखार के बाद पीएमसीएच में दम तोड़ा। इसी गांव की एक बुजुर्ग महिला व खेत में बिचड़ा देखने गए किसान का निधन लू लगने से हो गया। इसी तरह अन्य गांवों में भी बाहर निकले दो लोग अचानक अचेत हुए और अस्पताल ले जाने के क्रम में निधन हो गया। नालंदा के एकंगरसराय थाना क्षेत्र के माधोपुर अमनार गांव निवासी महिला बाजार में अचेत होकर गिर पड़ीं। अस्पताल में चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, परवलपुर प्रखंड के कतरू बिगहा गांव के पास ईंट भट्टा पर काम कर रहे रांची के मजदूर की लू लगने से मौत हो गई। सारण, भोजपुर, बक्सर में भी कई लोगों की अचानक मौत हो गई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



कर्महरी से मुगलसराय जाने के दौरान हुआ हादसा

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की हुई दर्दनाक मौत, गांव में शोक की लहर



निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर जिले के भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के पास कर्महरी गांव में शनिवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत जीआरपी भभुआ रोड को इस घटना की सूचना दी, जिस पर तेजी से कार्रवाई करते हुए जीआरपी टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। शव की पहचान मोहनिया थाना क्षेत्र के कर्महरी गांव के स्वर्गीय पूर्णवासी राम के 21 वर्षीय बेटे सूरज कुमार के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि सूरज अपनी मां के लिए दवा लाने कर्महरी से मुगलसराय जा रहा था। इसी दौरान वह रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई संजय कुमार और प्रकाश कुमार प्रभाकर ने बताया कि सूरज अपनी मां की दवा लाने के लिए मुगलसराय स्टेशन जा रहा था। जब यह हादसा हुआ तो ग्रामीणों ने तुरंत परिवार को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंचने पर उन्हें शव नहीं मिला, जिसके बाद वे भभुआ रोड रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां जीआरपी ने शव को रखा था और पहचान करवाई। जीआरपी भभुआ रोड ने शव का पंचनामा तैयार करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, भभुआ भेज दिया। जीआरपी थाना अध्यक्ष ने जानकारी दी कि ग्रामीणों से सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की गई और शव को भभुआ रोड रेलवे स्टेशन लाया गया, जहां परिजनों ने शव की पहचान की। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। सूरज के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि सूरज एक मेहनती और जिम्मेदार युवक था, जो अपने परिवार की देखभाल करता था। उसकी असमय मृत्यु से परिवार का भविष्य अंधकारमय हो गया है। पुलिस द्वारा घटना की विस्तृत जांच की जा रही है ।

## संदेहास्पद स्थिति में वृद्ध की मौत



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद में दरधा नदी किनारे शुक्रवार की रात एक वृद्ध का शव मिलने का मामला सामने आया है। आसपास के लोगों ने नगर थाने की पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक की पहचान भेलावर ओपी क्षेत्र के मुरासा गांव निवासी रामेश्वर दास के रूप में की गई है। मृतक के बेटे राजबलम दास ने बताया कि उसके पिता बैंक से पैसा निकालने के लिए शुक्रवार को घर से करीब 10 बजे निकले थे। जब देर शाम तक घर नहीं लौटें तो लोगों को अनहोनी होने की आशंका होने लगी। शनिवार की सुबह जब खोजबीन शुरू की गई तो पता चला कि नदी किनारे इनका शव मिला है। परिजनों का आरोप है कि बैंक से निकाले गए 5000 रूपए के लिए उनकी हत्या कर दी गई। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही ही है। जांच के बाद ही घटना के बारे में स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा की हत्या की गई है या गिरने के कारण उनकी मौत हुई है।

# आग लगने से कार जलकर राख, सभी लोगों को सुरक्षित निकाला गया बाहर

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** उत्तर प्रदेश के चंदौली की तरफ से कैमूर के मोहनिया की तरफ आ रही निशान कंपनी की डस्टर कार में अचानक दुर्गावती थाना क्षेत्र के मरहिया मोड़ के पास आग लग गई। आग की लपटें निकलता देख आसपास के ग्रामीणों ने हौसला दिखाया और चालक के साथ मिलकर कार सवार एक ही परिवार के सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। गाड़ी के अंदर दो पुरुष एक महिला और दो बच्चे मौजूद थे। जब तक लोग कुछ समझ पाते और एनएचएआई, पुलिस टीम पहुंची तब तक गाड़ी पूरी तरह से जलकर राख हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि गाड़ी सवार सभी लोग यूपी से कैमूर के चैनपुर थाना क्षेत्र के नौघड़ा जा रहे थे। कपिल कुमार ने बताया कि चंदौली की तरफ से गाड़ी आ रही थी। मरहीया मोडॉ पहुंचने पर ड्राइवर को लगा कि गाड़ी का क्लच ढीला हो गया है। जैसे ही गाड़ी के इंजन का बोनट खोला तो उसमें से आग की लपटें निकल रही थी। बोनट खोलते ही आग और तेज हो गई। गाड़ी के अंदर मौजूद रहे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया है। सभी लोग फिलहाल सुरक्षित हैं। मरहीया गांव के ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया कि हम लोग घर पर थे। अचानक गाड़ी से आग निकलता देखा। हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे तब तक गाड़ी से सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया था। फिलहाल सभी लोग सुरक्षित हैं लेकिन गाड़ी जलकर राख हो गई है।

## सड़कों एवं फुटपॉथ से हटया गया अतिक्रमण

**भभुआ(कैमूर) (नि.सं.)।** अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर नगर परिषद की टीम ने शनिवार को शहर की सड़कों व फुटपॉथ से अतिक्रमण हटवाया। सड़क पर रखे समान को जब्त किया और उनपर अर्थदंड भी लगाया। इस अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार एवं नगर परिषद के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी दिव्य प्रकाश कर रहे थे। अधिकारियों ने शहर के कैमूर स्तंभ से एकता चौक और एकता चौक से पटेल चौक तथा पश्चिम बाजार, सब्जी मंडी तक अभियान चलाया गया। नगर परिषद की टीम जैसे ही अतिक्रमण हटाने के लिए सड़क पर उतरी एकता चौक एवं आसपास के इलाके में सड़क व उसके आसपास ठेला एवं खोमचा लगाकर बेच रहे फल, सब्जी व अन्य खाद्य पदार्थ के दुकानदार अपना ठेला लेकर इधर-उधर भागने लगे। अभियान के दौरान पुलिस पदाधिकारी एवं जवान अतिक्रमण हटवाने में मदद कर रहे थे। नगर परिषद की टीम अतिक्रमण मुक्त करने के दौरान सामान को ट्रैक्टर पर लोड कर रही थी। एकता चौक के पास ठेला व ई रिक्शा लगाकर जाम किए थे, जिसे टीम ने खाली कराया। मुख्य सड़क पर दुकान के बाहर बने नाले के ऊपर दुकानदारों की ओर से सामान रखकर अतिक्रमण किया गया था। उसे भी टीम के सदस्यों ने खाली कराया। अभियान में नवमी सिंह सहित नगर परिषद के कई कर्मी व महिला-पुरुष जवान आदि मौजूद थे। मालूम हो कि अतिक्रमण के कारण शहर में जाम की समस्या उत्पन्न हो रही थी। इससे बकरीद पर्व के दौरान अकीदतमंदों को परेशानी हो रही थी।

# बकरीद को ले जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

निज संवाददाता



**अरवल।** जिला पदाधिकारी अरवल के निदेशानुसार पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार भील की अध्यक्षता में ईद-उल जोहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आहूत की गई। बकरीद पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु सभी जन प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा शांति समिति के अवसर पर अपना अपना सुझाव दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्र के सभी पंचायतों में निरीक्षण कर संवेदनशील जगहों को चिन्हित करते हुए सौहार्दपूर्ण स्थिति को सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया। उनके द्वारा यह भी निदेशित किया गया कि पुलिस प्रशासन अलर्ट रहे, छोटे-छोटे बातों को लेकर साम्प्रदायिक विवाद होने की संभावना हो तो ऐसे स्थानों पर शीघ्र ही दोनो पक्षों से वार्ता स्थापित कर मामले को निस्पादित करें साथ ही अपने वरीय पदाधिकारियों को भी सूचित करें।

अपने-अपने क्षेत्रों के अंतर्गत सभी पदाधिकारी तत्पर रहे। बकरीद पर्व में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि असमाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर खास नजर रखी जा रही है। बकरीद पर्व जिले के लोग शांति, सद्भाव एवं भाईचारा के माहौल में मनाते आ रहे है तथा उसी माहौल में मनाया जायेगा। बैठक में लोगों के द्वारा मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, बिजली से जुड़ी समस्यायों से भी प्रशासन को अवगत कराया गया, जिसके आलोक में जिला प्रशासन द्वारा आश्वस्त किया गया की इस संबंध में कार्य प्रगति पर है और जल्द ही इन समस्यायों को ठीक कर दिया जायेगा। बैठक में उप विकाश आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी आदि थे।

# गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय का मनाया गया छठा स्थापना दिवस

निज संवाददाता





**जमुहार (रोहतास)।** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं राज्यसभा के पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह ने सभी मंचस्थ अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। माँ सरस्वती के वंदन एवं करतल ध्वनियों के साथ शानदार आगाज को अंजाम तक पहुंचाने के उद्देश्य से छठे स्थापना दिवस समारोह में 6 पाउंड का केक अतिथियों के द्वारा काटा गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी के रूप में मंचासीन अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुमार आलोक प्रताप ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने सभी आगत अतिथियों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अपनी ताकत बताते हुए एकेडमिक डायरेक्टर सुदीप कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की बदौलत यह संस्था है। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं कुलपति डॉक्टर एमके सिंह ने विश्वविद्यालय परिवार को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आप सबके लिए मैं हमेशा उपलब्ध हूं । जिनको भी समस्या हो बेहिचक कहें जिससे संस्था उत्तरोत्तर वृद्धि करती रहे। प्रोफेसर सिंह ने बताया कि अच्छी शिक्षा के लिए शारीरिक एवं सांस्कृतिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी जरूरी है जिसके लिए खेल एक महत्वपूर्ण जरिया है और इस ओर प्रयास किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक गोपाल नारायण सिंह ने विश्वविद्यालय परिवार को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि संस्था बिल्डिंग से नहीं बल्कि बच्चों शिक्षकों और सहयोगियों से बनता है । संस्था के सम्यक विकास में बच्चे, शिक्षक, सहयोगी एवं प्रबंधन सभी अपना सर्वश्रेष्ठ दें तब हम ऊंचे मुकाम पर जा पाएंगे जिसकी यात्रा सत्तर प्रतिशत पूरी हो चुकी है और सिर्फ तीस प्रतिशत ही शेष है। राजीव रंजन निदेशक, खेल एवं शारीरिक शिक्षा तथा डा संदीप कुमार मौर्य, नारायण इंस्टीट्यूट आफ एग्रीकल्चर साइंस ने विश्वविद्यालय के छात्र मुकेश कुमार द्वारा बनाए गए कुलाधिपति के तैल चित्र को कुलाधिपति को प्रस्तुत किया।कुलाधिपति ने छात्र की प्रतिभा से प्रभावित होकर विश्वविद्यालय में फाइन आर्ट्स को आरंभ करने की घोषणा की। इस अवसर पर कई रंगा-रंग कार्यक्रम एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी विभागों की छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में सभी संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागों के विभागाध्यक्ष एवं संस्थाओं के निदेशक के अलावे सहायक कुल सचिव मिथिलेश सिंह, मोनिका सिंह, निरूपमा सिंह समेत सभी विद्यार्थीगण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष डाक्टर कुमार अंशुमान ने किया।

# डॉ. संजय कुमार ने नौहट्टा डिग्री कॉलेज के प्राचार्य पद पर किया कार्यभार ग्रहण

निज संवाददाता



**नौहट्टा (रोहतास)।** सब डिविजनल डिग्री कॉलेज नौहट्टा में शुक्रवार को प्राचार्य के पद पर डा. संजय कुमार त्रिपाठी ने पदभार ग्रहण करने पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार चौबे, भाजपा नेता उज्जलव दुबे के साथ के साथ कॉलेज कर्मियों ने पुष्प गुच्छ और पुष्प माला से स्वागत किया। इस क्रम में जदयू अध्यक्ष श्री चौबे ने कहा कि इनके कार्यकाल में महाविद्यालय की व्यवस्था भवन से लेकर कर्मियों तक का नियुक्ति करार इन्होंने पठन-पाठन व्यवस्था को सुचारू रूप से चालू कराया साथ ही कॉलेज में शैक्षणिक माहौल बना। कॉलेज में सुदूर गांवों के छात्र-छात्राओं को इस कॉलेज में निःशुल्क शिक्षा मिलती है। महाविद्यालय पठन-पाठन की व्यवस्था इनके आने पर सुदृढ़ होगा। ऐसा अपेक्षा है। प्राचार्य डा. संजय त्रिपाठी ने कहा कि मैं इस कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य के रूप में 22 जुलाई 2019 को योगदान किया था और 11 जनवरी 23 तक प्राचार्य के रूप में कार्य किया। कोशिश होगी कि महाविद्यालय में छात्राओं को राज्य सरकार द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मिलने वाला अनुदान की राशि जो अभी तक नहीं मिलता था वह प्राप्त हो।

# सासाराम में बिजली की शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग, हजारों का नुकसान

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** शनिवार दोपहर सासाराम के राजपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार के चौक पर बिजली की शॉर्ट सर्किट से एक फुटपाथी दुकान में आग लग गई। इस घटना में दुकान में रखा हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग लगते ही दुकान को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे आसपास के दुकानदारों में भगदड़ मच गई। बगल के दुकानदार अपनी दुकानों का सामान बचाने में जुट गए। राजपुर थाना को आग की सूचना दी गई, लेकिन दमकल वाहन के पहुंचने तक दुकान पूरी तरह से जल चुकी थी। पीड़ित दुकानदार वीरेंद्र जायसवाल ने बताया कि वह कर्ज की पूंजी से फुटपाथ पर दुकान लगाकर परिवार का जीवन यापन करते हैं। उनके पास लगभग पचास हजार रुपए का उधारी में लिया हुआ आम और अन्य फल थे, जो आग में जल गए। दुकान बनाने में भी उनका दस हजार रुपए खर्च हुआ था, जो नष्ट हो गया। राजपुर की अंचलाधिकारी अंकिता वर्मा ने बताया कि दुकान में आग लगने की सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए आग बुझा दी गई है। शाम तक किसी पीड़ित द्वारा कार्यालय को आवेदन नहीं दिया गया था। उन्होंने कहा कि दुकान फुटपाथ पर होने के बावजूद, यदि पीड़ित आवेदन देते हैं तो मामले की गहनता से जांच कर रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजा जाएगा और नियमानुसार पीड़ित को मदद मिलेगी।


जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू
भारत का सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा
विशेष लोक अदालत 2024 का आयोजन
(दिनांक 29.07.2024—03.08.2024)

भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आपसी सहमति तथा समझौते के आधार पर मामलों का निपटारा किया जाएगा। सभी सम्बधित पक्षकारों, अधिवक्ताओं तथा सरकारी–गैरसरकारी प्रतिष्ठानों से अनुरोध है कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाये। विशेष लोक अदालत में सशरीर अथवा आभासी (Virtual) रूप से शामिल होकर समझौते की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

लोक अदालत के फायदे

+ त्वरित समझौता और विवादों का निपटारा
+ अंतिम और निष्पादन योग्य पुरस्कार
+ विवादों का लागत प्रभावी समाधान
+ कोर्ट फी की संपूर्ण वापसी

आप अपने निकटतम राज्य/जिला/तालुका कानूनी सेवा प्राधिकरण से भी संपर्क कर सकते हैं।
जानकारी वेबसाइट https://www.sci.gov.in/ पर उपलब्ध है।

सम्पर्क हेतु विवरण
श्री अर्पित श्रीवास्तव, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू, मो0 नं0– 8757269596
email-dlsapalamu123@gmail.com

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
पलामू।

PR 326592 District(24-25)D



**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar**

**E-Procurement very short Tender Notice**

**Tender Reference No. DWSD/LTR/SR-09/24-25(1st call)** **Date – 15.06.2024**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 20.06.2024 अपराहन 04:30 बजे तक। |
| 02 | निविदा प्राप्ति (आनॅ लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 26.06.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 03 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गर्वेनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक– 120 दि0– 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की तिथि | :– | 26.06.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 28.06.2024 अपरान 02:00 बजे तक। |
| 05 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | :– | कार्य0 अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Relocation of Defunct T/Well with 125mmx115mm Blue Casing Pipe & Installation of IM-II Hand Pump with 32mm G.I Riser Pipe & C. Rod Cylinder Platform & drain Under D W & S Div Latehar. | SR-01 | 19 | 1617470.00 | 33000 | 5000.00 | 02 Month |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

**Executive Engineer**
**D.W & S Division Latehar**

PR 326659 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D


## देवी मंदिर परिसर में लगी आग, अग्निशमन दल ने बुझाया

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** शहर के देवी जी रोड स्थित देवी मंदिर परिसर में शनिवार को आग लग गई। समझा जाता है कि चिंगारी से आग लगी है। स्थानीय दुकानदार व आमजनों ने बताया कि मंदिर परिसर में बांस एवं पेड़-पौधों के अलावा झाड़ियां भी बहुत हैं। शाम 4:00 बजे बांस में अचानक आग लग गई। आग की लपट तेजी से फैल रही थी। पास की दुकान की दीवार गर्म हो गई। दुकानदार दुकान छोड़ बाहर निकल आए। आसपास में अफरातफरी मच गई। दुकानदार विनोद कुमार ने कहा कि आग कैसे लगी इसकी जानकारी उसे नहीं हो पाई है। लेकिन, भीषण गर्मी के चलते बांस में घर्षण से आग लगी हो और उसकी चिंगारी इधर-उधर जाने से उसकी लपट फैली होगी। घटना की सूचना पर अग्निशमन दल पहुंचा और आग पर काबू पाने की कोशिश की। लेकिन, बड़े वाहन की पाइप ठीक नहीं होने से सफलता नहीं मिली।

# धरती पर माता-पिता से बढ़कर कोई भगवान नहीं : सोनू सिंह

निज संवाददाता



**डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास)।** स्थानीय कैनाल रोड स्थित मां शीला भवन में शनिवार को स्वर्गीय इंजीनियर ललन सिंह के पांचवी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजली दी गई। काफी संख्या में उपस्थित लोगों ने उनके तैल्य चित्र पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उनके पुत्र राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह और पूर्व जिला पार्षद नीतु सिंह ने कहा कि धरती पर माता पिता से बढ़कर कोई भगवान नहीं है। आज हमारे पास सबकुछ होते हुए भी माता पिता नहीं है। उनकी स्मृति में हम लोग अपने क्षेत्र में जितना बन सकता है जनकल्याण का काम करते आ रहे रहे हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे। माता पिता का आशीर्वाद बना रहे। उन्हीं के आशीर्वाद से यह कार्य़ पूर्ण हो पाता है। सोनू सिंह ने सभी आगत अतिथियों का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।

इसके अलावा क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को टैब देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उनके परिजन सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी पुरुषोत्तम त्रिवेदी, अकोढ़ीगोला बीडीओ अरुण कुमार, पुलिस निरीक्षक सह डेहरी थानाध्यक्ष शिवेंद्र ुमार, संजय सिंह बालाजी, प्रकाश गोस्वामी, हरेंद्र सिंह हरियाली, उत्तम सिंह, पंकज गुप्ता, अर्जुन केसरी, आनंद पाण्डेय,लोजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार पासवान, गोविंद गुप्ता, धर्मेंद्र पासवान, रीता देवी, आरती देवी, सुनीता देवी, गोपाल चौधरी, एंकर प्रकाश बाबा, गायक बिजेंद्र यादव, अक्षरा गुप्ता, मनीष ओझा, विकास पाण्डेय, रामायण, मेधनाथ, पूर्व जिला परिषद सरिता देवी, वीरेंद्र पासवान, रमेश सिंह, रंगु सिंह, आरती सिंह, माया सिंह, सौरभ सिंह, सुरुचि सिंह सतीश कुमार, मनोज अज्ञानी सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। विदित हो कि सोनू सिंह ने अपने पिता के पुण्यतिथि पर प्रति वर्ष कार्यक्रम आयोजित सामाजिक कार्यों को करते रहे हैं। इनके द्वारा अपने पिता के पुण्यतिथि पर जगजीवन महाविद्यालय में नवनिर्मित पुस्तकालय, पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम और इंजीनियर ललन सिंह की प्रतिमा का अनावरण कराया। इनके द्वारा अकोढ़ीगोला में सीसीटीवी, प्रेमनगर खेल मैदान और डेहरी श्मशान घाट पर सोलर लाइट लगवाया है। तथा डालमियानगर खेल मैदान में आठ चबुतरे का निर्माण सहित कई कार्यों को कराया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# संस्कृत में कॅरियर संभावनाएँ

**संस्कृत पुरानी इंडो-आर्यन की एक मानकीकृत बोली है, जो दूसरी सहस्राब्दी ईसा पूर्व में वैदिक संस्कृत के रूप में उत्पन्न हुई। सबसे पुरानी इंडो-यूरोपियन भाषा, जिसके लिए पर्याप्त लिखित दस्तावेज मौजूद हैं, संस्कृत इंडो-यूरोपियन अध्ययनों में एक प्रमुख स्थान रखती है। संस्कृत, हिंदू धर्म की प्राथमिक साहित्यिक भाषा है; हिंदू धर्म, सिख धर्म, बौद्ध धर्म और जैन धर्म की एक दार्शनिक भाषा; और एक साहित्यिक भाषा और प्राचीन और मध्ययुगीन भारत और नेपाल की भाषा। हिंदू और बौद्ध संस्कृति को दक्षिण-पूर्व एशिया और मध्य एशिया के कुछ हिस्सों में प्रसारित करने के कारण, प्रारंभिक मध्य युगीन काल के दौरान इनमें से कुछ क्षेत्रों में उच्च संस्कृति की भाषा भी थी। भारत की सबसे पुरानी भाषा जिसे देवभाषा भी कहा जाता है, वह संस्कृत है।**

संस्कृत पुरानी इंडो–आर्यन की एक मानकीकृत बोली है, जो दूसरी सहस्राब्दी ईसा पूर्व में वैदिक संस्कृत के रूप में उत्पन्न हुई। सबसे पुरानी इंडो–यूरोपियन भाषा, जिसके लिए पर्याप्त लिखित दस्तावेज मौजूद हैं, संस्कृत इंडो–यूरोपियन अध्ययनों में एक प्रमुख स्थान रखती है। संस्कृत साहित्य में कविता और नाटक के साथ–साथ वैज्ञानिक, तकनीकी, दार्शनिक और धार्मिक ग्रंथों की एक समृद्ध परंपरा शामिल है। संस्कृत को पिछले 3,500 वर्षों से पढ़ाया जा रहा है और इसकी विरासत भारत की सच्ची संस्कृति को समृद्ध करते हुए लंबे समय से जारी है। माना जाता है कि सबसे पुरानी इंडो–यूरोपियन भाषाओं में से एक, जिसके लिए पर्याप्त लिखित दस्तावेज मौजूद हैं, संस्कृत तेजी से आम लोगों के बीच एक लोकप्रिय भाषा विकल्प बन रही है।

## संस्कृत में उच्च शिक्षा के लिए यूनिवर्सिटी और कोर्सेज

भारत में संस्कृत पाठ्यक्रमों में नामांकन दर्ज करने वालों की संख्या में वृद्धि हो रही है और कई छात्र विभिन्न शास्त्री पाठ्यक्रमों के साथ–साथ विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पेश किए जाने वाले शिक्षा शास्त्र और शिक्षा आचार्य पाठ्यक्रमों को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। तो, अगर आप भी संस्कृत में कोई कोर्स करना चाहते हैं तो आप संस्कृत विश्वविद्यालयों की सूची देख सकते हैं, जिन्हें यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त है :

- कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा
- कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय, बेंगलुरु
- कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्व विद्यालय, नागपुर
- कुमार भास्कर वर्मा संस्कृत और प्राचीन अध्ययन विश्वविद्यालय, नलबाड़ी, असम
- महर्षि महेश योगी वैदिक विश्व विद्यालय
- सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्व विद्यालय, वाराणसी
- श्री शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय, इर्नाकुलम
- श्री सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, गुजरात
- उत्तराखंड संस्कृत विश्व विद्यालय, हरिद्वार

लगभग इन सभी जगहों पर बीए, एमए, बीएड, पीजी डिप्लोमा और पीएचडी प्रोग्राम ऑफर किये जाते हैं और शास्त्री, आचार्य, शिक्षा शास्त्री, शिक्षा आचार्य, संयुक्ताचार्य (एकीकृत), योग विज्ञान शास्त्री, योग विज्ञान आचार्य, विद्यानिधि, विद्यानिधि (पीएचडी के समकक्ष), विद्यावाचस्पति, ज्योतिष शास्त्र में सर्टिफिकेट / डिप्लोमा इत्यादि कोर्सेज उपलब्ध हैं।



# फिजियोथैरिपी कोर्स कर करियर को दें नई उड़ान

**12वीं के बाद अपनी रुचि अनुसार छात्र बेल्थ केयर सेक्टर में अपना करियर बना सकते हैं। इस आर्टिकल में हम आपको टॉप कॉलेज, एडमिशन और फीस आदि के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इस क़ॉलेज से यह कोर्स कर आप अपने करियर को नई ऊंचाई दे सकते हैं।**

12वीं कक्षा के छात्र मेडिकल और पैरामेडिकल कोर्सेस के बारे में इंटरनेट से जानकारी हासिल करते हैं। छात्र हेल्थ केयर सेक्टर में अपनी रूचि और इच्छा के अनुसार करियर बनाने का सपना लेकर आते हैं। वहीं कोरोना महामारी के दौरान हेल्थ केयर सेक्टर में शामिल लोगों ने जिस तरह से दिन–रात लोगों के लिए काम किया और अपनी ड्यूटी की, उसे कोई भुला नहीं सकता है। सेवा के इसी भाव से और अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए कई छात्र मेडिकल व पैरामेडिकल के क्षेत्र में करियर बनाने का सपना देखते हैं। दिल्ली के टॉप पैरामेडिकल के कोर्स बैचलर ऑफ फिजियोथैरपी कॉलेज, जहां पर छात्र फिजिकल थैरेपिस्ट या फिजियोथैरेपी बनने का अपना सपना पूरा कर सकते हैं। इन टॉप संस्थानों से यह कोर्स पूरा करने के बाद छात्र किसी भी प्राइवेट और सरकारी अस्पताल या क्लीनिक आदि में नौकरी पा सकते हैं। इस क्षेत्र में शुरूआत में आप 3 से 4 लाख रुपये का वेतन प्राप्त कर सकते हैं।

## क्या है बीपीटी

बीपीटी को बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी कहा जाता है। बता दें कि यह एक अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम है। इस कोर्स की अवधि 4 साल की होती है। यह कोर्स मानव संरचना से संबंधित जैसे पोस्ट फैक्चर दर्द, मूवमेंट के लिए एक्सरसाइस और शारीरिक दर्दों से निजात दिलाने में सहायक होती है।

## बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी के लिए योग्यता

- 12वीं सांइस स्ट्रीम से पास होना अनिवार्य है।
- पीसीबी के सब्जेक्ट पढ़ा होना अनिवार्य है।
- अंग्रेजी का ज्ञान होना जरूरी है।
- इसके अलावा 12वीं में कम से कम 50% अंक होना चाहिए।
- आरक्षित श्रेणी के छात्रों को 5% की छूट प्राप्त है।
- इस कोर्स में प्रवेश लेने के लिए न्यूनतम आयु 17 साल होनी चाहिए।

## प्रवेश परीक्षा

इस कोर्स को करने के लिए छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होना जरूरी है। कुछ संस्थानों में एडमिशन परीक्षा के आधार पर होता है तो वहीं कुछ संस्थान डायरेक्ट एडमिशन देते हैं।

## संस्थान

- आईपीयू सीईटी
- वीईई
- बीसीईसीई
- एलपीयूएनईएसटी
- आईईएमजीई



## बीपीटी कॉलेज की लिस्ट

वैसे तो भारत में 200 अधिक कॉलेज बीपीटी का कोर्स ऑफर करते हैं। इनमें से 80न्न कॉलेज प्राइवेट हैं। यहां हम आपको बेस्ट बीपीट कॉलेज के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां से आप यह कोर्स कर सकते हैं।

- जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली – 135,000 रुपये फीस
- केआर मंगलम यूनिवर्सिटी, गुड़गांव – 115,000 फीस
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू), नई दिल्ली – 93,100 रुपये
- जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय (जेएमआई), नई दिल्ली – 21,800 रुपये
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा – 116,000 रुपये
- हमदर्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च (एचआईएमएसआर), नई दिल्ली – 264,500 रुपये
- पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस), रोहतक – 12,395 रुपये (प्रथम वर्ष फीस)
- गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुड़गांव – 40,000 रुपये
- गलगोटिया विश्वविद्यालय – 75,000 रुपये
- डीपीएसआरयू – 56,000 रुपये



# 12वीं में मिले हैं कम नंबर तो ये हैं आपके लिए 5 बेस्ट ऑप्शन

**इस वक्त लगभग सभी बोर्ड की तरफ से 12वीं के रिजल्ट की घोषणा कर दी गई है। कुछ छात्रों के बहुत अच्छे नंबर आए हैं तो कुछ के थोड़ा कम अंक मिले हैं। जिन छात्रों को थोड़ा कम अंक मिले हैं, वे थोड़ा परेशान हैं कि वे करियर किस क्षेत्र में बनाए ऐसे छात्रों को लिए हम यहां पर 5 ऐसे ऑप्शन बता रहे हैं जिसकी मदद से वे शानदार करियर बना सकते हैं**

## फैशन डिजाइनिंग

12वीं में कम अंक पाने वाले छात्र फैशन डिजाइनिंग में करियर बना सकते हैं। आद के दौर में इस कोर्स को करने वाले छात्रों की बहुत ज्यादा डिमांड है। ऐसे में छात्र फैशन डिजाइनिंग का कोर्स किसी भी यूनिवर्सिटी या फिर इंस्टीट्यूट से कर सकते हैं। इसके अलावा छात्र NIFT से भी यह कोर्स कर सकते हैं। कोर्स करने के बाद छात्रों का आसानी से प्लेसमेंट भी हो जाता है।

## फोटोग्राफी

12वीं में कम अंक हैं और फोटोग्राफी में इंटरेस्ट है तो छात्र फोटोग्राफी या फिर सिनेमाटोग्राफी का कोर्स करके करियर बना सकते हैं। कोर्स करने के बाद छात्र वीडियोग्राफी, मॉडल फोटो शूट, एड शूट आदि के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं।

## स्पोर्ट्स में करियर

अगर आप किसी भी स्पोर्ट्स में अच्छे हैं तो स्पोर्ट्स में भी करियर बना सकते हैं। इसके लिए आप बीपीएड, एमपीएड का कोर्स भी कर सकते हैं। बहुत से अभ्यर्थियों को इसी कोटे के आधार पर सरकारी नौकरी भी आसानी से मिल जाती है।

## मास कम्युनिकेशन और मीडिया

छात्र मास कम्युनिकेशन में भी करियर बना सकते हैं। इसके लिए वे IIMC में एडमिशन ले सकते हैं। इसके अलावा भी कई अन्य मीडिया के संस्थान हैं, जहां से छात्र मास कम्युनिकेशन करके करियर बना सकते हैं।

## सिविल सर्विसेज या स्टेट सर्विसेज की तैयारी

अगर छात्रों के ज्यादा अच्छे अंक नहीं आए हैं तो उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। क्योंकि संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विसेज की परीक्षा या फिर स्टेट सर्विसेज की परीक्षा में बैठने के लिए 55 प्रतिशत अंक जरूरी होते हैं। ऐसे में छात्र खुद को टाइम देकर इन परीक्षाओं की भी तैयारी कर सकते हैं। इसके लिए वे कोचिंग का भी सहारा ले सकते हैं। तैयारी अच्छी होने पर छात्रों का आसानी से चयन हो जाएगा।





**12वीं के बाद छात्रों के सामने कॅरियर को लेकर कई तरह की कंफ्यूजन होती है। हालांकि 12वीं के बाद अपने कॅरियर ऑप्शन के बारे में पता होना चाहिए। ऐसे में छात्र बीबीए यानी की बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन का कोर्स कर सकते हैं।**

# 12वीं के बाद करें बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन का कोर्स

12वीं के बाद छात्रों के सामने अपने कॅरियर को लेकर काफी कंफ्यूजन रहते है। छात्रों को कंफ्यूजन होती है कि 12वीं के बाद उनके लिए कौन सा कोर्स बेस्ट रहेगा। कौन से कोर्स में वह अपना बढ़िया कॅरियर बना सकते हैं। हालांकि छात्रों को पता होना चाहिए कि 12वीं के बाद उनके पास कौन–कौन से कॅरियर ऑप्शन होते हैं। इन्हीं कोर्सों में से एक बीबीए है। बीबीए यानी की बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन तीन साल के ग्रेजुएशन स्तर की डिग्री है। 12वीं पास करने के बाद छात्र बीबीए का कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स में छात्रों को बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन से संबंधित चीजें सिखाई व बताई जाती हैं।

## बीबीए क्वालिफिकेशन

जो भी छात्र बीबीए कोर्स में एडमिशन लेना चाहते हैं, उनको किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या स्कूल से 12वीं उसके समकक्ष एग्जाम पास होना आवश्यक है। वहीं कोर्स में एडमिशन लेने के लिए छात्र के कम से कम 50 प्रतिशत अंक होना जरूरी है।

## ऐसे लें बीबीए में एडमिशन

सभी कॉलेजों में बीबीए कोर्स में एडमिशन लेने की प्रक्रिया अलग–अलग होती है। वहीं कुछ कॉलेजों में मेरिट के आधार पर इस कोर्स में एडमिशन दिया जाता है। वहीं कुछ कॉलेजों में विश्वविद्यालय, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है।

## बीबीए कोर्स

बीबीए कोर्स विभिन्न स्पेशलाइजेशन में अपनी डिग्री प्रदान करता है। हालांकि यह छात्र पर पूरी तरह से निर्भर करता है कि वह बीबीए डिग्री पूरी किस स्पेशलाइजेशन के साथ करना चाहते हैं।

- बीबीए इन फाइनेंस
- बीबीए इन टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट
- बीबीए इन टूर एंड ट्रेवल मैनेजमेंट
- बीबीए इन बिजनेस एनालिटिक्स
- बीबीए इन एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट
- बीबीए इन सप्लाई चैन मैनेजमेंट
- बीबीए इन बैंकिंग एंड इंश्योरेंश
- बीबीए इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट
- बीबीए इन हॉस्पिटल मैनेजमेंट
- बीबीए इन कम्युनिकेशन मैनेजमेंट
- बीबीए इन एयर ट्रैवल मैनेजमेंट
- बीबीए इन लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट
- बीबीए इन कंप्यूटर एप्लीकेशन
- बीबीए इन ऑपरेशन्स मैनेजमेंट
- बीबीए इन डिजिटल मार्केटिंग
- बीबीए इन इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
- बीबीए इन इंटरनेशनल बिजनेस
- बीबीए इन इवेंट मैनेजमेंट
- बीबीए इन एंटरप्रन्योरशिप
- बीबीए इन मीडिया मैनेजमेंट
- बीबीए इन रिस्क मैनेजमेंट
- बीबीए इन ई–कॉमर्स
- बीबीए इन अकाउंटिंग
- बीबीए इन फॉरेन ट्रेड
- बीबीए इन इंश्योरेंस
- बीबीए इन मार्केटिंग
- बीबीए इन बैंकिंग
- बीबीए इन टूरिज्म
- बीबीए इन मैनेजमेंट

## संक्षिप्त समाचार

### नक्सलियों ने युवक की गोली मार की हत्या



**गया।** गया में गुरुवार की रात नक्सलियों ने युवक की गोली मार हत्या कर दी। कनपटी और पंजरे में बुलेट लगी है। वारदात को अंजाम देने बाद 10 की संख्या में आए नक्सली इंकलाब जिंदाबाद, एमसीसी जिंदाबाद का नारा लगाते हुए फरार हो गए। मृतक कमल बिगहा के हीरा यादव (45) हैं। जो सोने की तैयारी कर रहे थे। तभी हमला हुआ। हीरा नक्सली के हार्डकोर कमेटी का सदस्य था। करीब एक साल पहले उसे संगठन से निकाल दिया गया था। मौके पर कोंच पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज भेजा। घटना कोंच थाना क्षेत्र की है। सूत्रों के अनुसार जब हीरा यादव उर्फ जितेन्द्र यादव जब संगठन में थे तो कुरमावां टोला मुसहरी बिगहा के पास किसी किसान की प्रतिबंधित जमीन का एग्रीमेंट करा कर बेच रहा था। जिसके बाद नक्सलियों ने कोंच की कई प्रतिबंधित जमीन की बिक्री पर पर्चा साटकर रोक लगा दिया था। इस बीच हीरा को संगठन से निकाल दिया गया था। रोक के बावजूद हीरा प्रतिबंधित जमीन को बेच रहा था। इस कारण नक्सलियों ने वारदात को अंजाम दिया। मृतक के तीन पुत्र और एक बेटी है। कोंच थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि हत्या का कारण का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल परिजनों ने प्राथमिकी के लिए आवेदन नहीं दिया है। पुलिस की कार्रवाई चल रही है।

### हिरण्य पर्वत के तलहटी में 15 दिनों से जल संकट, रिस रहे पानी को इकट्ठा कर बुझा रहे प्यास



**नालंदा।** बिहार शरीफ स्थित हिरण्य पर्वत पर पिछले 15 दिन से पहाड़ के उत्तरी छोर पर जल संकट की समस्या है। पहाड़ की तलहटी में बसे मंसूर नगर, पर्वत पर बने पार्क और हिरण्येश्वर धाम की श्री बजरंग वाटिका में बिन पानी पौधे मुरझा रहे हैं। तकनीकी खामीयों के कारण पर्वत पर बनी जलमीनार तक पानी ही नहीं पहुंच रहा है। हिरण्य पर्वत पर जलमीनार में पानी भरने के लिए पाइप लगा हुआ है। मेन पाइप में पानी लीकेज है। जिससे बर्तन में इकट्ठा कर तलहट्टी में बसे लोग अपनी प्यास बुझा रहे हैं। हालांकि इस पूरी प्रक्रिया में लोगों को काफी परेशानी हो रही है। समय के साथ अच्छी खासी दूरी भी तय करनी पड़ रही है। हिरण्य पर्वत पर बजरंग वाटिका जहां बिन पानी के पौधे सूख रहे हैं। इतना ही नहीं आसपास के पौधों को भी काफी नुकसान हो रहा है। हिरण्य पर्वत पर हिरण्येश्वर धाम है जहां मंदिर बनी हुई है। हर दिन दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु पूजा-पाठ के लिए यहां पहुंचते हैं। लेकिन उन्हें मंदिर में प्रवेश से पहले पानी नसीब नहीं हो रहा है। पुजारी गनी यादव बताते हैं कि पिछले 15-20 दिनों से पानी की समस्या बनी हुई है। पूजा-पाठ करने के लिए आने वाले श्रद्धालु को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निगम के अधिकारी बस आश्वासन ही दे रहे हैं। समरसेबल चलती है लेकिन मंदिर तक पानी नहीं पहुंच रहा है। तलहट्टी निवासी मुन्नी देवी और विजय प्रसाद ने बताया कि घर तक पानी का पाइप जरूर पहुंचा हुआ है। लेकिन पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। जिसके कारण आधे से ज्यादा समय पानी की व्यवस्था करने में ही चली जाती है। पहाड़ के एक छोड़ से दूसरे छोड़ पर जाकर पानी लाना पड़ता है। वह भी सुबह शाम ही पानी की सप्लाई होती है। बिहार शरीफ नगर निगम के सिटी मैनेजर विनय कुमार रंजन ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। पता लगाकर जल्द ही जल संकट की समस्या दूर की जाएगी।

### इस वर्ष जैविक खेती के लिए किसानों को 6500 रु. एकड़ की दर से अग्रिम अनुदान

**नालंदा।** बामेती में राज्यस्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने किया। अध्यक्षता कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने की। इसमें सोशल मीडिया के लिए कृषि विभाग के मैस्कॉट किसान चाचा और किसान चाची का लोकार्पण किया गया। कार्यशाला में कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में फसलों के उत्पादन का आकलन बिहान एप से किया जा रहा है। इस वर्ष 36.54 लाख हेक्टेयर में धान, 2.93 लाख हेक्टेयर में मक्का, 0.56 लाख हेक्टेयर में अरहर, 0.17 लाख हेक्टेयर में मूंग जबकि मोटे अनाज में 0.15 लाख हेक्टेयर में बाजरा, 0.16 लाख हेक्टेयर में ज्वार, 0.29 लाख हेक्टेयर में मड़ुआ



और 0.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में अन्य दलहन के उत्पादन का लक्ष्य है। धान के लिए 3.65 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बिचड़ा गिराने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना के तहत किसानों को 5069.52 क्विंटल धान का बीज 90 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य बीज निगम किसानों से बीज के लिए ऑनलाइन आवेदन ले रहा है, जिसमें होम डिलीवरी भी शामिल है। किसानों को समय से व उचित मूल्य पर उर्वरक आपूर्ति के लिए जीरो टॉलरेंस नीति का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। जैविक कोरिडोर योजना के तहत गंगा के किनारे 13 जिलों पटना, नालंदा, बक्सर, भोजपुर, वैशाली, सारण, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, भागलपुर, मुंगेर, कटिहार एवं खगड़िया में जैविक खेती की जा रही है। इस वित्तीय वर्ष में 19574 एकड़ में जैविक खेती करने के लिए किसानों को 6,500 रुपए प्रति एकड़ की दर से अग्रिम अनुदान दिया जाएगा। एक किसान अधिकतम 2.5 एकड़ के लिए इस अनुदान का लाभ ले सकता है। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में खरीफ फसल के बेहतर उत्पादन के लिए भूमि एवं जल संरक्षण संबंधी योजनाओं का कार्यान्वयन किया जायेगा। सात निश्चय-2 के तहत हर खेत तक सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने के लिए छोटी-छोटी नदियों से निकलने वाले नाले पर 30 फीट तक का 212 पक्का चेक डैम बनाया जाएगा। जहां चेक डैम नहीं बनेगा, वहां तालाब एवं कूप निर्माण की योजना चलाई जाएगी। इसके लिए 207 तालाब एवं 100 कूप निर्माण की योजना अलग से स्वीकृत की जा रही है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत 5792 जल संग्रहण संरचनाओं का प्रबंधन किया जाएगा, जिस पर 200 करोड़ का व्यय संभावित है। सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि कार्यशाला के बाद गांवों में किसान चौपाल लगाया जाएगा। कार्यशाला में कृषि निदेशक मुकेश कुमार लाल, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, अपर सचिव शैलेन्द्र कुमार, संयुक्त निदेशक मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

# बजाज कैपिटल के दफ्तर में शॉर्ट-सर्किट से लगी आग, दमकल की तीन गाड़ियों ने पाया काबू

◆ बिल्डिंग के टॉप फ्लोर से निकला धुआं

निज संवाददाता। गया





गया शहर के गेवाल बिगहा मोड़ के पास निर्वाण भवन के टॉप फ्लोर में सुबह आग लग गई। ऊपरी मंजिल पर बजाज कैपिटल का ऑफिस है। उसी दफ्तर में अगलगी की घटना हुई है। घटना की वजह शॉर्ट-सर्किट बताई जा रही है। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की तीन तीन गाड़ियां लगी थी। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया है पर अब भी किसी न किसी कोने से धुआं उठ रहा है। घटना सुबह की बताई जा रही है।

**सफाईकर्मियों ने दी सूचना:** बजाज कैपिटल के ब्रांच मैनेजर साकेत कुमार ने बताया कि सुबह के समय सफाईकर्मी ऑफिस की सफाई के लिए आए थे। उन्होंने दफ्तर के अंदर से धुंआ और आग की लपटें निकलती हुई देखी तो हमें सूचना दी। मौके पर पहुंचा तो देखा दफ्तर में आग लगी है। इस बीच आसपास के लोगों ने सूचना फायर ब्रिगेड को दे दी। मौके पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

**नुकसान का होगा आकलन:** बताया कि अभी आग बुझाई गई है। क्या-क्या नुकसान हुआ है। इस बात की जानकारी दफ्तर के अंदर जाने के बाद ही विस्तार से मिल सकेगी। फिलहाल फायर ब्रिगेड की टीम किसी को अंदर नहीं जाने दे रही। आग शॉर्ट-सर्किट से लगी है। क्योंकि बिजली के पोल से जो वायर अंदर गया है और वहीं से आग लगने की बात बताई जा रही है। फायर अधिकारी अर्जुन कुमार ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। अब केवल चेकिंग के काम चल रहा है। फिलहाल बजाज कैपिटल की ओर डिटेल जानकारी नहीं दी गई है।

## फूस के तीन घरों में लगी आग, सामान राख

निज संवाददाता। गया



गया के बोधगया थाना क्षेत्र के रतिबीघा में शुक्रवार को देर रात 3 घरों में आग लग गई। किसी प्रकार की हताहत होने की सूचना नहीं है। अगलगी की घटना फूस की झोपड़ी वाले घरों में हुई है। मिट्टी और पुवाल से तीन घर बने थे। जब आग लगी तो घर के लोगों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। पर घर के कीमती सामान राख हो गए। गांव के लोगों का कहना है कि आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने की बहुत कोशिश की पर वे सफल नहीं हुए। फूस में लगी आग भयावह हो गई थी। भीषण आग के पास कोई भी ग्रामीण पहुंचने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। देखते ही देखते तीन घर जल गए। ग्रामीणों ने अगलगी की घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। घटना की सूचना मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। समय से फायर ब्रिगेड की टीम नहीं पहुंचती तो आसपास के घरों में भी आग लग जाती।

**घर में वायरिंग ठीक से नहीं थी:** अगलगी रतिबीघा के रहने वाले बलमा मांझी, भिंडी पासवान और सुरेंद्र मांझी के घर में हुई है। बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार के घरों में रखे अनाज, कपड़े और नगदी के साथ जरूरी कागजात जलकर राख हो गए। हालांकि आग कैसे लगी अभी तक पता नहीं चल पाया है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि शॉर्ट-सर्किट से आग लगी, क्योंकि तीनों घरों में लूज वायरिंग का जाल पसरा था। घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन को भी दी गई है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया था। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हम की जांच समिति ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, नौ दिन पहले युवक के काटे गए थे हाथ

निज संवाददाता। गया

**कहा- दोषियों को कठोर सजा मिलनी चाहिए**



गया के टिकारी थाना क्षेत्र के चिरैला में 5 जून को जमीन विवाद में एक युवक का तलवार से हाथ काटे जाने के मामले में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा की एक टीम मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची और विस्तृत रूप से घटना की जानकारी ली। हम के प्रतिनिधियों का कहना है कि कुछ लोग जानबूझ कर इस घटना को जातीय रंग देना चाहते हैं। सामाजिक सौहार्द को दूषित करने का प्रयास कर रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ई. नंदलाल मांझी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल अस्पताल में संजय मांझी और उनके परिजनों से मिला और जख्मी युवक के बेहतर इलाज के लिए अस्पताल अधीक्षक से मुलाकात की। साथ ही पीड़ित को हम पार्टी की ओर से आर्थिक सहायता भी दी गई।

**चिरौली गांव के रहने वाले संजय के दोनों हाथ काटे थे:** मालूम हो कि चिरौली गांव के रहने वाले संजय मांझी को बगल के ही बाली पांडे पिंटू पांडे, टिंकू पांडे और अन्य ने धारदार हथियार से हमला कर उसके दोनों हाथ काट दिए थे। इस घटना के पीछे भूमि विवाद उभर कर सामने आ रहा है। साथ ही पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि इस तरह के कांड को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। समाज के सबसे अंतिम पायदान पर रहने वाले गरीब मांझी मुसहर भुईया परिवार के साथ अगर इस तरह का अत्याचार किया जाएगा तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**संबंधित पुलिस पदाधिकारी से बात की:** सभ्य समाज में इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए। हम लोगों ने इसके लिए संबंधित पुलिस पदाधिकारी से बात की है। इस तरह के कृत में शामिल सभी लोगों को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए। साथ ही उनके आश्रित को सरकारी मुआवजा और सरकारी प्रावधान के अनुसार उचित सहायता की जाएगी। पार्टी इसके लिए तत्पर है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता शिक्षा सेवक संघ के जिला अध्यक्ष सुरेश राम मांझी, पवन कुमार मांझी, पंकज मांझी, पंकज मांझी, प्रखड उपाध्यक्ष कंचन मांझी, अरविंद शर्मा, संजय मांझी, सावित्री देवी, निरंजन मांझी सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## घर में घुस 10 लाख की चोरी, बाहर से दरवाजे को बंद किया

निज संवाददाता। गया



◆ सीसीटीवी में दिखे चोर

गया शहर में इन दिनों चोरी की घटना में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ताजा मामला शहर के विष्णुपद थाना क्षेत्र का है। बीती रात को 1 बजकर 40 मिनट पर बेखौफ चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। 10 लाख की संपत्ति पर हाथ साफ कर भाग निकले। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दरसअल, पूरा मामला विष्णुपद थाना क्षेत्र के गोवर्धन बिहार का है। अनूप नारायण और उनकी पत्नी अपने कमरे में सो रहे थे। रात करीब 2 बजे उनकी पत्नी की नींद खुली तो उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद किया हुआ था। इसके बाद पत्नी ने किराएदार को फोन किया तो उसका भी दरवाजा बंद था। इसके बाद पड़ोसी को फोन किया।

**पड़ोसी ने खोला दरवाजा:** पड़ोसी के दो पुत्र दीवार से कूद कर दरवाजा खोला। फिर कमरे से बाहर आए तो पीछे की तरफ की सीढ़ी में लगा ताला गायब था। उनके बेटे के कमरे का दरवाजा खुला था। वहां अलमारी का ताला तोड़कर लॉकर का सारा सामान गायब था। पीड़ित परिवार ने बताया कि करीब 10 लाख की संपत्ति की चोरी हुई है। चोरी की वारदात की अंजाम देने आए दो चोरों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसकी लिखित शिकायत पीड़ित परिवार ने विष्णुपद थाने में देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## हथियार और कारतूस के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो बदमाशों को सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और कारतूस के साथ पकड़ा गया। डीएसपी संजय कुमार जायसवाल ने कहा कि शुक्रवार रात ओपी पुलिस भागन बीघा चौराहा के पास वाहन जांच कर रही थी। इसी बीच एक बाइक पर दो युवक पहुंचे। जो बिहार शरीफ की तरफ से आ रहे थे। वे पुलिस को देखकर भागने लगे। संदेह के आधार पर उन्हें खदेड़ कर पकड़ा गया। डीएसपी ने कहा कि दोनों की तलाशी ली गई तो एक के पास हथियार और पांच कारतूस बरामद किया गया। दूसरे व्यक्ति के पास एक मैगजीन बरामद हुई। जिसके अंदर कुल 15 गोलियां लोड थी।

इनके पास से दो मोबाइल और बाइक भी बरामद हुई। जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया और थाने लाया गया। पूछताछ में युवक ने कहा कि सेल्फ डिफेंस के लिए पिस्टल लेकर चलते हैं। भागन बीघा ओपी प्रभारी पंकज कुमार पवन ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पटना जिला के बेलछी थाना क्षेत्र अंतर्गत रासबाग निवासी अशोक कुमार का पुत्र पंकज कुमार और बाढ़ थाना क्षेत्र के रहीमा गांव निवासी स्वर्गीय गजाधर प्रसाद का पुत्र अजीत कुमार है।

## संदिग्ध स्थिति में महिला की मौत, सभी सदस्य छत पर सो रहे थे, नीचे कमरे में विवाहिता के ऊपर गिरा था पंखा

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में सन्दिग्ध स्थिति में रविवार को एक महिला की मौत हो गई। मामला एकंगरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत धुरगांव गांव का है। मृतका की पहचान धुरगांव गांव निवासी आदर्श कुमार की (22) वर्षीय पत्नी सुधा देवी के रूप में की गई है। सुधा देवी के ससुर मिथलेश साव ने बताया कि बीती रात खाना खाने के बाद सभी लोग छत पर सो रहे थे। इसी बीच उनके बहू नीचे कमरे में सोने चली गई। देर रात जब पोती रोने लगी तो पुत्रवधू को आवाज लगाई। जब किसी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं मिली तो वह छत से नीचे उतरे। देखा कि सीलिंग फैन टूटकर उनके पुत्रवधू पर गिरा हुआ है। पंखे का ब्लेड गर्दन में लगने के कारण उनकी मौत हो चुकी थी। सालभर पूर्व ही गया जिला निवासी सुधा देवी की शादी आदर्श कुमार के साथ हुई थी। 3 महीने की बच्ची भी है। युवक राजमिस्त्री का काम करता है।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार:** एकंगरसराय थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि घर में एक महिला के ऊपर पंखा गिर गया है। जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

पुलिस सूचना के उपरांत तत्काल मौके पर पहुंची जहां प्रथम दृष्टिया जांच में यह बात सामने आई कि महिला के गले में काला निशान था। या तो किसी ने उसका गला दबाया या फिर फंदे से लटकाया। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## शहर की सड़कों पर होगा पानी का छिड़काव, शहर के सरोवरों का सौंदर्यीकरण

निज संवाददाता। गया



गया के नगर निगम के सभागार कक्ष में शुक्रवार को मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की बैठक हुई। बैठक का संचालन समिति के सदस्य अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने किया। बैठक में भीषण गर्मी को देखते हुए शहर की सड़कों पर पानी के फुहारे और छिड़काव का निर्णय लिया गया। मेयर ने कहा कि इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी से शहरवासी परेशान हैं। ऐसे में शहर की सड़कों पर मशीन से पानी का छिड़काव किया जाएगा। इससे लोगों को गर्मी से कुछ हद तक निजात मिलेगी। क्योंकि दोपहर में सड़कें तेज धूप में तवे की तरह तप रही है। राहगीरों को सड़क पर चलने में काफी परेशानी हो रही है। परेशानी को दूर करने के लिए मशीन से दो पाली में पानी का छिड़काव किया जाएगा। वहीं खराब पड़े चापकाल, मिनी जलापूर्ति केंद्र एवं प्याऊ का दुरुस्त किया जाएगा। इससे लोगों को शीतल जल मिल सके। बैठक में डिप्टी मेयर चिंता देवी, नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा, मनोज कुमार, विनोद कुमार यादव, चुन्नू खान, स्वर्णलता वर्मा, तब्सूम परवीन सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

**सरोवरों का होगा सौंदर्यीकरण:** सशक्त स्थायी समिति की बैठक में शहर में स्थित सरोवरों को सौंदर्यीकरण को लेकर निर्णय लिया गया है। मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि जल जीवन हरियाली के तहत शहर के विभिन्न तालाबों का सौंदर्यीकरण शीघ्र पूरा किया जाएगा।

◆ पटना नगर निगम की तर्ज पर होगी विशेष सफाई

इनमें घुघड़ीताड़ पोखर, सरजू तालाब, बटेश्वर महादेव, गदालोल तालाब, सूर्य पोखरा मानपुर, खरखुरा बलुआई तालाब, लाल बाबा तालाब, पातालगंगा, बिसार तालाब, काली पोखरा, सावित्री कटारी हिल तालाब, गेबाल बिगहा बथान तालाब, सिंगरा स्थान तालाब सहित अन्य शामिल हैं। सरोवरों की उड़ाही, सफाई के साथ पाथ-वे, बाउंड्री, लाइट आदि की व्यवस्था की जाएगी।

**जीबी रोड और केपी रोड में लगेगा तिरंगा रोप लाइट:** शहर में प्रधान सड़क जीबी रोड और केपी रोड में तिरंगा रोप लाइट लगाने का निर्णय लिया गया। सड़क किनारे लगे सभी बिजली के पोल पर रोप लाइट बहुत जल्द ही जलेगी। इससे रात में शहर एक अलग लुक में दिखाई पड़ेगा।

**सदन में जल संकट को लेकर बुडको को लगा फटकार:** सदन में बुडको के पदाधिकारियों को मेयर और सशक्त स्थायी के सदस्य मोहन श्रीवास्तव और चून्नू खान ने जमकर फटकार लगाई। कहा कि जलापूर्ति को लेकर शहर में बुडको गंभीर नहीं है। पानी को लेकर शहर के लोग भीषण गर्मी में परेशान हैं, लेकिन पदाधिकारी गहरी नींद में है। अगर यह स्थित रही तो बुडको को राशि देना बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वार्ड-7 पंचयतिया आखड़ा, वार्ड-34 के पुलिस लाइन, डेल्हा, नई गोदाम, रमना रोड सहित अन्य मुहल्ले जल संकट से गुजर रहे है। इन क्षेत्रों में शीघ्र पेयजल संकट को दूर करने का निर्देश दिया गया है।

**सीएनजी वाहन से होगी कचरे की ढुलाई:** सदन में नगर आयुक्त ने कहा कि शहर के सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा। कचरे की ढुलाई अब सीएनजी वाहन से होगा। वहीं, नाले की सफाई से संबंधित सदन में जानकारी देते हुए बताया कि शहर में 80 प्रतिशत नाले की सफाई कार्य पूरा हो गया है। अधिकारियों को मॉनसून से पूर्व शेष कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

**आउटसोर्स से होगी सफाई:** सदन में साफ-सफाई पर विशेष चर्चा के दौरान समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि शहर की साफ-सफाई और सुदृढ़ बनाया जाएगा। क्योंकि गया जी धार्मिक नगरी के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शहर है। गया-बोधगया में देश-विदेश के तीर्थयात्री का आगमन होते रहता है। ऐसे में नगर निगम स्वच्छता में हमेशा अव्वल स्थान बने रहे और सन्देश लेकर तीर्थयात्री वापस लौटे। उन्होंने बताया पटना नगर निगम की तर्ज पर गया शहर में भी साफ-सफाई व्यवस्था अत्याधुनिक बनाए रखने के लिए आउटसोर्स (एजेंसी) के सहयोग से प्रधान पथों और मुख्य पथों की साफ-सफाई कराने का निर्णय लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में रिटायर्ड रेलवे स्पेशल फोर्स जवान की मौत

**कोईलवर**। आरा-चांदी मार्ग पर चांदी थाना क्षेत्र के चांदी गांव के समीप शुक्रवार की दोपहर बेलगाम ट्रक ने बाजार जा रहे एक रिटायर्ड रेलवे प्रोटेक्शन स्पेशल फोर्स जवान को रौंद दिया। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक सेवानिवृत जवान जगदीश प्रसाद थे। जो बक्सर जिला के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी स्व. रघुनाथ चौधरी के 92 वर्षीय पुत्र थे। उन्होंने वर्ष 2001 में न्यू जलपाईगुड़ी से रेलवे प्रोटेक्शन स्पेशल फोर्स विभाग से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम लिया था। मृतक के नाती नितिन कुमार ने बताया कि उसके दोनों मामा ने उन्हें छोड़ दिया था और अपने साथ नहीं रखते थे। जिसके कारण वह पांच वर्ष से मां सीमा देवी के ससुराल चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव में रहते थे। शुक्रवार की दोपहर जब वह सामान लेने के लिए चांदी चौक पर जा रहे थे। उसी दौरान चांदी गांव के समीप बेलगाम ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना टाउन थाना पुलिस को दी गई।सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक जवान को तीन पुत्री फूला देवी, लाली देवी, सीमा देवी और दो पुत्र मनोज और रमण है। मृतक जवान की पत्नी श्याम सुंदरी देवी की मृत्यु कुछ वर्ष पूर्व हो गई थी। घटना की सूचना पाकर मृतक की पुत्री सिमा देवी का रो रो कर बुरा हाल है।

### अब कोविड पूर्व के नंबर से परिचालित होगी पूमरे की 133 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें

**आरा**। आरा पूर्व मध्य रेलवे की सभी पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन अब पूर्व के ट्रेन नंबर से ही होगा। इसको लेकर रेलवे बोर्ड ने निर्देश जारी किया है। पूर्व के ट्रेन नंबर से परिचालित किए जाने वाली पूर्व मध्य रेलवे की 133 जोड़ी ट्रेनें है। इस संबंध में मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार 01 जुलाई से पूर्व मध्य रेल की सभी पैसेंजर ट्रेनें को कोविड पूर्व नियमित ट्रेन नंबर से चलाया जायेगा। आरा- भभुआ रोड, आरा- सासाराम, पटना- डीडीयू, पटना- आरा, वाराणसी- पटना, बक्सर- पटना, आरा- बनारस व आरा- सासाराम के बीच चलने वाले वर्तमान परिचालित नंबर की ट्रेनों की सभी पैसेंजर ट्रेनें को कोविड पूर्व नियमित ट्रेन नंबर (मौजूदा 0 नंबरिंग सिस्टम के बजाय) से चलाया जायेगा।

### स्कूटी सवार दो बहनें सड़क दुर्घटना में घायल

**कोईलवर**। कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडीहा में अज्ञात बाइक सवार ने एक स्कूटी में जबरदस्त टक्कर मार दिया। इस हादसे में स्कूटी पर सवार दो सगी बहनें गंभीर जख्मी हो गई। जख्मी दोनों सगी बहन कुल्हरिया गांव की रहने वाली है जो रोशनी कुमारी (18) और नंदनी कुमारी (14) है। जो कुल्हड़िया निवासी अरविन्द कुमार की पुत्री है। घटना के संबंध में बताया गया कि दोनों बहनें अपने घर कोईलवर से बैंक के काम से स्कूटी से धनडीहा जा रही थीं, तभी धनडीहा गांव के पास अज्ञात बाइक ने स्कूटी में जबरदस्त टक्कर मार दी। घटना में दोनों सगी बहनें जख्मी हो गये। हादसे में दोनों सगी बहनों का पैर की हड्डी टूट गई है। घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों बहनों को इलाज के लिए कोईलवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालांकि, उनकी चोटों की गंभीरता को देखते हुए उन्हें आगे के इलाज के लिए उच्च चिकित्सा सुविधा के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी परिवार के सदस्यों को सूचित कर दिया गया है। सुचना मिलते ही परिजन घबराई हुई हालत में कोईलवर अस्पताल पहुंचे। इस दुर्घटना ने इलाके में सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है और पुलिस इस घटना की जांच कर रही है ताकि बाइक सवार की पहचान की जा सके। दोनों बहनों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### डॉक्टर के गायब रहने पर मरीज ने किया हंगामा

**आरा**। आरा सदर अस्पताल के ओपीडी के हड्डी विभाग में डॉक्टर के उपलब्ध नहीं रहने के कारण मरीजों ने घंटों हंगामा किया। लेकिन अस्पताल प्रशासन पर इसका कोई असर दिखाई नहीं दिया। शुक्रवार को हड्डी विभाग के 15 नंबर कमरे में करीब 200 की संख्या में मरीज घंटों खड़े रहे, लेकिन एक भी डॉक्टर हड्डी विभाग में उपलब्ध नहीं थे। घंटों खड़े रहने के बाद भी डॉक्टर के नहीं आने पर मरीज व उनके परिजन काफी आक्रोशित हो गए और हो हल्ला मचाया। लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान एवं लोजपा के प्रदेश सचिव सुरेंद्र आज़ाद ने बताया कि घंटों इंतजार करने के बाद भी सदर अस्पताल के ओपीडी हड्डी विभाग में कोई डॉक्टर नहीं आये। ड्यूटी डॉ महावीर प्रसाद की थी, लेकिन उन्होंने छुट्टी के संबंध में आवेदन दे रखा था। लोजपा रामविलास डॉ महावीर प्रसाद की जगह डॉ नीतीश कुमार की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन वे भी नदारद थे। सदर हॉस्पिटल की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। डॉक्टर निजी क्लीनिक पर सैकड़ों मरीज देखते है, लेकिन सरकारी अस्पताल में नाम मात्र का ड्यूटी करते है। सिविल सर्जन से मिलने पर उन्होंने ने भी ड्यूटी से संबंधित स्पष्ट जवाब नहीं दिया। मैंने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि आरा सदर हॉस्पिटल की व्यवस्था सुधारी जाए।

### जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर लगा स्वास्थ्य मेला

**बक्सर**। शुक्रवार को जिले के विभिन्न हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, स्वास्थ्य उप केंद्र पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई, तथा मुफ्त दवा का वितरण किया गया। बताते चले कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर महीने के प्रत्येक 14 तारीख को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाता है। इस दौरान कुल्हड़िया स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सीएचओ मनीषा कुमारी के द्वारा लोगों को विभिन्न बीमारियों की स्क्रीनिंग की गई। लोगों की मुफ्त में शुगर व बीपी की जांच हुई। इसके साथ हीं खांसी वाले मरीजों की स्पूटम के नमूने भी लिए गए। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों की मुफ्त में स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें मुफ्त में दवा का वितरण किया गया। इस दौरान मौके पर पहुंचे लोगों को योग, आसन और प्राणायाम भी बताए गए। ताकि लोगों की दवा पर निर्भरता कम हो सके, तथा लोग योग आसन और प्राणायाम करके स्वस्थ रह सके। इस दौरान अपने स्वास्थ्य की जांच करने विभिन्न बीमारियों के मरीज भी पहुंचे हुए थे। जिन्हें मुफ्त में जांच कर दवा दिया गया। वहीं इस भीषण गर्मी में लोगों को बचाव के उपाय भी बताए गए। ओआरएस का पैकेट भी वितरण किया गया।

### रोजगार मेले में 64 में से 46 प्रतिभागियों का हुआ चयन

**बक्सर**। शुक्रवार को बक्सर स्थित आईटीआई परिसर में श्रम संसाधन विभाग, जिला नियोजनालय बक्सर के तत्वाधान में 1 दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार शिविर में वी 5 इनोवेटिव मैनेजमेंट कंपनीहेतु फिनो पेमेंट बैंक द्वारा भाग लिया गया। रोजगार शिविर में 18-30 वर्ष के बेरोजगार युवक शामिल हुए। नियोक्ता द्वारा स्नातक पास आउट योग्यताधारी युवक को कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर और टेरिटरी सेल्स मैनेजर के पद पर नियुक्ति की गई। वाईपी रोहित भारती ने बताया वी 5 इनोवेटिव मैनेजमेंट कंपनी में कुल 24 पदों की रिक्तियां दर्शाई गई थी। इसके अलावे अन्य पदों में भी रिक्ति थी। कुल 50 रिक्ति थी। शाम तक 64 कैंडिडेट भाग लिए। 48 कैंडिडेट ने इंटरव्यू दिया। 46 कैंडिडेट को सेलेक्ट किए गए। उन्होंने बताया कि रोजगार शिविर में पहुंचे प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। पहले चरण में चयनित युवकों का इंटरव्यू भी लिया गया। रोजगार शिविर में पहुंचे सभी युवकों का शैक्षणिक प्रमाण पत्रों जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बायोडाटा, मैट्रिक, इंटर एवं आईटीआई के प्रमाण पत्रों की जांच की गई।



# विशेष छापेमारी अभियान में 39 की गिरफ्तारी, 1.55 लाख का जुर्माना

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा। जिसमें 39 पकड़े गए। इसमें हत्या के प्रयास में 2, एससी-एसटी एक्ट में 1, पुलिस पर हमले में 2, पशु क्रुरता अधिनियम में 3, वारंट में 4 और शराब में 23 पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। अभियान के दौरान चार अवैध शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 15 लीटर देसी और 37 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। 650 लीटर शराब नष्ट की गई है। करीब 868 वाहनों की जांच की गई। एक लाख 55 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। एससी-एसटी थाना पुलिस ने उत्पीड़न में एक को गिरफ्तार कर लिया। नवादा थाना पुलिस ने चोरी के लॉकेट के साथ एक को पकड़ा। सिन्हा थाना पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा बच्चे के गले से सोने का लॉकेट चोरी करने वाले की पिटाई हो गई।

## सोने का लॉकेट चोरी करने वाले की पिटाई



**पार्क में खेल रहा था बच्चाः** नवादा थाना क्षेत्र के रमना मैदान स्थित पार्क में खेल रहे एक बच्चे के गले से सोने का लॉकेट चुराते एक उचक्के को लोगों के सहयोग से पकड़ा गया। इसके बाद पिटाई कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पकड़ा गया मनीष कुमार मुफस्सिल थाना के बेलघाट- बलुआं गांव का निवासी है। नाला मोड़ निवासी आशा देवी के बयान पर प्राथमिकी की गई है। महिला ने कहा कि चार वर्षीय अपने नाती उत्कर्ष के साथ रमना मैदान पार्क में गई हुई थी। इसी दौरान गले से सोने का लॉकेट चुरा लिया। शोर होने पर बदमाश को पकड़ा गया। तलाशी लिए जाने पर उसके पास से सोने के तीन लॉकेट और ब्लेड बरामद हुआ। लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद उसे पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।

# ऑटो चालक की मौत, लू लगने की आशंका

निज संवाददाता। आरा



♦ गाड़ी में सीएनजी भरवाकर लौट रहे थे घर, रास्ते में तबीयत बिगड़ने के बाद तोड़ा दम

भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर नयका मोड़ के समीप शुक्रवार को एक ऑटो चालक की मौत हो गई। आशंका जताई जा रही कि लू लगने से उसकी मौत हुई है। मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव वार्ड नंबर-6 निवासी स्व.अलियार यादव का 35 वर्षीय पुत्र चंद्रमा यादव है। मृतक के भाई रामजी यादव ने बताया कि चंद्रमा ऑटो का किश्ती जमा करने के लिए शुक्रवार की शाम आरा गया था। वहां ऑटो का लोन जमा करने के बाद ऑटो में सीएनजी लेने के लिए जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुल्हिनगंज चला गया। वहां से वापस गांव लौट रहा था। तभी जगदीशपुर ने नयका टोला मोड़ के समीप उसकी तबीयत बिगड़ गई, मौत हो गई। इसके बाद वहां के स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजारः** परिजन मौके पर पहुंचे और उसके शव को वापस गांव ले आए। सूचना शाहपुर थाना को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। पुलिस की समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक चालक की मौत लू-लगने के कारण प्रतीत होती है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। मृतक अपने 6 भाई और एक बहन में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में मां सुलझनी देवी, पत्नी संगीता देवी, चार पुत्री पूनम, किरण, लालसा, रेशम और दो पुत्र मुकेश और सत्यम है।

# बीच सड़क बेहोश होने के बाद किसान की मौत, लू लगने की आशंका

निज संवाददाता। आरा



शहर के नवादा थाना क्षेत्र के बंधन टोला मोड़ के समीप शुक्रवार को संदेहास्पद स्थिति में एक किसान की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने सूचना नवादा थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। उसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक सिन्हा थाना क्षेत्र के सिन्हा गांव वार्ड नंबर-9 निवासी राम प्रवेश सिंह के 47 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार सिंह हैं। पेशे से किसान थे। इधर मृतक के भतीजे अर्जुन कुमार ने बताया कि अत्यधिक गर्मी होने के कारण उनकी तबीयत खराब हो गई थी। जिसको लेकर वह अपना इलाज कराने के लिए आरा अस्पताल आए थे। इलाज करने के बाद वहां से वह बंधन टोला एक व्यक्ति से मुलाकात करने गए थे। मुलाकात करने के बाद जब लौट रहे थे। तभी वे अचानक गिर पड़े। वहां मौजूद दुकानदार ने पानी छिड़का। इसके बाद वे होश में आए। ओआरएस घोलकर पिलाया गया। कुछ देर बाद वह फिर वहां से चले और कुछ दूर जाकर फिर बेहोश हो गए। लेकिन उसे समय किसी भी व्यक्ति ने उन्हें नहीं देखा और उनकी वहीं पर मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना परिजनों को दी।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चलेगाः** वहीं, पुलिस की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मौत लू-लगने के कारण प्रतीत हो रही है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई और एक बहन में दूसरे स्थान पर थे। मृतक ने शादी नहीं की थी और वह अपने भाई-भतीजे के साथ रहते थे।

# ईरान से मिल रही धमकी-ऐसी मौत मारेंगे...देखकर रूह कांप जाएगी

## 4 महीने से ड्रग पैडलर्स के पास फंसा गौरव

निज संवाददाता। आरा



♦ मांग रहे 2 करोड़ रुपए

मिस्टर साहू नाम का एक दलाल भोजपुर के सुखरौली गांव के गौरव को 4 महीने पहले ईरान ले गया था। उसे तेल कंपनी में काम लगवाने का झांसा दिया गया था। तब से गौरव ईरान में ही कैद है। असल में मिस्टर साहू ने गौरव को ड्रग्स के बदले ईरान में गिरवी रख दिया है। ड्रग पैडलर्स अब गौरव के परिवार वालों से 2 करोड़ की फिरौती मांग रहे हैं। फिरौती की रकम नहीं देने पर गौरव की हत्या करने की धमकी दे रहे हैं। वॉट्सऐप के जरिए लगातार मैसेज कर रहे हैं। गौरव का परिवार विदेश मंत्रालय तक पहुंचा है। विदेश मंत्रालय ने ईरान में अपने दूतावास में बात की है। लेकिन, अभी भी गौरव का कुछ पता नहीं चल सका है। मामला भले ही ईरान में भारतीय दूतावास तक पहुंच गया हो, लेकिन भोजपुर प्रशासन ने गौरव के परिवार की सुध नहीं ली है। कोई अधिकारी गौरव का हाल बताने या परिवार का हाल पूछने तक नहीं आता। पुलिस ने प्राथमिकी भी पूर्व सांसद आरके सिंह के कहने पर दर्ज की थी। इधर, हर गुजरते दिन के साथ परिवार की उम्मीदें टूट रही हैं, लेकिन उन्हें मोदी सरकार पर भरोसा है। शुक्रवार को गौरव के परिवार के लोग भोजपुर एसपी ऑफिस पहुंचे थे, लेकिन एसपी से मुलाकात नहीं हो सकी। आगे गौरव की बहन के हवाले से पढ़िए, भारत से ईरान तक क्या-क्या हुआ, कहां दिक्कतें आ रही हैं...

**धमकी वाली बात बताते रो पड़ती हैं निक्कीः** गौरव की बहन निक्की कहती हैं कि पेडलर्स की ओर से लगातार धमकी दी जा रही है। दो करोड़ रुपए की मांग की जा रही है। अगर पैसे नहीं दिए तो वो लोग गौरव को मार देंगे। वो लोग (पैडलर्स) बोलते हैं- हम लोग गौरव को ऐसी मौत मारेंगे, जिसे देखकर रूह कांप जाएगी। यह बात बताते-बताते गौरव की बहन निक्की की आंखें भर आती हैं। रोते हुए निक्की आगे बताती हैं कि विदेश मंत्रालय से एक मेल आया था। उन्होंने ईरान में मामले की सूचना देने की बात कही है। हालांकि, भोजपुर जिला प्रशासन ने अब तक हमारे परिवार के लोगों से मिलकर हाल भी पूछने की जरूरत नहीं समझी है। हमारा केस भी दर्ज नहीं किया जा रहा था। तब हम लोगों ने आरके सिंह को इसकी जानकारी दी थी। आरके सिंह के कहने पर हमारा मामला दर्ज हुआ था। कोई भी अधिकारी हमारे बीच आकर हमसे हाल जानने की कोशिश नहीं करता है। इस वजह से आज एसपी ऑफिस आए हैं, लेकिन एसपी से मुलाकात नहीं हो सकी है।

**गुजरात एटीएस से लेकर एनसीबी तक लगा चुके गुहारः** गौरव के दोनों भाई-बहन भोजपुर पुलिस, भारतीय विदेश मंत्रालय, गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस), नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) तक गुहार लगा चुके हैं। बुधवार को गौरव के भाई राजन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के कार्यालय में फोन किया। कॉल पर उसकी बात विदेश सचिव के अवर सचिव विभूति नाथ पांडेय से हुई।

**अब तेहरान इंटरपोल भी करेगा जांचः** अवर सचिव विभूति नाथ पांडेय ने ईरान की राजधानी तेहरान में अपने भारतीय दूतावास से संपर्क किया। उन्होंने गौरव के परिवार को बताया कि भारत के वाणिज्य-दूत ने ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि से बात की है। ईरान के फारस, सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी गई है। इंटरपोल विभाग, तेहरान को भी जानकारी दी गई है। ऐसा आरोप है कि गौरव को फारस से सिस्तान और बलूचिस्तान में बंधक के रूप में ले जाया गया है। इसलिए हमारे वाणिज्य-दूत ने एमएफए प्रतिनिधि के साथ भी इस मामले को उठाया है। फिलहाल गौरव की अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। अवर सचिव ने आगे बताया कि परिवार के सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराए मोबाइल नंबर पर संपर्क स्थापित करने के हमारे वाणिज्य दूतावास के सभी प्रयास आज तक सफल नहीं हुए हैं। क्योंकि मोबाइल नंबर बंद या नॉट रिचेबल हैं। हमारा दूतावास और वाणिज्य दूतावास गौरव कुमार का शीघ्र पता लगाने, कुशलता और भारत वापसी के लिए ईरानी पक्ष के साथ इस मामले को उठाता रहेगा। वहीं, अवर सचिव की ओर से राजन को बताया गया कि हमारे दूतावास ने सुझाव दिया है कि गौरव कुमार को बहकाने वाले कथित अपराधी स्पष्ट रूप से भारत और दुबई में रहने वाले भारतीय नागरिक हैं। इसलिए भारत में ही आवश्यक जांच करना उचित होगा।

# 102 एंबुलेंस कर्मियों ने सीएस कार्यालय का किया घेराव, सामूहिक अवकाश करने की कही बात

निज संवाददाता। बक्सर



पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिलने से नाराज 102 एंबुलेंस कर्मियों ने सीएस कार्यालय का घेराव किया है। एंबुलेंस कर्मियों ने सीएस को मांग पत्र सौंप उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का अनुरोध किया है। कहा कि अगर जल्द इस पर विचार नहीं होता है तो हम सभी एंबुलेंस चालक सामूहिक रूप से अवकाश पर चले जायेंगे। इसे लेकर सीएस कार्यालय के पास जमकर नारेबाजी भी की। संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णदत मिश्रा ने बताया कि 102 एंबुलेंस कर्मचारी को पिछले तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। चौथा माह भी पूरा होने वाला है। 102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ का परिवार भुखमरी की कगार पर है। वेतन नहीं मिलने से घर चलाना बहुत मुश्किल हो गया है। बाल बच्चों की पढ़ाई से लेकर घर खर्ची तक के लिए दूसरों के पास हाथ पसारना पड़ रहा है। लगातार मांग करने के बाद भी 102 एंबुलेंस कर्मचारियों की स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि 102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ की मांग है कि संस्था में कार्यरत चालक एवं ईएमटी को श्रम अधिनियम के तहत एक जून 2023 से अब तक कुशल श्रमिक का वेतन दिया जाय साथ ही अतिरिक्त कार्य का अतिरिक्त भुगतान किया जाए। इसके अलावा हर महीने वेतन पर्ची उपलब्ध कराया जाए। सभी एंबुलेंस कर्मचारी का उनके वेतन के अनुसार ईपीएफ की राशि उनके खाते में जमा की जाए। एंबुलेंस कर्मचारी ने बताया कि संस्था के एसीओ द्वारा संस्था में कार्य कर रहे चालक और ईएमटी के कागजात का वेरिफिकेशन के लिए लिया गया, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी चालक एवं ईएमटी को नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र नहीं दिया गया। एंबुलेंस कर्मियों ने एक स्वर में कहा की हमारी मांगों पर अविलंब कोई निर्णय नहीं लिया गया तो बहुत जल्द हम लोग सामूहिक अवकाश पर चले जायेंगे।

## सदर अस्पताल में 20 लोगों ने किया रक्तदान

निज संवाददाता। बक्सर

रेडक्रास सोसायटी और जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से विश्व रक्तदान दिवस पर शुक्रवार को सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल बीस लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज को बेहतर संदेश दिया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन सुरेश चंद्र सिन्हा एवं रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉ श्रवण तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सीएस सुरेश चंद्र सिन्हा ने कहा कि रक्तदान करने से मानव शरीर स्वस्थ रहता है। इससे कोई कमजोरी नहीं होती। वहीं रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉ तिवारी ने कहा कि रक्तदान कर आप किसी जरूरतमंद लोगों का जीवन बचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने वाले वीरों को उनका डोनर कार्ड व प्रमाण पत्र दिया गया। सुबह में रेडक्रॉस के सदस्यों ने विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर जागरुकता प्रभात फेरी निकाल लोगों को जागरूक किया। रक्तदान करने वालों में सदर अस्पताल कर्मियों के साथ पृथ्वी कुमार, डॉ राजेश सिंह, मनीष कुमार उपाध्याय, राजेश कुमार रोशन, मनु, राकेश कुमार सिंह, श्याम जी राय, संजय राय, जावेद आवेदी, राजेश कुमार सिंह, अमित अंकुर, लव कुमार पांडेय, सूरज कुमार राय, नीतू कुमारी, मोनी कुमारी आदि शामिल हैं। मौक़े पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरके गुप्ता, अस्पताल प्रबंधक दुष्यंत सिंह के साथ रक्तधिकोश के कर्मी भी उपस्थित रहे। बता दें कि अपने जिले से एक वर्ष में चार बार रक्त दान करने वाले प्रियेश कुमार, बजरंगी मिश्रा, रविशंकर शर्मा, अखिलेन्द्र कुमार चौबे, प्रविप रंजन, प्रभा रंजन, प्रवीण कुमार मिश्रा को अगले सप्ताह डीएम सम्मानित करेंगे।



# बिना एचएसआरपी के धड़ल्ले से दौड़ रहे वाहन

निज संवाददाता। बक्सर




परिवहन विभाग के नियमों की अनदेखी करते हुए जिले की सड़कों पर बिना हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाए वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। जबकि, एमवी एक्ट के अनुसार, हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट के बिना कोई भी वाहन चलाना गैरकानूनी है। ऐसी गाड़ियों को जब्त कर उसका रजिस्ट्रेशन रद्द करने का प्रावधान है। वहीं, 5000 जुर्माना भी वसूला जा सकता है। इसके लिए परिवहन विभाग ने नए वाहनों में शो रूम से निकलने के समय ही हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया है।

**सेंट्रलाइज व्यवस्था हो रहीः** सभी शो रूम में इसके लिए सेंट्रलाइज व्यवस्था की जा रही है। शो रूम को गाड़ी के रजिस्ट्रेशन के लिए विभाग की ओर से आईडी-पासवर्ड दिया जाता है। गाड़ी बेचने के समय ही खरीदार को रजिस्ट्रेशन नंबर देना है। इसी नंबर का हाई सिक्योरिटी प्लेट बना कर 24 घंटे में आने के बाद गाड़ी में लगा कर शोरूम से निकालना है। पुरानी गाड़ियों में बैरिया में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट बनाकर लगाया जाता है। बता दें कि इसको लेकर हाल ही में जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार ने सभी वाहन शो रूम मालिकों के साथ बैठक की थी। डीटीओ ने कहा था कि शोरूम से बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की नई गाड़ियां नहीं निकलेंगी। बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के गाड़ी बेचने वाले डीलर का लाइसेंस रद्द किया जाएगा। क्या है एचएसआरपी प्लेट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट एक एल्यूमीनियम निर्मित नंबर प्लेट होती है, जो वाहन के फ्रंट और रियर में लगाई जाती है। एचएसआरपी के ऊपरी बाएं कोने पर एक नीले रंग का क्रोमियम-आधारित अशोक चक्र का होलोग्राम होता है। इसके निचले बाएं कोने पर एक यूनिक लेजर-ब्रांडेड 10-अंकीय स्थायी पहचान संख्या (पिन) दिया जाता है। खास बात ये है कि एचएसआरपी वाहन के डिजिटल पंजीकरण के बाद ही जारी किया जाता है और ये वाहन से जुड़ा होता है। इस प्रकार, प्लेटों का उपयोग एक अलग कार पर नहीं किया जा सकता है और उन्हें चोरी और इन प्लेटों के किसी अन्य प्रकार के दुरुपयोग को रोकने के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया जाता है। इस नंबर प्लेट के आने के बाद ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को पकड़ना और उनका चालान करना काफी आसान हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंटरमीडिएट के दस्तावेजों पर नहीं होगी कोई समस्या

**भागलपुर।** टीएमबीयू में स्नातक सेमेस्टर-1 के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इस लेकर कुछ कॉलेजों में मूल प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को परेशान किया जा रहा है, जबकि विवि डीएसडब्ल्यू डॉ. बिजेंद्र कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि विद्यार्थियों का प्रोविजनल दस्तावेजों से नामांकन लें। भागलपुर | टीएमबीयू द्वारा विवि स्टेडियम में विवि स्तर पर योगा चयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें विश्वविद्यालय और कॉलेजों के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। इसका आयोजन विवि सुबह शनिवार की सुबह 8.00 बजे होगा। इस चयन के बाद खिलाड़ी राजभवन द्वारा आयोजित अंतर विवि योग प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे। वे लोग 20 जून को राजभवन जाएंगे। विवि स्पोर्टस काउंसिल और एनएसएस की तरफ से कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।

### 31 मार्च तक के अकाउंट को अपडेट करने के निर्देश, नहीं कराने वाले प्राचार्य पर कुलपति करेंगे कार्रवाई

**भागलपुर।** टीएमबीयू के कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने शुक्रवार को अधिकारियों और प्राचार्यों के साथ ऑनलाइन बैठक कर उनके कार्यों की समीक्षा की। कुलपति ने सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश दिया कि वे हर हाल मे 31 मार्च तक के एकाउंट्स को अपडेट कर लें। ऐसा नहीं करने वाले प्राचार्यों पर कार्रवाई की जाएगी। वीसी ने कहा कि विश्वविद्यालय और कॉलेजों में शैक्षिक अनुशासन, प्रशासनिक अनुशासन और वित्तीय अनुशासन की सुदृढ़ता जरूरी है। कुलपति ने सभी कॉलेजों को अपने यहां सब्सिडियरी कैशबुक, एडवांस रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, मीटिंग रजिस्टर, चेक इश्यू रजिस्टर आदि को अपडेट रखने का निर्देश दिया। यूटिलाइजेशन मामले में भी वीसी ने यूजीसी, रूसा और गवर्नमेंट फंड का हिसाब-किताब क्लियर रखने को कहा। नैक मूल्यांकन में दिलचस्पी नहीं दिखाने वाले कॉलेजों के प्राचार्यों को हटाया जाएगा और उनकी जगह नए प्रभारी प्राचार्य बनाए जाएंगे। कुलपति ने स्पष्ट रूप से कहा कि नैक मूल्यांकन में सुस्ती नहीं चलेगी। सभी कॉलेजों को नैक से मूल्यांकन कराना जरूरी है। बीएन कॉलेज की नैक तैयारी की कुलपति ने प्रशंसा की। वहीं, शेष सभी कॉलेजों को अभी से ही इस दिशा में सक्रिय पहल करने का निर्देश दिया गया। बरसात के पहले सभी विभागों और कॉलेजों के भवनों की मरम्मत कराने, आधारभूत संरचना विकसित करने और नए कंस्ट्रक्शन को लेकर प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया गया। डीएसडब्ल्यू को स्पोर्ट्स और कल्चरल गतिविधियों को कॉलेजों में पार्ट ऑफ द रूटीन के रूप में शामिल करने को लेकर पत्र जारी करने और इसकी मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। कुलपति ने वोकेशनल कोर्सों के संचालन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिन कॉलेजों में बीसीए और बीबीए कोर्स में चल रहे वहां उसे खोलने के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया। करीब तीन घंटे चली ऑनलाइन बैठक में कुलपति ने सभी विभागों के कार्यों को बारी बारी से समीक्षा की।

### दिव्यांग पत्नी को गोद में लेकर पति पहुंचा डीएम ऑफिस, ट्राईसाइकिल को लेकर अधिकारियों का लगा रहे चक्कर



**भागलपुर।** भागलपुर में दिव्यांग पत्नी को गोद में लेकर पति डीएम ऑफिस पहुंचा। महिला को बैटरी वाली ट्राईसाइकिल चाहिए। इस मांग को लेकर वो पिछले दो महीने से प्रखंड से लेकर डीएम कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। इसको लेकर बीडीओ और डीएम को आवेदन भी दिए हैं, लेकिन अब तक मांग पूरी नहीं की गई है। महिला 80 प्रतिशत दिव्यांग है। महिला को सरकार की ओर से ट्राईसाइकिल मिली थी। लेकिन मार्च महीने में शॉर्ट-सर्किट की वजह से घर में आग लग गई, जिसमें ट्राई साइकिल जल गई थी। महिला सबौर प्रखंड के बाबूपुर गांव के रहने वाले पंवन मंडल की पत्नी अनीत देवी हैं। पति मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। शुक्रवार को भीषण गर्मी में पत्नी को गोद में लेकर डीएम कार्यालय पहुंचा और ट्राईसाइकिल को लेकर दुबारा जिलाअधिकारी को आवेदन दिया। पवन मंडल के घर में 6 मार्च को शॉर्ट-सर्किट की वजह से आग लगी थी। हादसे में घर में रखे सारे सामान जल गए थे। उसी हादसे में दिव्यांग महिला अनीता देवी की ट्राईसाइकिल भी जल गई थी। पीड़िता अनीता ने बताया कि डीएम से ट्राईसाइकिल की मांग करने पहुंचे है। उन्होंने डीएम से गुहार लगाते हुए कही कि बैटरी वाली ट्राईसाइकिल दे दें, ताकि अपना बिजनेस कर सके। अग्निकांड में घर में सारा सामान जल गया था। सरकार की तरफ से कोई मुआवजा भी मिला। पिछले दो महीने से डीएम ऑफिस का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

### दावा- हर माह प्याऊ की कराई जाती है सफाई हकीकत-अधिकतर में जमी है काई और गंदगी



**भागलपुर।** सूबे के बड़े शहरों में शुमार भागलपुर...जहां कदम पड़ते ही इस सिल्क नगरी को स्मार्ट सिटी बनाए जाने की बधाई के लिए लगे बड़े-बड़े होर्डिंग्स देख आगंतुकों को भ्रम हो जाता है कि अब इस स्मार्ट सिटी में बुनियादी सुविधाओं का अभाव नहीं रहा। लेकिन जैसे ही आगंतुक या दूर-दराज इलाके के लोग शहर के चौक चौराहे पर पहुंचते हैं, वहां के सार्वजनिक जगहों और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की परेशानी देख उनका भ्रम हिचकोले लेने लगता है। शहर के हर चौक चौराहों पर लगाए गए प्याऊ की हालत यह है कि की टोटियां गायब है। काई ऐसे जमी है कि आम आदमी वहां पानी पीने से कतराने लगता है। बड़ी बात यह है कि जिस नगर निगम के जिम्मे शहर की बुनियादी व्यवस्था है उसी निगम कार्यालय के गेट के पास पेयजल व्यवस्था दम तोड़ रही है। यहां लगे प्याऊ की चार अविलंब में से दो गायब है। ऊपर से लगी काई इस बात की तस्दीक करती है कि जिम्मेदार शहर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर लगातार लापरवाह रवैया अपनाए हुए हैं। उधर, एक और पॉश इलाका आदमपुर का भी कमोबेश यही हालत है। हालांकि सिटी मैनेजर का दावा है कि हर माह सार्वजनिक जगहों पर लगे प्याऊ की साफ सफाई कराई जाती है।

**आदमपुर चौक** - प्याऊ चालू, पर सीढ़ी पर गंदगी से उग आए पौधे आदमपुर चौक स्थित शिव मंदिर के पीछे बने प्याऊ में चार नल लगा है। इस प्याऊ के सभी नल चालू है। लेकिन इस प्याऊ के सीढ़ी पर लगी काई से लोग पानी लेने से कतराते है। स्थानीय दुकानदार दीपक कुमार ने बताया कि प्याऊ के पास कचरा होने से लोगों को काफी परेशानी होती है।

**शंकर टॉकिज चौक**- प्याऊ की तीन टोटियां ही चालू, सीढ़ियों पर गंदगी और जमी काई, कोयला डिपो पर पानी ही नहीं वहीं, शंकर टॉकिज चौक स्थित बने प्याऊ में 4 टोंटियां है। इसमें तीन टोंटी चालू है और एक बंद है। सीढ़ी पर काई जमी हुई है। इसी तरह कोतवाली थाना मुख्य गेट के समीप निगम द्वारा बनाए गए प्याऊ में चार नल लगे है। जिसमें दो चालू और दो बंद है। प्याऊ की सीढ़ी साफ है। कोयला डिपो बस स्टैंड हजारों लोग अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। लेकिन यहां पानी की कोई व्यवस्था नहीं है।

# मोदी के पैर छूकर नीतीश ने बिहार की इज्जत बेची

## भागलपुर में PK बोले-रोजगार के लिए PM से नहीं मिले, CM बने रहने के लिए आशीर्वाद मांगा

निज संवाददाता। भागलपुर

साल 2025 के बाद भी सत्ता में बने रहने के लिए नीतीश कुमार ने पीएम मोदी के पैर छुए थे। जिससे 2025 के बाद भी मुख्यमंत्री बनने के लिए बीजेपी का समर्थन मिलता रहे। ये बातें जनसुराज के संरक्षक और राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर (PK) ने कही हैं। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम आने के बाद 7 जून को एनडीए के नेताओं और नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक हुई थी। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूते नजर आए थे। इस वाकये पर लोगों ने अपनी-अपनी राय जाहिर की। प्रशांत किशोर ने इसे बिहार का अपमान बताया। उन्होंने शुक्रवार को भागलपुर में जन सुराज अभियान की एक सभा के दौरान कहा कि नीतीश प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। 13 करोड़ लोगों के जो नेता हैं, हमलोगों का अभिमान हैं, सम्मान हैं, वह पूरे देश के सामने झुक कर मुख्यमंत्री बने रहने के लिए पैर छू रहे हैं। बीजेपी ने पीके को नसीहत देते हुए कहा कि प्रशांत किशोर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सीखना चाहिए कि बड़ों का सम्मान कैसे किया जाता है।

**न मांगा रोजगार और न ही राज्य का दर्जाः** शुक्रवार यानी 14 जून को सभा को संबोधित करते हुए पीके ने कहा कि देश ने कुछ दिन पहले देखा होगा कि मीडिया के लोग कह रहे थे कि नीतीश कुमार के हाथ में भारत सरकार की कमान है। नीतीश कुमार अगर न चाहें तो देश में सरकार नहीं बनेगी। इतनी ताकत है नीतीश कुमार के हाथ में। आगे उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने इसके एवज में क्या मांगा? बिहार के बच्चों के लिए रोजगार नहीं मांगा, बिहार के जिलों में चीनी की फैक्ट्रियां चालू हो जाए, यह नहीं मांगा। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाए, यह भी नहीं मांगा।

**2025 के बाद भी सत्ता में रहने के लिए छुए पैरः** बिहार के लोग सोच रहे होंगे कि तो फिर उन्होंने क्या मांगा? इस सवाल का जवाब देते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार के सभी लोगों की इज्जत बेचते हुए अपनी सत्ता मांगी है, उन्होंने मांग रखी कि 2025 के बाद भी वह मुख्यमंत्री बने रहें और इसके लिए भाजपा भी समर्थन कर दें। बता दें कि प्रशांत किशोर जन सुराज अभियान की शुरुआत करने से पहले नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थे।



**नीतीश ने कहा था- हमलोग पूरे तौर पर सब दिन इनके साथ रहेंगेः** एनडीए के नेताओं की बैठक के दौरान नीतीश कुमार ने कहा था, 'हमारी पार्टी JDU, भाजपा संसदीय दल के नेता नरेंद्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देती है। यह बहुत खुशी की बात है कि 10 साल से ये पीएम हैं और फिर पीएम होने जा रहे हैं। इन्होंने पूरे देश की सेवा की है और उम्मीद है कि अगली बार सब पूरा कर देंगे। हम लोग पूरे तौर पर सब दिन इनके साथ रहेंगे। हमें लगता है कि इधर-उधर जो थोड़ा जीत गया है न, अगली बार जब आइएगा न ऊ सब हार जाएगा। उन लोगों ने कोई काम नहीं किया है। आप (मोदी) देश को आगे बढ़ाएंगे। खुशी की बात है। जल्दी से जल्दी से आपका शपथ ग्रहण हो जाए। हम तो आज ही चाहते हैं। पूरे देश को इससे फायदा होगा। इधर-उधर कोई करना चाहता है उसे कोई लाभ नहीं है। आपके नेतृत्व में सभी लोग चलेंगे।'

**बीजेपी ने पीके को संस्कार सीखने की दी नसीहतः** भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने प्रशांत किशोर को संस्कार सीखने की नसीहत दी है। नीरज कुमार ने कहा है कि उन्होंने अभी राजनीति में नया-नया कदम रखा है। अभी तक तो स्टाफ के रूप में काम करते थे। राजनीति में आने के बाद शिष्टाचार और संस्कार जानना चाहिए कि बड़ों का कैसे सम्मान करते हैं। उन्हें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान करना आना चाहिए।

## पुल के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, फोरलेन सड़क निर्माण कार्य को रोका



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के पीरपैंती प्रखंड के सलेमपुर पंचायत स्थित फौजदारी गांव में बन रहे फोरलेन निर्माण को सैकड़ों ग्रामीणों ने शुक्रवार को बाधित कर दिया और धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। आक्रोशित लोगों ने बताया कि पुल का निर्माण जब तक नहीं होगा तब तक कार्य नहीं होने देंगे। पुल नहीं बनने से हम लोगों को काफी समस्या होती गै। जैसे सड़क के उस पार हम लोग का धार्मिक स्थल है। छठ घाट, खेत व पांच गांव के लोगों का आना-जाना होता है।

**पहले आश्वासन दिया गया थाः** प्रदर्शनकारी सुधांशु यादव ने बताया कि हम लोग एक माह पूर्व विभाग को पुल निर्माण को लेकर आवेदन दिए है, उस समय अधिकारी ने पुल निर्माण का आश्वाशन दिया था। लेकिन आज जब अधिकारी से बात किए तो बोला जा रहा है कि पुल का निर्माण नहीं होगा, सिर्फ सड़क ही बनेगी। पुल नहीं होने से बहुत दिक्कत होगी। यहां के आधी से ज्यादा आबादी किसान वर्ग के हैं। जो अपने पशु के लिए चारा, छठ पर्व, कई गांव के लोगों का आवागमन सभी चीज बाधित हो जाएगा। जब तक पुल निर्माण कराने की बात अधिकारी नहीं बोलेंगे तब तक हम लोग धरना-प्रदर्शन करेंगे।

## जगतपुर झील सूखने के बाद लौट गए प्रवासी पक्षी, 12 पर्यटन स्थलों में एक है झील

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में भीषण गर्मी से आम जनजीवन के साथ-साथ पर्यावरण पर भी इसका खासा असर देखने को मिल रहा है। जिले में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार है, लेकिन लोगों को 47 से 50 डिग्री सेल्सियस तक की गर्मी महसूस हो रही। तपती गर्मी से भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। गर्मी का असर झील और तालाबों पर भी पड़ रहा है। जिले के 12 पर्यटन स्थलों में शामिल नवगछिया के जगतपुर झील भी गर्मी की मार झेल रही है। झील पूरी तरह सुख गई है। वहां की जमीन में दरार आ गई है। प्रवासी पक्षियों से गुलजार रहने वाली झील में वीरानी छाई हुई है। विदेशी पक्षी तो छोड़िए यहां आस-पास के भी पक्षी जगतपुर झील नहीं पहुंच रहे हैं। वहां बनाए गए चार तालाबों का पानी भी 80% तक खत्म हो गया है। बचे हुए पानी में जाल लगाकर मछली पकड़ी जा रही है। नवगछिया की नामी झील में एक जगतपुर झील एक दशक में दूसरी बार भीषण गर्मी के चपेट में आया है। जगह-जगह दरार आ गई है। जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने बताया कि जगतपुर झील के सौंदर्यीकरण योजना की समीक्षा करेंगे।



♦ डीएम ने कहा- सौंदर्यीकरण योजना की समीक्षा करेंगे

**डेढ़ साल पहले सर्वे हुआ थाः** मालूम हो की ठंड में देसी विदेशी पक्षियों से झील गुलजार रहती थी। डेढ़ साल पहले पक्षी प्रेमियों की एक टीम ने इस क्षेत्र का सर्वे किया था। सिलाई रस, अलास्का, मंगोलिया, तिब्बत, सेंट्रल एशिया के देशों से भी प्रवासी पक्षी आते हैं। प्रवासी पक्षियों में पिनटेल डक, गढ़वाल डक, नॉर्दर्न सोलभर, आदि बत्तख झील में नजर आते थे, लेकिन इस भीषण गर्मी के बीच सभी प्रवासी पक्षी एक बार फिर वापस चले गए हैं।

## 54 फीट का कांवर लेकर कांवरिया देवघर के लिए रवाना, भीषण गर्मी के बीच पैदल निकले भक्त

♦ सैंकड़ों लोग बाबा का करेंगे दर्शन

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में एक ओर भीषण गर्मी पड़ रही है। इसके कारण लोगों को जीना मुश्किल हो गया है। सुबह 9 बजे के बाद लोग घर से नहीं निकल रहे है। वहीं, दूसरी ओर कच्ची कांवरिया पथ पर बाबा भोलेनाथ के भक्त 54 फिट कांवर लेकर पैदल बाबा वैधनाथ धाम देवघर जा रहे है। विश्व कल्याण को लेकर श्रीश्री 108 कृष्ण काली भगवती डाक कांवर समिति गनैली तारापुर के कांवरिया आज सुल्तानगंज उत्तरवाहनी गंगा घाट पर जल भरकर कांवर लेकर तारापुर महादेव मंदिर पहुंचे। वहीं, 54 फीट का कांवर और कांवरियों का जत्था को देख आस-पास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। कांवर में गंगा जल भर लेकर जा रहे कांवरियों ने कहा कि हम लोग जून के महीने में बाबा बैधनाथ धाम जाते हैं। इसमें भारी संख्या में हम लोगों के साथ कांवरिया जाते है। लेकिन, इस बार गर्मी के कारण मात्र 600 लोग ही देवघर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 54 फिट के कांवर में सभी देव-देवताओं की प्रतिमा है।



**कांवरिया पथ पर श्रद्धालुओं की भीड़ः** गर्मी में पैदल चलने पर कांवरिया बताते है कि यह सब भगवान भोलेनाथ की कृपा है, जो कि इस गर्मी में लोग अपने घरों से नहीं निकल रहे हैं, तो वहीं, हम लोग इस अग्नि परीक्षा को देते हुए भोलेनाथ के दरबार में जा रहे हैं। इधर, 54 फीट की लंबी कांवर को देखने के लिए कच्ची कांवरिया पथ पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी थी।

## ट्रक और ट्रैक्टर के बीच टक्कर, तीन घायल

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के सफियासराय थाना क्षेत्र में परहम कब्रिस्तान के पास ट्रक और ट्रैक्टर के बीच टक्कर हो गई। इसमें ट्रैक्टर पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं जानकारी मिलने के बाद सफिया सराय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रक लखीसराय की ओर से आ रहा था वहीं ट्रैक्टर मुंगेर की तरफ से आ रहा था। इस दौरान बेकाबू ट्रक ने ट्रैक्टर में धक्का मार दिया। इसके बाद ट्रांसफार्मर को तोड़ते हुए कब्रिस्तान की दीवार से टकराकर पलट गया। घायल मजदूर सफियासराय थाना क्षेत्र अंतर्गत डकरा सतखजुरिया के रहने वाले बताए जा रहे हैं।



## बांध किनारे मिली लाश, हत्या की आशंका, शरीर पर मिले जख्म के निशान



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार को एक व्यक्ति की हत्या कर शव को बदमाशों ने जखबाबा स्थान के समीप बांध किनारे फेंक दिया। मृतक ललमटिया थाना क्षेत्र के पासी टोला निवासी नीरज कुमार चौधरी (41) है। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची नाथ नगर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की। फिलहाल स्पष्ट नहीं हुआ है कि हत्या किस वजह से की गई है। मामला नाथनगर थाना क्षेत्र के जखबाबा स्थान के समीप का है। मृतक के शरीर पर जख्म का निशान हैं। पूरी तरह लहूलुहान स्थिति में मिला है। इधर, घटना की जानकारी के बाद मौके पर सिटी एसपी राज भी पहुंचे और मामले की जांच की। साक्ष्य को एकत्रित करने के लिए डॉग स्क्वायड, एफएसएल और तकनीकी टीम को भी बुलाया। इधर घटना की जानकारी परिजनों को दी गई है।

**हत्या कारण स्पष्ट नहीं:** सिटी एसपी राज ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि ललमटिया थाना क्षेत्र के पासी टोला निवासी नीरज चौधरी का शव मिला है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–एफआईआरईडीईटीईसी–आरआरआई–24–25, दिनांकः** 13.06.2024, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा–711101 द्वारा निविदा सं. एसडीएसटीई–एफआईआरईडीईटीईसी–आरआरआई–24–25 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल के हावड़ा आरआरआई, लिलुआ सॉर्टिंग यार्ड केबिन आरआरआई, बर्द्धमान आरआरआई और डानकुनी आरआरआई में सिग्नलिंग इंस्टॉलेशनों के लिए ऑटोमेटिक फायर सप्रेशन और डिटेक्शन सिस्टम का प्रावधान। **बोली प्रणालीः** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 1,47,24,865.12, **बयाना राशिः** रु. 2,23,600/–, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **समापन अवधिः** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समयः** दिनांक 13.06.2024 को 13.50 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** दिनांक 24.06.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 08.07.2024 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-120/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ओ–एसी–टी–82 से 90–24–25 (खुली), दिनांक 12.06.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं., केस सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य और बोली प्रतिभूति** निम्नानुसार हैंः **(1) ओ–एसी–टी–82–24–25,** डीईएन/1/आसनसोल के अधीन विभिन्न स्थानों पर प्लेटफॉर्म के विस्तार एवं एसओडी की अनुरूपता में कोपिंग डिस्टेंस के सुधार के लिए खुली निविदा (फेज 1), रु. 68,04,791.60, रु. 1,36,100/–, **(2) ओ–एसी–टी–83–24–25,** एईएन/मुख्यालय/आसनसोल के अधीन डीआरएम कार्यालय में विभिन्न इंजीनियरिंग कार्यालयों के नवीनीकरण एवं मंडल रेल अस्पताल, आसनसोल के विस्तृत नवीनीकरण के साथ अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा, रु. 68,12,766.08, रु. 1,36,300/–, **(3) ओ–एसी–टी–84–24–25,** एईएन/2/आसनसोल के अधीन कुलटी, थापरनगर, कुमारधुबी, छोटा अमबोना, कालूबथान, बराकर–मुगमा में एमएसडीएसी द्वारा ड्यूएल डिटेक्शन के प्रावधान के लिए खुली निविदा, रु. 79,70,682.45, रु. 1,59,400/–, **(4) ओ–एसी–टी–85–24–25,** डीईएन/1/आसनसोल के अधीन सीतारामपुर–प्रधानखांटा (डाउन जीसी)–टीआरआर (पी)–4.450 टीकेएम के लिए खुली निविदा, रु.70,06,702.10, रु. 1,40,100/–, **(5) ओ–एसी–टी–86–24–25,** वरिष्ठ डीईएन/4/ आसनसोल के कार्यक्षेत्र में अंडाल–सीतारामपुर शाखा में आरसीसी बॉक्स द्वारा स्टोन स्लैब ब्रिजों (ब्रिज नं. 100 एवं ब्रिज नं. 81) की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण तथा एईएन/2/अंडाल की शाखा में ओपन टॉप ब्रिज पर आरसीसी प्री कास्ट स्लैब प्रदान करने के लिए खुली निविदा, रु. 81,31,421.69, रु. 1,62,600/–, **(6) ओ–एसी–टी–87–24–25,** वरिष्ठ डीईएन/4/आसनसोल के अधीन विभिन्न रोड ओवर ब्रिज में डब्ल्यू बीम क्रॉस बैरियर और ट्रैक्शन गार्ड के प्रावधान के लिए खुली निविदा, रु. 47,43,095.75, रु. 94,900/–, **(7) ओ–एसी–टी–88–24–25,** वरिष्ठ डीईएन/4/आसनसोल के अधीन आसनसोल मंडल में विभिन्न रोड अंडर ब्रिज में स्टैंडर्ड हाइट गेज के प्रावधान के लिए खुली निविदा, रु. 93,49,445.45, रु. 1,87,000/–, **(8) ओ–एसी–टी–89–24–25,** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधीन दुर्गापुर में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के प्रावधान के लिए खुली निविदा, रु. 1,31,96,996.40, रु. 2,16,000/–, **(9) ओ–एसी–टी–90–24–25,** आसनसोल मंडल के लिए खुली निविदाः एईएन/बीआरएल/ आसनसोल के अधीन मधुपुर–गिरिडीह के बीच ब्रिज नं. 12, 17 और 18 के सब–बैंक के प्रावधान के साथ रिगर्डरिंग एवं जैकेटिंग तथा अन्य सहायक कार्य, रु. 16,45,63,618.43, रु. 9,72,800/–, **कार्य की समापन अवधिः** 09 माह (क्रम सं. 1 एवं 3 प्रत्येक हेतु), 06 माह (क्रम सं. 2 एवं 8 प्रत्येक हेतु), 12 माह (क्रम सं. 4, 5, 7 एवं 9 प्रत्येक हेतु), 08 माह (क्रम सं. 6 हेतु)। **बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 10.07.2024 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-83/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# बैंकों से लोन लेना होगा बेहद आसान, वित्त मंत्री ने दे दिया सिंगल विंडो सिस्टम बनाने का आदेश

निज संवाददाता



**पटना।** कमतर प्रदर्शन को भी आंकड़ों की बाजीगरी से अपनी सराहनीय उपलब्धि बताने वाले बैंकों को सरकार ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि बिहार के प्रति अपने उत्तरदायित्व से वे मुकर नहीं सकते हैं। राज्य में कार्यरत बैंकों की शाखाओं में जमा धन या तो सरकार का है या फिर नागरिकों का। स्पष्ट है कि उस धन पर पहला हक बिहार का है, लेकिन बैंक यहां अपेक्षा के अनुरूप ऋण का वितरण नहीं कर रहे। किसानों, पशुपालकों व मत्स्यपालकों के बीच ऋण वितरण में सर्वाधिक उदासीनता है। इस कारण राज्य का साख-जमा अनुपात (सीडी रेशियो) आज भी राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। शुक्रवार को राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने सीडी रेशियो बढ़ाने का निर्देश देते हुए कहा कि ऋण वितरण के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था की जाए, ताकि बार-बार बैंकों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके साथ ही ऋण वितरण की प्रक्रिया को और सुलभ बनाते हुए भुगतान के लिए एक समय-सीमा तय की जाए। राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की यह संयुक्त बैठक (88वीं एवं 89वीं) थी। उसमें सम्राट ने कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य इत्यादि क्षेत्रों में पूंजी की उपलब्धता बढ़ाने के साथ बैंकों को रोजगार के नए अवसर पैदा करने का निर्देश दिया। सम्राट चौधरी ने बड़े बैंकों से आग्रह किया कि वे सीडी रेशियो बढ़ाने में अपेक्षित योगदान दें। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बिहार के बैंकों में जमा राशि की तुलना में ऋण वितरण नहीं हो रहा, जबकि बैंकों का एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां) 11.5 प्रतिशत से घटकर 7.54 प्रतिशत हो गया है। बिहार का सीडी रेशियो 57.5 प्रतिशत पर पहुंच गया है, फिर भी यह राष्ट्रीय औसत (86.57 प्रतिशत) से काफी कम है। वार्षिक ऋण लक्ष्य (एसीपी) में गिरावट चिंताजनक है। दूध उत्पादन में गुजरात और मछली उत्पादन में आंध्र प्रदेश से बिहार इसलिए पिछड़ रहा, क्योंकि यहां के पशुपालकों व मत्स्यपालकों को बैंक अपेक्षित सहयोग नहीं कर रहे। उन्होंने कहा कि बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई है, उसका परिणाम अगली बैठक में मिलना चाहिए। अभी डबल इंजन की सरकार है जिससे बैंकों को पूरा सहयोग मिलेगा। वन, पर्यावरण एवं सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने जिला एवं प्रखंड स्तर पर बैंकों के साथ बैठक पर जोर दिया। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित युवकों-युवतियों के 4561 आवेदनों में से मात्र 1417 को ही स्वीकृति देकर ऋण उपलब्ध कराने पर नाराजगी जताई। उन्होंने शेष 2862 प्रशिक्षित आवेदकों को भी स्वरोजगार शुरू करने के लिए ऋण देने का अनुरोध किया। गरीबों के लिए घर बनाने में भी बैंकों से सहायता उपलब्ध कराने को कहा। पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी ने कहा कि बिहार मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर हो चुका है। इसमें बैंकों का कोई विशेष सहयोग नहीं रहा। बैंक सहयोग करें तो पशुपालन एवं मत्स्य उत्पादन में बिहार बड़ा निर्यातक हो सकता है। नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने फुटपाथी दुकानदारों को ऋण उपलब्ध कराने और शहरी क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक सहायता देने का आग्रह किया। बैंकों की हीला-हवाली के कारण बैठक में कृषि मंत्री मंगल पांडेय क्षुब्ध रहे। तल्ख तेवर के साथ उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र की अनदेखी उचित नहीं। लगभग दो तिहाई जनसंख्या आज भी कृषि पर आश्रित है। ऐसे में कृषि क्षेत्र को आगे बढ़ाए बगैर बिहार का विकास नहीं हो सकता। बैंक इसमें कोताही बरत रहे। वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 27 प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का वितरण हुआ। उन्होंने कहा कि इस औसत से यदि बिहार में ऋण वितरण होता रहा तो राष्ट्रीय औसत के निकट पहुंचने में वर्षों लग जाएंगे। रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद ने कहा कि अब समय आ गया है कि ऋण देने के लिए बैंक उद्यमियों के पास जाए। उन्होंने राज्य के सीडी रेशियो को लेकर चिंता जताई और कहा कि इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। प्राथमिक क्षेत्र की तुलना में गैर-प्राथमिक क्षेत्र को अधिक ऋण देने पर प्रश्न उठाते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में कृषि क्षेत्र में ऋण को लेकर बैंकों को और गंभीर होना चाहिए। दक्षिण-पश्चिम के राज्यों के सीडी रेशियो का हवाला देते हुए विकास आयुक्त चैतन्य प्रसाद ने एसएलबीसी की बैठक में बैंकों को आईना दिखा दिया। उन्होंने कहा कि दक्षिण-पश्चिम के राज्यों का सीडी रेशियो सौ प्रतिशत से अधिक है, तो बिहार का 58.71 प्रतिशत ही क्यों है। आंध्र प्रदेश का सीडी रेशियो 157 प्रतिशत, तेलंगना का 126 प्रतिशत, तमिलनाडु का 144 प्रतिशत और महाराष्ट्र का 101 प्रतिशत है। दूसरी तरफ बिहार का सीडी रेशियो 58.71 प्रतिशत ही है, जबकि राज्य की गैर निष्पादित संपत्तियों (एनपीए) में भी लगातार कमी आ रही है। विकास आयुक्त ने कहा कि बैंकों को बिहार के विकास के लिए आगे आना होगा।

## विधान परिषद के सभापति पद से देवेश चंद्र ठाकुर ने दिया इस्तीफा



निज संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने शुक्रवार को अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। वे 25 अगस्त, 2022 को बिहार विधान परिषद के सभापति चुने गए थे। इससे पूर्व तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से 2002 में निर्दलीय एवं 2008 में जदयू से बिहार विधान परिषद के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। 2008 में बिहार सरकार में आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री रहे। 2014 में तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय सदस्य के रूप में तथा 2020 में जदयू से तिरहुत स्नातक क्षेत्र से बिहार विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुए थे। अब सीतामढ़ी से लोकसभा चुनाव में विजयी होने के बाद उन्होंने विधान परिषद की सदस्यता छोड़ने का निर्णय किया है। कुवैत में आग लगने की घटना में दो लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने शोक जताया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कुवैत में एक बहुमंजिली इमारत में आग लगने की घटना में बिहार के दो लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना अत्यंत ही दुखद है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर दिल्ली स्थित बिहार के स्थानिक आयुक्त ने कुवैत दूतावास से संपर्क स्थापित कर बिहार के दो लोगों के शव को उनके मूल निवास तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री ने दोनों मृतकों के निकटतम आश्रितों को दो-दो लाख रुपए मुख्यमंत्री राहत कोष से दिए जाने की घोषणा की है।

## निकाय कर्मियों के सातवां वेतनमान बंद करने के आदेश को वापस लिया विभाग

निज संवाददाता



**पटना।** नगर विकास एवं आवास विभाग ने नगर निकाय कर्मियों को सातवां वेतनमान नहीं देने तथा दिए गए लाभ को कर्मियों से वसूली करने के निर्देश को शुक्रवार को वापस ले लिया है। यह निर्देश 10 जून को जारी किया था। इस निर्देश का विरोध पटना नगर निगम की तरफ से सशक्त स्थायी समिति के सदस्य डॉ. आशीष कुमार सिन्हा ने किया था। चेतावनी दिया था कि पटना नगर निगम सातवां वेतनमान पर रोक नहीं लगने देगा। आशीष के अनुसार, एक अप्रैल 2018 से सशक्त स्थायी समिति और निगम बोर्ड से पारित प्रस्ताव के बाद सातवां वेतनमान दिया जा रहा है। उस समय करीब 1200 कर्मी थे। वर्तमान में 600 कर्मी कार्यरत हैं। इनसे सातवां वेतनमान की राशि नहीं वसूली जाएगी। बात नहीं बनने पर कर्मचारियों के लिए न्यायालय की शरण में जाने की घोषणा किया गया था। डॉ. आशीष कुमार सिन्हा ने आदेश वापस होने पर खुशी प्रकट किया है। दूसरी तरफ पटना नगर निगम संयुक्त कर्मचारी समन्वय समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह ने इस आदेश को तुगलकी आदेश बताते हुए 16 जून को बिहार राज्य लोकल बॉडी संयुक्त कर्मचारी संघर्ष मोर्चा की बैठक बुलाई थी। उसमें अनिश्चिकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा करने वाले थे। चंद्रप्रकाश सिंह ने कहा कि मानसून में बिहार की जनता परेशानियों से बच गई। इस आदेश का राज्यभर में जबरदस्त विरोध होने वाला था। उम्मीद है कि राज्य सरकार नगर निकाय के दैनिक कर्मियों की समस्याओं का भी हल करेगी।

### नवादा और कनेंग ने जीते क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच

**ददरौल (नवादा) (नि.सं.)।** ग्राम पंचायत चौढ़ेरा में चल रही चौढेरा क्रिकेट प्रीमियर लीग में गुरुवार सुबह का पहला मैच बादशाहनगर क्रिकेट क्लब बनाम कनेंग क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। कनेंग क्रिकेट क्लब ने टांस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया, जिसमें बादशाहनगर क्रिकेट क्लब ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 133 रन बनाए। बादशाहनगर क्रिकेट क्लब की तरफ से मोहित ने 35, उपेंद्र ने 26 रन की शानदार पारी अपनी टीम के लिए खेली, जिसके जवाब में कनेंग क्रिकेट क्लब की टीम ने लक्ष्य को 10 ओवर में 5 विकेट पर 134 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। कनेंग क्रिकेट क्लब की तरफ से अभिषेक ने 29 रन बनाये, जिसके लिए उनको मैन ऑफ द मैच चुना गया। शाम का दूसरा मैच नवादा क्रिकेट क्लब व बेहटी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। नवादा क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।

### सैलरी या खाते में उपलब्ध राशि का 75 प्रतिशत की हो सकेगी निकासी

**पटना (नि.सं.)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एडवांस राशि निकालने के नियम में बदलाव किया है। इसके तहत बीते कई वर्षों से चल रही कोविड-19 एडवांस की सुविधा बंद करने का फैसला लिया है। इस बाबत ईपीएफओ ने अधिसूचना भी जारी कर दिया है। कोविड-19 महामारी के दौरान ईपीएफ सदस्यों को कोविड-19 को लेकर एडवांस राशि देने का प्राविधान किया था। इससे कोविड के दौरान नौकरी छूटने, वेतन में कटौति आदि संकटों से गुजर रहे सदस्यों को लाभ मिला, लेकिन अब अधिसूचना में कहा गया है कि अब कोविड महामारी का कोई प्रभाव नहीं है। ऐसे में इस एडवांस को तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्णय किया गया है। यह नियम सभी ट्रस्टों पर भी लागू होगा, उन्हें भी इसकी जानकारी दे दी गई है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत ईपीएफ खातों से राशि निकासी का प्राविधान पहली बार मार्च 2020 में किया गया। इसके बाद श्रम मंत्रालय की ओर से जून 2021 में ईपीएफ सदस्यों के लिए खातों से नान रिफंडेबल एडवांस देने का प्राविधान किया। इसका लाभ काफी लोगों ने लिया।

## दिल्ली से अचानक पटना पहुंचे ललन सिंह, मंत्रालय को लेकर दिया बड़ा बयान

निज संवाददाता



**पटना।** केंद्र में पंचायती राज व पशुपालन मंत्री पद संभालने के बाद मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह शुक्रवार को पटना पहुंचे। एयरपोर्ट परिसर में संवाददाताओं से बातचीत के क्रम में उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी मिली है उसे वह निष्ठापूर्वक निभाएंगे। विभाग को लेकर उन्हें या फिर उनके दल को किसी तरह की कोई नाराजगी नहीं है। मालूम हो कि विभाग आवंटन को लेकर राजद नेता तेजस्वी प्रसाद ने यह बयान दिया था कि प्रधानमंत्री ने बिहार को झुनझुना थमा दिया है। तेजस्वी यादव के इस बयान पर ललन सिंह ने नेता प्रतिपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बिल्ली के भाग्य से छींका नहीं टूटता है। ललन सिंह ने कहा कि वह गुलदस्ते लेने के लिए नहीं बल्कि काम करने के लिए मंत्री बने हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि बिहार में इंसान की जान की कोई कीमत नहीं रह गई है। अपराधी किसी को गोली मार सकता है। अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। मुख्यमंत्री सहित सरकार के किसी भी मंत्री को बढ़ते अपराध की चिंता नहीं है। तेजस्वी ने शुक्रवार को यहां कहा कि बेगूसराय में सरकारी अपराधियों ने तांडव किया। दुष्कर्म के बाद एक युवती की हत्या कर दी। जब चाहे, जहां चाहे अपराधी किसी को भी गोली मार रहे है। मुख्यमंत्री सहित सरकार के किसी मंत्री को बढ़ रहे अपराध की चिंता नहीं है। मुजफ्फरपुर में एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। हत्या की यह घटना दिन दहाड़े हुई।

## नीट परीक्षा पर तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार के कई सवाल दागे

निज संवाददाता

**पटना।** विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि भाजपा की सरकार केंद्र में रहे या राज्य में, पेपर लीक होना तय है। नीट पेपर लीक बहुत ही गंभीर विषय है। हिरासत में अपराधी कबूल रहा है कि पेपर लीक किया गया है। अभ्यर्थी, अभिभावक, विद्यार्थी, युवा सभी चिंतित हैं। पूरी व्यवस्था सशंकित है। तेजस्वी यादव ने कहा कि एनडीए की सरकार ऊपर से नीचे तक इस कदर अहंकार में डूबी है कि देश में परीक्षाओं की विश्वसनीयता की सरासर अनदेखी करते सबूतों को नकार रही है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के सबूत सार्वजनिक होने, जांच-गिरफ्तारी और साजिश करने वालों द्वारा अपराध स्वीकार करने के बाद भी केंद्र सरकार यह मानने को तैयार ही नहीं हैं कि नीट परीक्षा में कुछ धांधली भी हुई है। तेजस्वी ने कहा कि सब सबूत सामने है। लेकिन केंद्रीय शिक्षा मंत्री इतने अनभिज्ञ हैं कि मानने को तैयार ही नहीं हैं कि कुछ गड़बड़ हुआ भी है। अहंकारी मोदी सरकार कुंभकर्णी नींद में ऐसे सोयी है कि लाखों अभ्यर्थियों के सपनों में आग भी लग जाए तो इन्हें परवाह नहीं। इन्होंने देश में गजब अंधेर मचा दिया है।

### नकली शैंपू बेचने वाले को लड़कियों ने पकड़ा

**पटना (नि.सं.)।** बोरिंग रोड में शुक्रवार की देर शाम बीच सड़क पर हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। कुछ लड़कियों ने फेरी लगाकर नकली शैंपू बेचने वाले को पकड़ लिया। बीच सड़क पर ही क्लास लगा दी। लड़कियों का आरोप है कि फेरी वाले ने ओरिजिनल शैंपू के नाम पर नकली शैंपू उन्हें दे दिया। इससे उनके सिर के बाल झड़ने शुरू हो गए हैं। अनुप्रिया ने बताया कि 20-22 दिन पहले एक फेरी वाले ने बोरिंग रोड में ओरिजिनल शैंपू का सेल लगाकर आधे से भी कम दाम में बेच रहा था।

## तेजस्वी यादव के बयान पर बिहार में सियासत गरमाई गिरिराज सिंह और जीतन राम मांझी ने किया पलटवार

निज संवाददाता



**पटना।** के बयान पर बिहार में सियासत गरमा गई है। ललन सिंह के बाद अब गिरिराज सिंह और जीतन राम मांझी ने भी पलटवार किया है। दरअसल, तेजस्वी यादव ने एक बयान में कहा था कि नीतीश कुमार की सरकार में यादवों को टारगेट कर गोली मारी जा रही है। इस बयान के बाद बिहार में सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने सामने हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि अपराधियों की कोई जाति नहीं होती है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिन्हें व्हिलचेयर पर बैठा दिया है, वही आज बोल रहे हैं। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा था कि घटनाओं को जो अंजाम देगा वो जेल जरूर जाएगा। इसे किसी जाति से जोड़कर देखे जाने की जरूरत नहीं है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने भी तेजस्वी के बयान पर प्रतिक्रिया दी। मांझी ने कहा कि हम जाति नहीं देखते, जो भी क्राइम करेगा वो मारा जाएगा। क्राइम करने वालों पर तत्काल कार्रवाई होगी ही। नीतीश सरकार न किसी को फंसाती है और किसी को बचाती है। न्यायोचित काम किया जाता है। उनके (तेजस्वी) पिता जी के राज में क्या होता था? अपहरण, लूट और हत्याओं का नेगोशिएशन सीएम हाउस में होता था। वो आज नहीं हो रहा है। फिर उन्हें कहने का क्या अधिकार है गलत करने वाले पर कार्रवाई होगी ही, चाहे वो जिस जाति का हो।

### अब नेत्रहीनों के लिए भी पटना जू में फैसिलिटी

**पटना (नि.सं.)।** जू में नेत्रहीन दर्शकों को जल्द ही सौगात मिलने वाली है। दरअसल, जानवरों के पिंजरे के सामने ब्रेल साइनेज लगाने का काम शुरू हो चूका है। अभी इसकी शुरुआत हुलॉक गिब्बन के पिंजरे के बाहर लगाने से शुरू की गई है। सभी वन्य जीव जंतुओं की पूरी जानकारी ब्रेल लिपि में दर्ज की जाएगी। इससे दृष्टिबाधित और नेत्रहीन व्यक्ति जानवरों की आराम से जानकारी ले सकेंगे और चिड़ियाघर का आनंद उठा सकेंगे। पटना जू के रेंज ऑफिसर आनंद कुमार ने कहा कि 'ब्रेल लिपि में साइनेज अभी तक सिर्फ हुलॉक गिब्बन के पिंजरे के बाहर लगाया गया है।

## देश के गरीब लोग रेलगाड़ियों में अमानवीय तकलीफ झेलकर सफर करते हैं: शिवानंद

निज संवाददाता



**पटना।** राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकास आम आदमी के लिए नहीं है। उन्होंने अपने 10 वर्षों के शासन में कभी आम आदमी की खोज खबर नहीं ली। यहां तक कि आम आदमी की सवारी रेलगाड़ी में भी संपन्न लोगों का ही ख्याल रखा। यही कारण है कि पीएम मोदी ने वंदे भारत जैसी तेज गति की रेलगाड़ियों का तो प्रबंध किया, लेकिन उसमें आम गरीबों के सफर की गुंजाइश नहीं रखी। आज भी देश के गरीब रेलगाड़ियों में अमानवीय तकलीफ झेल कर सफर करते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा रोजी रोटी के लिए हर साल पलायन करता है। इस श्रेणी के लोगों के पास श्रम के अलावा अपने और परिवार के भरण पोषण के लिए दूसरा कोई जरिया नहीं है। इनमें प्रायः दलित, अति पिछड़े, पिछड़े, मुसलमानों का पसमांदा हिस्सा शामिल हैं। सामान्य वर्ग के लोग भी पलायन करते हैं, लेकिन यह श्रमिक वर्ग नहीं है। ये श्रमिकों की निगरानी का काम करते हैं। ऐसे लोगों की सुविधा का ख्याल मोदी जी की रेल में नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा कि यही हाल स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का है। शहरों को स्मार्ट बनाने के नाम पर रोज कमाकर खाने वालों को सड़क के किनारे से खदेड़ा जा रहा है।

## जीतन राम मांझी ने तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार में लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद अब नेताओं के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। आरजेडी जहां लगातार केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर हो गई है, वहीं अब भाजपा और जेडीयू की तरफ से भी पलटवार किए जा रहे हैं। हाल में तेजस्वी यादव के द्वारा यादव समाज के लोगों पर दिए बयान पर भी सियासी भूचाल आ गया है। दरअसल, तेजस्वी ने कहा था कि छपरा में यादव समाज के लोगों को गोली मारी जा रही है। अब इस बयान पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का बयान सामने आया है। उन्होंने अपने बयान में आरजेडी और महागठबंधन की जीत पर भी सवाल उठा दिए। जीतन राम मांझी ने तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला है। जीतन राम मांझी ने कहा है कि बाय मिस्टेक उन लोगों को कुछ बल मिल गया है। गलत और भ्रामक प्रचार करके उनलोगों ने कुछ सीटें जीत लीं। यहां की कुछ जनता भ्रम में आ गई, नहीं तो वे लोग 50 से नीचे आ जाते। ये लोग बाय चांस आ गए हैं। जीतन राम मांझी ने कहा कि आगे देखिएगा उन लोगों का कोई स्थान नहीं रहेगा। वहीं जब उनसे पूछा गया कि तेजस्वी यादव ने कहा है कि बिहार में यादव जाति को टारगेट कर मारा जा रहा है तो इसपर उन्होंने कहा कि हमलोग यादव जाति नहीं जानते हैं। जो लोग क्रिमिनल है वह मारा जाएगा। जीतन राम मांझी ने कहा कि अब आपसी झगड़ा में न तो यादव की बात होती है न किसी जात की बात होती है। नीतीश कुमार न किसी को बचाते हैं, न किसी को फंसाते हैं। हमारी सरकार न्याय करती है।

### दिनकर गोलंबर पर छात्रों ने किया प्रदर्शन

**पटना (नि.सं.)।** रविन्द्र बालिका उच्च विद्यालय में लेट पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को एंट्री नहीं मिली। इसके बाद छात्र उग्र हो गए। सेंटर से नजदीक के दिनकर गोलंबर को जाम कर दिया। सड़क पर आगजनी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस वजह से यातायात भी घंटों तक प्रभावित रही। हालांकि, कदमकुंआ थाने की पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए परीक्षार्थियों को सड़क पर से हटा दिया है। परीक्षार्थियों ने बताया कि सुबह 9:03 बजे सेंटर पर आए थे। लेकिन एंट्री नहीं मिली। सिर्फ 3 मिनट के चलते परीक्षा से वंचित किया जा रहा है। गेट नहीं खोला जा रहा है। एंट्री करने का प्रयास किया तो एडमिट कार्ड फाड़ने और मारने की धमकी दी जा रही है। जबकि सेशन भी लेट हुआ है। ये अन्याय है। पुलिस भी लाठी से मारकर खदेड़ दी है।

## निधि भारती पर नियमानुकूल कार्य न करने स्मारपत्र के बावजूद स्पष्टीकरण नहीं देने के आरोप

निज संवाददाता



**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय सिन्हा ने गया जिले की खनिज विकास अधिकारी निधि भारती को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। भारती पर आरोप पत्र गठित कर विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है। सिन्हा ने बताया कि विभागीय कर्मियों द्वारा मनमानी, स्वेच्छाचारिता, अनुशासनहीनता और भ्रष्ट आचरण के कारण अवैध बालू खनन एवं परिवहन को बढ़ावा मिल रहा है। नियमानुकूल कार्य नहीं करने, स्मारपत्र के बावजूद स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करने और स्वेच्छाचारिता के आरोप हैं। गया जिले के बंदोबस्त बालूघाट संख्या-39 (गया पुल 03) के मामले में निलंबित अधिकारी ने अनियमितता बरती थी। विभाग द्वारा पत्र एवं स्मार पत्र के वाबजूद उनके द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया। विभाग के उच्चाधिकारी द्वारा उक्त बालूघाट एवं एक अन्य बालूघाट का निरीक्षण करने पर विभिन्न मानकों पर अनियमितता प्रतिवेदित की गई थी। सिन्हा ने कहा कि बंदोबस्तधारियों, परिवहन करने वाली एजेंसियों एवं विभागीय पदाधिकारियों, जिला समाहर्ता, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडलाधिकारी सहित सभी थानाध्यक्षों का दायित्व है कि वे उक्त नियम का पालन कर पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करें। सही लोगों को सहयोग और गलत लोगों को दंडित कर अवैध खनन एवं परिवहन को रोकना विभाग का लक्ष्य है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# माली और मालिक की बढ़ती दूरियों के चुनावी मायने

## एनटीए की साख पर सवाल

एक बार फिर राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए सवालों के घेरे में है। चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा यानी नीट के नतीजों में भारी गड़बड़ी के आरोप लग रहे हैं। विपक्षी दल कांग्रेस ने सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में इस मामले की जांच कराने की मांग की है। भारतीय चिकित्सकों के संगठन ने भी सीबीआइ से इसकी जांच की मांग उठाई है। मगर एनटीए का कहना है कि परीक्षा में कोई धांधली नहीं हुई है। केवल छह केंद्रों पर प्रश्नपत्र कुछ देर से बांटे जा सके थे। केवल सोलह सौ अभ्यर्थियों की शिकायत है, उसका समाधान किया जा रहा है। पंद्रह सौ विद्यार्थियों को कृपांक दिए गए थे, उनकी पुस्तिकाओं की जांच के लिए एक समिति गठित कर दी गई है। मगर एनटीए की इस दलील से नीट के नतीजों पर कितना भरोसा बन पाएगा, कहना मुश्किल है। आरोप है कि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में धांधली हुई है। हर वर्ष तीन से चार विद्यार्थी ही पहले स्थान पर पहुंच पाते थे, इस बार सड़सठ विद्यार्थियों को पहला स्थान मिला है। छह विद्यार्थियों को बराबर-बराबर अंक मिले हैं। चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले को लेकर गड़बड़ी की शिकायत नई नहीं है, मगर यह एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षा में भी देखी जा रही है, तो निश्चित रूप से गंभीर चिंता का विषय है। एनटीए का गठन ही इस मकससद से किया गया था कि प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं में होने वाली धांधली को रोका जा सकेगा। इस परीक्षा में चूंकि लाखों परीक्षार्थियों को कंप्यूटर के माध्यम से जोड़ा जाता और एक ही समय सबको पर्चे जारी किए जाते हैं, इसलिए उसमें पर्चे बाहर जाने की गुंजाइश नहीं रहती। इतना चाक-चौबंद होने के बावजूद अगर उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में गड़बड़ी के आरोप लग रहे हैं, तो इससे एनटीए की विश्वसनीयता पर ही सवाल खड़े होते हैं। एनटीए की तरफ से गठित समिति की जांच से शायद ही असलियत पता चल सकेगी। ऐसे गंभीर मामले को ढंकने-छिपाने की कोशिशों के बजाय निष्पक्ष जांच कराने का कोई भरोसेमंद रास्ता निकाला जाना चाहिए, ताकि लोगों को एजंसी की परीक्षा प्रणाली पर भरोसा कायम हो सके।

## फिर आतंकी हमला

जम्मू के कटरा में शिव खोरी गुफा मंदिर से माता वैष्णो देवी मंदिर तक तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर आतंकियों की गोलीबारी और उसके बाद हुई दुर्घटना जितनी दुखद है, उतनी ही चिंताजनक भी। दुखद इसलिए कि आमतौर पर तीर्थयात्रियों को निशाना नहीं बनाया जाता है और चिंता इसलिए कि जम्मू में वैष्णो देवी मार्ग को भी अगर निशाना बनाया जा रहा है, तो यह एक बड़ी चुनौती है। दुर्घटना बहुत भयानक थी। एक बच्चे सहित कम से कम नौ तीर्थयात्री मौत की नींद सो गए। 30 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। क्या यह हमला करने का आतंकियों का नया तरीका है? क्या उन्होंने जान-बूझकर बस चालक पर गोलियां बरसाईं, ताकि बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरे? वैसे, सुरक्षा बलों को शक है कि आतंकियों का इरादा बस रोककर गोलियां बरसाने का था? रियासी की यह घटना अनेक सवाल खड़े करती है। इसके पीछे किसी गहरी साजिश का संकेत मिलता है और इस नई आतंकी साजिश के तमाम धागे खोलना सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मृतकों के परिजन व पीड़ित लोगों के लिए उचित ही मुआवजे की घोषणा की है और राहत के तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। संवेदनाओं का तांता लगा हुआ है और आतंकियों की कायरता की निंदा की जा रही है। यह बात गौर करने की है कि यह हमला उसी दिन हुआ, जिस दिन केंद्रीय मंत्रिमंडल के लिए शपथ ग्रहण था। जाहिर है, यह आतंकी हमला सरकार को सीधी चुनौती है। इसका माकूल जवाब हमारी सुरक्षा एजेंसियों को देना चाहिए। सुरक्षा बलों ने बहुत मेहनत से वैष्णो देवी मार्ग को निष्कंटक बनाए रखा था, अब फिर उग आए कांटे उखाड़ने का वक्त आ गया है। कश्मीर और जम्मू के संवेदनशील रास्तों पर हर जगह पहरे बिठाना व्यावहारिक नहीं, पर ऐसे हमलों की हिमाकत को सड़क पर उतरने से पहले ही ठिकाने लगाना बेहतर है। क्या आतंकी हमले के बारे में कोई पूर्व सूचना थी? अगर पूर्व सूचना नहीं थी, तो यह और भी गंभीर बात है। क्या महत्वपूर्ण रास्तों पर पुलिस गश्त में कमी आई है? इस आतंकी हमले ने सोचने पर मजबूर कर दिया है। क्या कोई नया आतंकी गिरोह सक्रिय हुआ है? वैष्णो देवी के पूरे मार्ग पर यह स्थानीय लोगों की भी जिम्मेदारी है।

**(मनु जोसेफ, पत्रकार और उपन्यासकार)**

कुछ दिनों पहले अपनी कॉलोनी में मुझे झगड़े का शोर सुनाई पड़ा। यह बहसबाजी मेरे जैसे मकान में रहने वाले एक शख्स और उसके माली में हो रही थी। वह आदमी अलग से कुछ काम करवाना चाहता था, जिसके एवज में माली कुछ रुपये और मांग रहा था। मालिक प्रवासियों के 'लालच' व 'कामचोरी' की कथित मानसिकता पर बिफरा हुआ था। उसने कहा, 'संभल जाओ। देखा नहीं, केजरीवाल के साथ क्या हुआ है? बहुत चालाकी दिखा रहे थे, अपनी हद नहीं जानते थे।' दरअसल, कुछ घंटे पहले ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। यह झगड़ा मुझे कुछ असामान्य लग रहा था, क्योंकि संभाव्यता के नियमों के मुताबिक, दोनों के भाजपा वोटर होने की संभावना अधिक थी। यह पूरा घटनाक्रम इस तथ्य का खुलासा भी कर रहा था कि आखिर क्यों इस बार भाजपा को 60 से अधिक सीटों का नुकसान हुआ है? दरअसल, एक समय था, जब वह मालिक और उसके खिदमतगार, दोनों समान चीजें किया करते थे, मसलन, कांग्रेस पार्टी को वोट देना और एक ही हिंदी फिल्म देखना। फिर ऐसा वक्त आया, जब उनके बच्चे भी समान स्कूलों में पढ़ने लगे। इसके बाद भारत बदला और अलग-अलग वर्ग के लोगों की राहें अलग-अलग हो गईं। मगर जैसे ही भाजपा सत्ता में आई, तमाम वर्गों के लोग फिर समान पार्टी और विचारधारा के लिए वोट करने लगे, लेकिन यह स्थिति लंबे समय तक स्थायी नहीं रहने वाली थी। असल में, राजनेताओं और कुछ रसूखदार लाभार्थियों के अलावा भाजपा का वोटर कौन है? पत्रकारिता, सिनेमा, कारोबार आदि क्षेत्रों का अमूमन उच्च मध्यम वर्ग। कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो उतने नामचीन नहीं, पर उसके हिमायती हैं। वे शहरी उच्च वर्गों से हैं, जो अपने यहां घरेलू सहायक, ड्राइवर, माली आदि रखते हैं। वे भाजपा के शुभंकर जैसे हैं, पर दुर्भाग्य से ये किसी भी पार्टी के सबसे खराब ध्वजवाहक माने जा सकते हैं।

> *आमतौर पर उन इंसानों के विचार पसंद नहीं करते, जिनसे वे नफरत करते हैं। यहां यह मत समझिए कि उनको ज्ञान पसंद नहीं, बल्कि वे इसलिए उसे नहीं मानते, क्योंकि ज्ञान बांटने वाला शख्स उन्हें पसंद नहीं। यह भी एक परिघटना है, जिसने भारत में दक्षिणपंथियों का साथ दिया था। मगर जब उच्च वर्ग के रूप में भाजपा को अपना ध्वजवाहक मिला, तब उसके मतदाता-आधार पर इसका प्रतिकूल असर पड़ा।*

राजनीतिक पर्यवेक्षक कह रहे हैं कि 'अहंकार' ने 'भाजपा' को नुकसान पहुंचाया है। मगर मैं इससे सहमत नहीं। वास्तव में, पिछले कुछ महीनों से भाजपा नेता अपनी घबराहट ही जाहिर कर रहे थे। असल में, जो लोग आत्ममुग्ध और मगरूर थे, वे उनके सहायक थे, ठीक उस शख्स जैसा, जो माली से झगड़ रहा था। लाखों आम मतदाताओं ने, जिन्होंने कभी भाजपा को वोट दिया था, इन्हीं लोगों का दंभ देखा। लोग आमतौर पर उन इंसानों के विचार पसंद नहीं करते, जिनसे वे नफरत करते हैं। यहां यह मत समझिए कि उनको ज्ञान पसंद नहीं, बल्कि वे इसलिए उसे नहीं मानते, क्योंकि ज्ञान बांटने वाला शख्स उन्हें पसंद नहीं। यह भी एक परिघटना है, जिसने भारत में दक्षिणपंथियों का साथ दिया था। मगर जब उच्च वर्ग के रूप में भाजपा को अपना ध्वजवाहक मिला, तब उसके मतदाता-आधार पर इसका प्रतिकूल असर पड़ा। समीक्षकों की नजर में महंगाई ने लोकसभा के नतीजों को सबसे अधिक प्रभावित किया, फिर बेरोजगारी जैसे मुद्दे भी कारगर साबित हुए, लेकिन यह कल्पना करना कठिन है कि भाजपा के मतदाता यह सोचेंगे कि कोई दूसरी पार्टी उनको संपन्न बनाएगी। दरअसल, भारत के लाखों लोगों की नजर में भाजपा 'साहबों' और 'दबंगों' की पार्टी बन गई है। इसीलिए, जब भाजपा ने दागी नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय का इस्तेमाल करना शुरू किया, तो इसे उच्च वर्ग की दबंगई के रूप में देखा गया। मैं पिछली भाजपा सरकार का इस मामले में मुरीद हूं कि उसे अपने दम पर बहुमत हासिल था। मुझे लगता था कि कोई है, जिसका देश पर नियंत्रण है, यहां तक कि इसके भविष्य पर भी। फिर, पहले किसी राजनेता का जेल जाना भी दुर्लभ था। शायद इसका कारण राजनीतिक शिष्टाचार था, क्योंकि राजनेता जानते थे कि एक दिन वे भी सत्ता में नहीं रहेंगे और सत्तारूढ़ दल ऐसा ही शिष्टाचार दिखाएंगे। मगर वह समय आया, जब लगा, भाजपा को सत्ता गंवाने का डर नहीं है। कई विरोधी नेता जेल भेजे गए। लिहाजा यह स्पष्ट है कि कमजोर होती भाजपा को अब अपने आर्थिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कहीं अधिक बैठकें करनी पड़ सकती हैं, अन्य विचारों के प्रति अधिक सहिष्णु नजरिया अपनाना पड़ सकता है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## शहबाज की बीजिंग यात्रा में दिखी दोनों देशों की मजबूरी

वैसे तो हरेक पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के लिए चीन-यात्रा उसकी परंपरा का हिस्सा है, मगर शहबाज शरीफ की 8 जून को संपन्न हुई पांच दिवसीय चीन-यात्रा समय के लिहाज से काफी अहम है। शहबाज उस वक्त बीजिंग गए, जब देश में बजट पेश करने की तैयारी हो रही थी। अमूमन, ऐसे समय में प्रधानमंत्री की देश में मौजूदगी जरूरी होती है। मगर शहबाज शरीफ की यात्रा के लिए बजट को टाल दिया गया। यह वाकया पाकिस्तान की दयनीय आर्थिक स्थिति को दर्शाता है। ऐसे में, सबसे बड़े देनदार देश की यात्रा जरूरी थी। बदले में चीन ने भी ताईवान, शिनजियांग, शिझांग, हांगकांग और दक्षिण चीन सागर पर पाकिस्तान से समर्थन वसूल किया! प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रतिनिधिमंडल में उनके मंत्रिमंडल के लगभग सभी वरिष्ठ मंत्री शामिल थे। दिलचस्प यह है कि सेना प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर भी इसमें शामिल थे। वैसे, मुनीर का शामिल होना मुनासिब था, क्योंकि वह 'विशेष निवेश सुविधा परिषद्' (एसआईएफसी) के सदस्य हैं। इस संस्था की स्थापना पाकिस्तान में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए की गई थी। अपनी बिगड़ती आर्थिक स्थिति से निपटने के लिए चीनी मदद पाकिस्तान की प्राथमिकता है। वह इस वक्त अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से तीन वर्ष में छह अरब डॉलर की ऋण सुविधा पर बातचीत कर रहा है। जाहिर है, आईएमएफ यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि उसके ऋण का उपयोग केवल चीनी कर्ज चुकाने के लिए न किया जाए। ऐसे में, चीनी ऋण भुगतान के 'रोलओवर' की जरूरत होगी और वह भी न केवल चालू वित्त-वर्ष के लिए, बल्कि कर्ज की नई सुविधा की अवधि के लिए भी। शहबाज सरकार के अस्तित्व के लिए दीर्घकालिक पुनर्भुगतान कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं। सवाल है, चीन पाकिस्तान को बचाने के लिए किस हद तक जाएगा? ताईवान पर चीनी रुख का समर्थन पाकिस्तान के पिछले सभी बयानों की एक विशेषता रही है। क्या यह केवल पाकिस्तान की चीन पर अत्यधिक निर्भरता को दर्शाता है या यह चीन की भू-राजनीतिक मजबूरियों को भी दर्शाता है।

## नीट जैसी परीक्षा पर उठे नए प्रश्न

**(विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी)**

जब दिन भर पूरा देश अठारहवीं लोकसभा के चुनावी नतीजों में डूब-उतराकर सोने की तैयारी कर ही रहा था, तब 4 जून, 2024 की रात डॉक्टरी की पढ़ाई करने का सपना देखने वाले लाखों छात्रों के लिए किसी दुस्वप्न की तरह उतरी। दुनिया की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षाओं में से एक नीट या नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) की 5 मई को परीक्षा देने के बाद ये छात्र बड़ी बेसब्री से 14 जून का इंतजार कर रहे थे, जब उनकी मेहनत का परिणाम आने वाला था। परीक्षा लेने वाली संस्था नेशनल टेस्ट एजेंसी (एनटीए) ने सूचना बुलेटिन में यही तारीख घोषित कर रखी थी। इस परीक्षा की एक खासियत यह है कि परीक्षा समाप्त होने के चंद घंटों में ही छात्रों को अपने प्रदर्शन का आभास हो जाता है। एनटीए ली गई परीक्षा के सही उत्तर ऑनलाइन प्रसारित कर देती है और परीक्षार्थी को कमोबेश अपनी मेरिट का अंदाज लग जाता है। परीक्षा परिणाम से इस मेरिट और उसके आधार पर मिलने वाले मेडिकल कॉलेज की पुष्टि हो सकती है। 4 जून की रात अचानक बच्चों व उनके अभिभावकों के सेलफोन की घंटियां बजने लगीं और किसी विस्फोट की तरह यह सूचना साझा की जाने लगी कि एनटीए ने नीट का परीक्षाफल घोषित कर दिया है। इस पर विश्वास करना थोड़ा मुश्किल था, क्योंकि एनटीए ने तो अपने बुलेटिन में 14 जून की तारीख घोषित कर रखी थी और हर साल परीक्षा के नतीजे घोषित करने के घंटों पूर्व सूचना प्रसारित की जाती है कि परिणाम आने वाले हैं। फिर इस बार ऐसी क्या हड़बड़ी थी कि बिना किसी पूर्व सूचना के दस दिन पहले ही अचानक नतीजे घोषित कर दिए गए? यह तो दूसरे दिन शाम तक स्पष्ट होना शुरू हुआ कि इस परीक्षा में बड़ा घपला हुआ है, जिसका पूरा आकलन करने में विशेषज्ञों की भी अक्ल चकरा जाएगी। क्या यह अनायास था कि परिणाम घोषित करने के लिए ऐसी तारीख चुनी गई, जब पूरे देश का मीडिया चुनावी नतीजों को समझने में व्यस्त था? यह तो भला हो सोशल मीडिया का, जिसने शुरुआती झटके से उबरते ही शोर मचाना शुरू कर दिया कि हजारों मेधावी छात्रों के साथ घपलेबाजों ने खेल कर दिया है। बिना किसी तैयारी के आए अखबारनवीसों के सामने एक प्रेस कांफ्रेंस में एनटीए के महानिदेशक एक पत्रकार के इस प्रश्न पर लड़खड़ा गए कि परीक्षा के परिणाम तय तिथि से इतने पहले क्यों घोषित हो गए? सारा विवाद सिर्फ सोलह सौ बच्चों से संबंधित है, लेकिन जानकारों के मुताबिक पचास हजार के लगभग अभ्यर्थियों की मेरिट पर इसका असर पड़ेगा। 720 अंकों की इस परीक्षा में पिछले वर्षों तक अधिकतम दो, तीन परीक्षार्थियों को ही पूर्णांक मिलते रहे हैं। इस वर्ष इतने अंक पाने वालों की संख्या 67 हो गई। प्रतिभा के इस विस्फोट का जो कारण एनटीए अधिकारियों ने बताया, उसमें इतने झोल हैं कि आसानी से किसी विशेषज्ञ के गले नहीं उतरेंगे। घपलों की शुरुआत फॉर्म भरने के साथ ही हो गई। फॉर्म भरने की निर्धारित तिथि 9 फरवरी से 9 मार्च थी। बहुत से बच्चों ने अंतिम दिनों में फॉर्म भरने की कोशिश की, पर नीट की वेबसाइट क्रैश हो जाने के कारण कई तरह की दिक्कतें आईं और अभिभावकों की मांग पर फॉर्म भरने की अंतिम तारीख एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई। बाद में बड़े रहस्यमय ढंग से फॉर्म भरने के लिए नीट की वेबसाइट दो दिनों (9 अप्रैल से 10 अप्रैल) के लिए फिर खोली गई। यह जांच का विषय होना चाहिए कि किन परिस्थितियों में इन दो दिनों में फिर से फॉर्म भरे गए और नए शामिल अभ्यर्थियों में से कितने सफल हुए? एनटीए द्वारा जारी नीट टॉपरों की मेरिट लिस्ट में आठ छात्रों के क्रमांक एक ही सीरीज में होने पर भी संदेह व्यक्त किया गया है। इनमें से छह छात्रों ने रैंक 1 प्राप्त की है और ये सभी हरियाणा के बहादुरगढ़ स्थित एक ही परीक्षा केंद्र के हैं। इन आठ में से सात छात्रों के सरनेम लिस्ट में नहीं दिए गए हैं, जिससे संदेह और बढ़ गया है। इन छात्रों के नीट रोल नंबर, नाम, अंक और रैंक का स्नैपशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5402

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 6 | 9 | | | | | |
| 2 | | | | 8 | | | | 5 |
| | | | 1 | | 6 | 8 | | |
| | 2 | 7 | 4 | | 1 | | 9 | |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | 8 | 7 | 3 | |
| | | 2 | 8 | | 5 | | | |
| 1 | | | | 3 | | | | 6 |
| | | | | | 9 | 2 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5401

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 |

## वर्ग पहेली 5402

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | ■ | 8 | | |
| 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| | ■ | 12 | ■ | 13 | | 14 | |
| 15 | 16 | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | | 20 |
| ■ | 21 | 22 | | | ■ | ■ | |
| 23 | | | ■ | ■ | 24 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. थाईलेंड में रामायण का यह थाई वर्जन है जो इस नाम से जाना जाता है (4)
4. लावा का ठंडा होकर ठोस टुकड़ों में बदलने की क्रिया यह कहलाती है (3)
7. आक्रमण, चढ़ाई, वार करने की क्रिया या भाव (3)
8. स्थिति, दशा, अवस्था (3)
9. जल नित्तल, तलवा, निम्न भाग (2)
10. अज्ञान अधिकार, तमोगुण, भीष्म साहनी का एक चर्चित उपन्यास (3)
12. शास्त्रीय संगीत में पंचव स्वर (1)
13. मवेशी, ढोर, पशु (4)
15. उन्नति या वैभव के दिन, बढती का समय, अभ्युदय काल (2)
17. शरीर के संवेदी अंगों में से एक, नासिका (2)
18. रस्म, प्रथा, रिवाज, निमय (3)
19. इधर-उधर, कोने-कोन में (5)
21. नाना का पिता यह कहलाता है (4)
23. लिपिक, लिखने वाला, लेखक (3)
24. युवावस्था, तारूर्ण्य (3)

**ऊपर से नीचे**

1. वर्तमान दौर यह शाहर मूलतः, इंदौर का निवासी है (6)
2. कोई गूढ बात, माजरा, मुकदमा (3)
3. दुर्ग, कोटा, फोर्ट (2)
4. राजा या देवता के बैठने का आसन (4)
5. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
6. कुछ लाल या सुर्खी लिए हुए (4)
11. मनोरंजन करना, आमोद-प्रमोद करना (5)
14. मौजूदगी, विद्यमानता (3)
16. रति के पति होने के कारण कामदेव का एक नाम, मदन, मनोज (4)
17. ध्वनि करना, बजाना, घनकना (3)
20. सितार की तरह का एक वाद्य (3)
22. प्रभु, परमेश्वर (2)

### वर्ग पहेली 5401 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | म्मू | क | श्मी | र | ■ | सं | ग |
| यं | ■ | म | ■ | सा | म | वे | द |
| त | स्वी | र | ■ | य | ■ | द | र |
| ■ | ड | ■ | अ | न | म | ना | ■ |
| अ | न | ब | न | ■ | हे | ■ | सु |
| फ | ■ | ल | व | कु | श | ■ | न |
| सो | म | वा | र | ■ | ■ | मा | सा |
| स | ■ | न | त | ■ | पा | ल | न |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन उत्साह से भरा होगा और आपके सभी रुके कार्य बन जाएंगे। किसी काम में जल्दी न करें तो आपके लिए अच्छा है। समझदारी से काम लें। आर्थिक और पारिवारिक संकोच की वजह से ऐसा हो सकता है कि आप दबाव में रहें। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। अनावश्यक शंकाओं से बचें। गलत तरीके से धन अर्जित न करें।

### वृष
आज आपको परिश्रम अधिक करना पड़ सकता है और आपके लिए सफलता के जबर्दस्त योग बन रहे हैं। आज आपको अजनबी लोगों का सहयोग मिल सकता है और अपने लोग आंखें दिखा सकते हैं। आपके लिए सक्रिय हुए विरोधी भी परास्त होंगे। निर्माण कार्य की आवश्यकता महसूस होगी। कोई शुभ समाचार आपके उत्साह को बढ़ाएगा।

### मिथुन
आज मेहनत करने के बाद आपको हर कार्य में वांछित लाभ होगा। दूर की यात्रा भी करनी पड़ सकती है। मानसिक परेशानी के चलते मन में किसी प्रकार की कुंठा आ सकती है। कुछ अधूरे कार्य आपको निपटाने होंगे। सुख व दुःख को समान समझकर सब कुछ भाग्य पर छोड़ दें।

### तुला
आज का दिन सम्मान से भरा होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी और अप्रत्याशित लाभ की प्राप्ति भी होगी। आर्थिक लेन-देन में सावधानी बरतें। आज ऑफिस में कुछ लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों का विरोध कर सकते हैं। कारोबार में आपको नुकसान हो सकता है। सावधानी से हर काम करें।

### वृश्चिक
आज कार्यक्षेत्र में आपकी धाक जमेगी व एक के बाद एक मामले सुलझते चले जायेंगे। उदर और आंख में कष्ट के कारण स्वास्थ्य प्रभावित होगा जिससे कार्यक्षेत्र में अस्थिरता रहेगी। समय के अनुसार चलने से आप उन्नति करेंगे वरना समय आपको पीछे छोड़ देगा। परिवार की समस्याओं के संबंध में कोई गलत निर्णय लेने से बचें।

### धनु
आज का दिन सफलता से भरा होगा। आज आपको उत्सव और त्योहार में शामिल होने के अवसर प्राप्त होंगे। अच्छे भोजन से स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। शुभ समाचार मिलने से आपका मन प्रसन्न होगा और लाभ होगा। वही कार्य करें जिसके बनने की उम्मीद हो और आपको उसका सही रिजल्ट आने की उम्मीद हो। धन में वृद्धि के योग हैं। समझदारी से काम लें।

### कर्क
आज लाभकारी समय है। आप अपने अच्छे व्यवहार से सब कुछ पा सकते हैं। जटिलताएं खत्म होंगी और विरोधी भी परास्त होंगे। खानपान में परहेज करना आपके लिए सही होगा। जीवनसाथी से आर्थिक कारणों से दूरी रहेगी लेकिन प्रेम यथावत बना रहेगा। आपको आज धैर्य से काम करने की जरूरत है।

### सिंह
आज लाभ का समय है। आपके सुख में वृद्धि होगी और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। मानसिक उलझनों की वजह से आप परेशानी से घिरे रहेंगे और आपका काम में मन नहीं लगेगा। आज पड़ोसियों से किसी प्रकार का विवाद हो सकता है। सावधान रहें और अपने काम पर फोकस करें। और अपने काम पर फोकस करें।

### कन्या
आज भाग्य साथ देगा और करियर से जुड़े सभी कार्य बनते नजर आएंगे। अच्छे दिनों का संयोग मन को प्रफुल्लित करेगा। खर्च पर नियंत्रण रखना जरूरी है। व्यापार व व्यवसाय से संबंधित कई नए अनुभव प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय से जुड़े जातकों की विभिन्न क्षेत्रों में साख बढ़ेगी।

### मकर
आज आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आज आपको शुभ संदेश आने से उत्साह बढ़ेगा और मित्रों का सहयोग भी प्राप्त होगा। आपको अपने घर में हर प्रकार का सहयोग मिलेगा। पर्याप्त धन संपदा हाथ में होने के बावजूद कुछ पारिवारिक अशांति रहेगी। इसलिए महत्वपूर्ण निर्णय सबसे पहले ही न लें तो आपके लिए अच्छा है।

### कुंभ
आज समय सावधानी से बताने का है। धन की हानि की आशंका है। नियोजित कार्यक्रम भी सफल होंगे और आर्थिक लाभ का सुअवसर भी आएगा। मातृ पक्ष से लाभ की उम्मीद रहेगी। पुराने दोस्त के आगमन से परिवार में व्यस्तता बढ़ेगी। उनके साथ आवभगत में काफी समय बीतेगा। आपके ऊपर विश्वास करेंगे।

### मीन
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको हर कार्य में लाभ होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और करियर को लेकर हर कार्य में सफलता मिलेगी। किसी चल या अचल संपत्ति का पारिवारिक विवाद निपटाना आवश्यक होगा। पारिवारिक व्यवस्था बनाने में व्यस्त रहेंगे। सोचे हुए कार्य सफल होंगे और मित्रों द्वारा किए जा रहे विरोध में कमी आएगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में हब्बा-डब्बा पर बैन, फिर भी सुंदरनगर के गांव में रोज रात होता है खेल

**जमशेदपुर, एजेंसी।** सुंदरनगर थाना क्षेत्र के गोड़ाडीह गांव में हर रात हब्बा-डब्बा (जुआ का एक प्रकार) का खेल चल रहा है। सैकड़ों लोग इसमें हर दिन शामिल होते हैं। अधिकतर लोग इस खेल में अपने पैसे लुटाकर लौटते हैं। यह इलाका सुंदरनगर थाने से लगभग तीन किलोमीटर दूर है और रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) के 106 बटालियन कैंप के पास है।हर दिन यहां शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक बड़े पैमाने पर जुआ चलता है। इस खेल की भनक बाहर न लगे, इसके लिए स्थानीय युवकों की टीम हमेशा निगरानी करती है कि कोई बाहरी व्यक्ति गांव में प्रवेश न करे। जैसे ही कोई बाहरी व्यक्ति गांव में दिखता है तो उसे रोककर पूछताछ की जाती है।इससे ग्रामीण भी परेशान हैं। कुछ लोगों ने सुंदरनगर थाने को इसकी शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जुआ खेलाने के लिए जेनरेटर व लाइट की भी व्यवस्था होती है। हब्बा-डब्बा खेलाने पहुंचे लोग केड़ो गांव के बताए जाते हैं।हब्बा डब्बा का खेल के माध्यम से लोग जुआ खेलते हैं। इसमें छह घर (खाने) होते हैं। छह घर में से किसी एक घर पर दांव लगाने के लिए उसमें नोट रखने होते हैं। हब्बा-डब्बा खिलाने वाले के पास दो पासे रहते हैं, जिसे डिब्बे में रखकर और हिलाने के बाद गिराया जाता है। जिसका पासा आएगा, उस व्यक्ति को दोगुनी राशि मिलती है। अन्य लोगों के पैसे संचालक अपने पास रख लेता है।गांव में संचालित होने वाले हब्बा-डब्बा खेल की जानकारी पुलिस को नहीं है। कभी किसी ने लिखित शिकायत नहीं की। सूचना मिलने पर पुलिस कार्रवाई करेगी। भयभीत ग्रामीणों नेबताया- गांव में हब्बा-डब्बा खेलाने और खेलने वाले दोनों ही उनको (गांव वालों) को धमकी देते हैं कि उनका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। जिसे खबर देनी है दे दो..। धमकी मिलने के बाद वे लोग किसी को खबर नहीं देते। एक-दो बार हिम्मत जुटाकर पुलिस को जानकारी दी गई। लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर लोग चुप हो गए।

### चास में 10 दिनों से जलापूर्ति प्रभावित 10 से 20 मिनट ही हो रही है सप्लाई

**बोकारो, एजेंसी।** चास नगर निगम के 85 हजार लोग बिजली के साथ-साथ पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। पिछले 10 दिनों से वाटर प्लांट में मोटर खराब थी। इसके बाद चास जलापूर्ति योजना से पानी सप्लाई बंद था। इसकी मरम्मत कराई गई, फिर भी चास के लोगों को सही से सप्लाई पानी नहीं मिल रहा है। लोगों का कहना है कि कभी-कभार थोड़ी देर के लिए पानी सप्लाई दी जाती है और कुछ देर के बाद बंद कर दिया जाता है। ऐसा बिजली समस्या के कारण हो रहा है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। नगर निगम के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस माह जून में जलापूर्ति फेज-1 और 2 को दुरुस्त करने की बात कही गई थी। लेकिन पिछले 10 दिनों से यहां की स्थिति बदतर हो गई है। इससे लोगों में भारी आक्रोश है। चास नगर निगम क्षेत्र के 25 हजार से अधिक घरों के लोग प्रतिदिन पानी खरीदकर उपयोग करते हैं। यहां के लोग अपने घरों में औसतन प्रतिदिन 50 रुपए का पानी खरीद रहे हैं। यानी यहां प्रतिदिन 12.50 लाख रुपए मूल्य के पानी का कारोबार हो रहा है। यह तो घरों में घूम घूमकर बेचने वालों से खरीदने वालों की स्थिति है, इसके अलावा बोतल बंद पानी की बिक्री अलग से हो रही है।
बिजली की आंख-मिचौनी के कारण लोगों के घरों में लगे डीप बोरिंग भी काम करना बंद कर देता है। लो वो ?ल्टेज के कारण डीप बोरिंग का मोटर काम नहीं करता है। बिजली आते ही लोग मोटर चालू करने जाते हैं, टंकी भरने से पहले ही बिजली फिर से गुल हो जाती है। घंटों बिजली गुल रहने पर लोगों को डीप बोरिंग का मोटर चालू करने के लिए जेनरेटर का उपयोग करना पड़ता है। यही कारण है कि निगम के सभी मोहल्ले के लोग पानी के लिए परेशान हैं।इस संबंध में सिटी मैनेजर अमन मल्लिक ने बताया कि निगम के स्लम बहूल व ड्राई जोन क्षेत्र में हर दिन 17 टैंकर पानी सप्लाई किया जा रहा है। पेयजलापूर्ति से भी सप्लाई हो रही है, लेकिन मांग बढ़ी हुई है। क्योंकि बिजली नहीं होने के कारण लोगों के डीप बोरिंग चल नहीं रहे हैं।

# बिजली के लिए जीएम कार्यालय का भाजपाइयों ने किया घेराव



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद में बिजली संकट को लेकर धनबाद विधायक राज सिन्हा के नेतृत्व में शुक्रवार को मिश्रित भवन स्थित बिजली जीएम कार्यालय का भाजपा कार्यकर्ताओं ने घेराव किया। विधायक ने कहा कि बिजली-पानी नहीं दे पाने वाली झारखंड की चंपाई सरकार निकम्मी है। इस सरकार को बदलनी है। धनबाद से सौतेला व्यवहार का आरोप सरकार पर लगाया। रणधीर वर्मा स्टेडियम से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते भाजपा कार्यकर्ता बिजली जीएम कार्यालय पहुंचे। जीएम के साथ वार्ता हुई। जीएम ने विधायक को आश्वस्त किया कि बिजली आपूर्ति की व्यवस्था में सुधार हो रही है। अगले दो-तीन दिन में स्थिति सामान्य हो जाएगी।

प्रदर्शन को देखते हुए मिश्रित भवन के समक्ष मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सुरक्षा व्यवस्था सख्त थी। पुलिस के साथ भाजपाइयों की बहस भी हुई। विधायक समेत भाजपा कार्यकर्ता जीएम कार्यालय के समक्ष जमीन पर बैठ गए। वहीं पर बिजली जीएम, अधीक्षण अभियंता सहित अन्य अधिकारियों के साथ विधायक एवं भाजपाइयों ने वार्ता की। मौके पर बिजली विभाग को मांगपत्र दिया गया, जिसमें धनबाद में निर्बाध बिजली आपूर्ति सहित कई मांगें शामिल थीं। बिजली जीएम ने कहा कि मांगों पर सकारात्मक पहल करेंगे।

प्रदर्शन में महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र हंसदा, कन्हैया पांडे, महेंद्र शर्मा, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रीता यादव, रवींद्र सिन्हा,भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह, सुमन सिंह, आनंद खंडेलवाल, मौसम सिंह, निर्मल प्रधान, विकास मिश्रा, मुखिया रमेश सिंह, पार्षद बिल्लू सिंह, मनोज मालाकार, पंकज सिन्हा, सत्येंद्र ओझा, पुरुषोत्तम रंजन, तमाल राय, पिंटू सिंह, मुकेश पांडेय आदि मौजूद थे।

वार्ता के दौरान विधायक राज सिन्हा ने बिजली अधिकारियों के समक्ष कई मांगें रखीं। इनमें धनबाद को निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाए। अधिक लोड वाले ट्रांसफार्मर को चिह्नित कर अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाया जाए। मानवबल की कमी को अविलंब दूर किया जाए। मीटर रीडिंग में गड़बड़ी एवं त्रूटिपूर्ण बिल की समस्या खत्म हो। नए मीटर में गड़बड़ी की जांच हो। नए कनेक्शन देने के लिए समय सीमा तय करें। बिजली संकट को लेकर मुहल्लावार कैंप लगाएं। भूली क्षेत्र में नया कनेक्शन लेने के इच्छुक उपभोक्ताओं को जल्द कनेक्शन मिले। बिजली संबंधी शिकायत व्हाट्सएप से दर्ज कराने की सुविधा दें।

## ढुलू महतो जीत तो गए लेकिन अब, मच गया हंगामा, सुरक्षाकर्मियों को आना पड़ा आगे



**कुमारधुबी, एजेंसी।** धनबाद के मैथन मोड़ में आयोजित धनबाद से नवनिर्वाचित सांसद ढुलू महतो का स्वागत समारोह उस समय रणक्षेत्र में तब्दील हो गया जब कुछ स्थानीय युवकों ने उन्हें काले कपड़े दिखाए। सांसद के साथ आए उनके निजी सुरक्षाकर्मियों ने काले कपड़े दिखाने वाले युवकों की पिटाई कर खदेड़ दिया।

बाद में काला कपड़ा दिखानेवाले युवक अपने कुछ समर्थकों के साथ वापस लौटे और दोबारा हंगामा शुरू कर दिया। इसे देखते हुए सांसद और निरसा की विधायक अपर्णा सेनगुप्ता समारोह को बीच में ही रोककर चिरकुंडा की सभा के लिए निकल गए। इधर मौके पर मौजूद मैथन ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने स्थिति को नियंत्रित किया। सांसद समर्थक की एक गाड़ी क्षतिग्रस्त होने की बात सामने आ रही है।

काला कपड़ा दिखाने वाले युवकों का कहना था कि उन्हें सांसद ढुलू महतो पसंद नहीं हैं। इस कारण विरोध कर रहे थे। शुक्रवार की दोपहर में मैथन मोड़ के लोगों ने सांसद के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया था। दोपहर लगभग तीन बजे ढुलू महतो पहुंचे। अपर्णा भी पहुंचीं। आयोजकों ने सांसद को उनके वजन के बराबर लड्डू से तौलने की प्रक्रिया शुरू की।

इसी बीच कुछ स्थानीय युवक सांसद को काले कपड़े दिखाने लगे। सांसद के निजी सुरक्षाकर्मियों ने गाड़ी से लाठी, डंडे निकालकर उन युवकों की पिटाई कर खदेड़ दिया। इस घटना में घायल स्थानीय निवासी नवीन कुमार ने बताया कि वह दुकान पर चाय पी रहा था। तभी कुछ लोगों ने उसके सिर पर वार कर दिया जिससे उसका सिर फट गया। साथ खड़ा सुनील राय नामक युवक भी चोटिल हो गया।

विरोध करनेवाले मासस समर्थक बताए जा रहे हैं। हालांकि मासस नेता व पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने इस घटना की तीखी निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना पूरी तरह गलत है। वहीं कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि इस मामले में किसी की तरफ से लिखित शिकायत नहीं दी गई है। स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## 1अपराध रोकने की पहल : कंट्रोल रूम में रातभर करनी होगी डीएसपी को ड्यूटी

**रांची, एजेंसी।** राजधानी में आपराधिक घटना होने पर तुरंत कार्रवाई करने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पहली बार डीएसपी स्तर के अधिकारियों को नाइट शिफ्ट ड्यूटी करवायी जाएगी। रांची पुलिस ने इसका एक नया रोस्टर तैयार किया है। इसके तहत रांची के सभी डीएसपी को अब सप्ताह में एक बार नाइट शिफ्ट ड्यूटी करनी होगी। यह ड्यूटी उन्हें कंट्रोल रूम में करनी होगी। डीएसपी स्तर के अधिकारियों को नाइट शिफ्ट के दौरान रांची के कचहरी स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में उपस्थित रहना होगा। रात 11 से लेकर सुबह 6 बजे सुबह तक डीएसपी कंट्रोल रूम में नाइट शिफ्ट करेंगे। रांची में पदस्थापित प्रत्येक डीएसपी को एक सप्ताह तक नाइट ड्यूटी करनी है। इस दौरान उन्हें कंट्रोल रूम से पूरे शहर पर नजर रखना है। कौन डीएसपी पुलिस कंट्रोल रूम में कब नाइट शिफ्ट करेगा, इसके लिए बाकायदा रोस्टर बनाया गया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया यह देखा जा रहा था कि रात के समय सूचनाएं मिलने के बावजूद पुलिस का रिस्पांस टाइम बेहतर नहीं हो पा रहा था। ऐसे में यह जरूरत थी कि एक सीनियर अधिकारी को पुलिस कंट्रोल में तैनात किया जाए, ताकि पुलिस का रिस्पांस समय बढ़िया हो। इसी को ध्यान में रखते हुए रांची के सभी डीएसपी से रोस्टर के आधार पर एक सफ्ताह के लिए नाइट शिफ्ट करवाया जा रहा है। पूरी रात डीएसपी कंट्रोल रूम से पूरे शहर की मॉनिटरिंग करेंगे।डायल 100 और डायल 112 जैसी हेल्पलाइन पर जो भी कॉल्स होते हैं, वो कंट्रोल रूम में ही आता है। इसके बाद उसकी जानकारी पीसीआर, माइक और थाना प्रभारियों को वायरलेस और फोन के जरिए दी जाती है। वैसे तो कंट्रोल रूम में एक स्थाई तौर पर एडिशनल एसपी की तैनाती की गई है, लेकिन वह काफी नहीं थी।

## गैंगस्टर प्रिंस के पार्टनर गोल्डन खान के खिलाफ पुलिस का एक्शन तेज, ठिकानों पर छापेमारी के साथ कुंडली खंगालने में जुटी टीम

**धनबाद/वासेपुर, एजेंसी।** धनबाद के बरवाअड्डा निवासी स्क्रैप कारोबारी जमाल मियां की आत्महत्या को लेकर पुलिस टीम ने प्रिंस खान के पार्टनर गोल्डन खान के ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस ने गोल्डन खान के वासेपुर स्थित आवास और नावाडीह बाइपास रोड स्थित न्यू ग्लोबल इंटरप्राइजेज नामक गोदाम में छापामारी की। हालांकि, इन दोनों जगहों पर गोल्डन खान नहीं मिला।

पुलिस की टीम सुबह सात बजे इन दोनों जगहों पर पहुंची थी। लोहा गोदाम में बाहर से ताला लगा हुआ था। इस कारण पुलिस अंदर नहीं गई और बाहर से लौट गई। इधर, मामले को लेकर पुलिस उसके अन्य साथियों की भी तलाश कर रही है।

स्क्रैप व्यवसायी जमाल मियां ने अपने सुसाइड नोट में गोल्डन खान को प्रिंस खान का पार्टनर बताया है। यह भी लिखा है कि गोल्डन प्रिंस खान का दाहिना हाथ है। ये सभी उसे धमकाते थे और गोली मारने की बात कहते थे। इतना ही नहीं जमाल खान के परिवार को भी जान से मारने की धमकी दी गई थी।




शुक्रवार को पुलिस की टीम जमाल मियां के घर पहुंची और उसके सीसीटीवी कैमरे की जांच की। इसके अलावा, उसके मोबाइल फोन की कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही है। पुलिस रंगदारी के अलावा, पारिवारिक विवाद और अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव स्वजन को सौंप दिया।

सीसीटीवी की जांच में यह पता चला है कि दोपहर करीब तीन बजे जमाल मियां अपने घर कार से पहुंचे थे। दो बार वे ऊपरी तल पर गए और कुछ ही देर मे नीचे आ गए। दूसरी बार नीचे आकर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। लगभग 20 मिनट के बाद जमाल की बेटी नीचे उतरी।

पिता के कमरे का दरवाजा बंद देख उसने अपने पति को आवाज दी। इसके बाद उसके दामाद व अन्य रिश्तेदार आए। वे रस्सी के सहारे वहां पहुंचे और दरवाजा खोला। जमाल को फंदे से उतारकर मोटरसाइकिल से अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने बताया अभी तक जमाल के स्वजन की ओर से घटना को लेकर कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन दिए जाने के पश्चात आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एसएनएमएमसीएच में पीआरपी थेरेपी से जोड़ों के दर्द का इलाज शुरू



**धनबाद, एजेंसी।** घुटने, कोहनी, गर्दन सहित अन्य जोड़ों के दर्द में मरीजों को अब टोटल नी रिप्लसमेंट जैसी जटील सर्जरी करानी की जरूरत नहीं है। मरीज के खून में ही उनके दर्द की दवा मौजूद है। उनके खून से निकाली गई प्लाज्मा रिच प्लेटलेट्स (पीआरपी) का इंजेक्शन अब उन्हें घुटने के दर्द से छुटकारा दिलाएगा। धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) में पीआरपी थेरेपी की शुरुआत हो चुकी है। यहां ब्लड बैंक में तैयार किया गया पीआरपी इंजेक्शन शुक्रवार को चार मरीजों को लगाया गया।

जाने माने आर्थोपेडिक सर्जन और धनबाद मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ डीपी भूषण के नेतृत्व में उनकी टीम ने चारों मरीजों को पीआरपी इंजेक्शन लगाया। दो मरीज के कंधे में, एक के घुटने में और एक के एड़ी में यह इंजेक्शन लगाया गया है। डॉ भूषण के अनुसार इस इंजेक्शन को दर्द वाली जगहों पर लगाने से लंबे समय के लिए फायदा होता है। खासकर घुटनों में। इससे कार्टिलेज बनने लगता है और मरीज को दर्द से राहत मिलती है। इसमें वैस्कुलर ग्रोथ फैक्टर और प्लेटलेट डिराइव्ड ग्रोथ फैक्टर होते है। इसे मरीज के ब्लड से ब्लड बैंक में जटिल प्रक्रिया द्वारा तैयार किया जाता है। यहां पहले से सुविधा नहीं थी। यह नई व्यवस्था की गई है, जिसका लाभ मरीजों को मिलने लगा है। यह भी बताया कि समस्या के शुरुआती दिनों में इस इंजेक्शन का फायदा ज्यादा होता है। खासकर पहले और दूसरे चरण में। तीसरे और चौथे चरण में पीआरपी थेरेपी अपेक्षाकृत कम असर करता है। एक इंजेक्शन बनाने से लेकर लगाने तक में डेढ़ से दो घंटे का समय लगाता है।

**निशुल्क सुविधा :** प्राइवेट में पीआरपी इंजेक्शन लगवाने का खर्च 25 से 20 हजार रुपए आता है। धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में यह पूरी तरह निशुल्क है। इसके एवज में मरीज से कोई पैसा नहीं लिया जाता।

**बीएमएसी जैसी सुविधा भी मिलेगी :** पीएमसीएच ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ पीके पांडेय ने बताया कि पीआरपी एक शुरुआत मात्र है। आने वाले दिनों में ब्लड बैंक रिजनरेटिव रिहैबिलिटेशन के नए नए आयाम पर काम करेगा। इसमें स्टेम सेल या बोन मैरो एस्पिरेट कॉन्सेंट्रेट (बीएमएसी) भी दिया जा सकेगा।

## लोड बढ़ने से फ्यूज उड़ने और शॉर्ट-सर्किट की समस्या बरकरार, बार-बार पावर कट

**रांची , एजेंसी।** रांची में बिजली की समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है। उपभोक्ता उमस भरी गर्मी में बिजली के आने जाने की वजह से लगातार परेशान है। लोड बढ़ने से ट्रांसफॉर्मर का फ्यूज उड़ने और एलटी केबल में शार्ट सर्किट की समस्या बरकरार है। गुरुवार को भी रांची में पारा 41 के करीब पहुंच गया था। दिन में भीषण गर्मी पड़ रही थी। गर्मी में एसी, कूलर और पंखे की वजह से कई इलाकों में ट्रांसफॉर्मर पर लोड बढ़ने की समस्या दिखी। दिन में कोकर, हरमू, रातू रोड, मधुकम, हिंदपीढ़ी, डोरंडा और अरगोड़ा इलाके में बिजली का आना जाना लगा रहा। बुधवार को जीएम रांची ने सभी अभियंताओं को निर्देश जारी किया था कि जिन जिन इलाकों में ट्रांसफॉर्मर पर लोड बढ़ रहा है, उन्हें चिन्हित किया जाए। रांची में इसका काम तो शुरू हो गया है। रांची में 8000 से ज्यादा ट्रांसफार्मर हैं। इतनी बड़ी संख्या में ट्रांसफॉर्मर को चिन्हित करने में समय लगेगा। इधर, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने उपभोक्ताओं को शिकायत करने के लिए विभाग के वाट्सएप नंबर से जुड़ने का आग्रह किया है। वाट्सएप नंबर 9431135503 पर उपभोक्ता शिकायत दर्ज करा सकते हैं। गुरुवार को नामकुम ग्रिड में ओवर लोड की समस्या आ गई थी। पावर ट्रांसफार्मर खराब न हो व पावर सर्किट क्षतिग्रस्त न हो, इसके लिए कई सब स्टेशनों से लोड शेडिंग करते हुए बिजली आपूर्ति की गई। इससे एक से डेढ़ घंटे बिजली नहीं होने की समस्या बनी रही। खोरहा टोली स्थित इलाही बख्श कॉलोनी में बुधवार रात एक बजे से सुबह नौ बजे तक लोकल फॉल्ट के कारण बिजली गुल रही। लोड शेडिंग से बहुबाजार, चुटिया, सामलौंग, मणिटोला, फिरदौस नगर, कांटा टोली, कोकर सहित अन्य इलाके प्रभावित रहे। हालांकि विभागीय अधिकारियों ने बताया कि समस्या को ठीक कर लिया गया।

## जांच में खुलासा- स्थानीय अपराधियों ने जेवर दुकान में की है लूटपाट

**रांची, एजेंसी।** पंडरा स्थित पंचवटी ज्वेलर्स में गुरुवार को तीन अपराधियों ने दिनदहाड़े 60 लाख के गहने लूट लिए थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में लोकल अपराधियों के द्वारा घटना को अंजाम देने की बात सामने आयी है। पुलिस की टीम अपराधियों की पहचान में जुटी है। पता किया जा रहा है कि रांची के किस इलाके के लुटेरा गिरोह ने इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस की एक टीम रांची के आसपास के जिलों में गई है। मामले को लेकर जेवर करोबारी दीपक ने पंडरा ओपी में एफआईआर दर्ज कराई है।

जेवर कारोबारी दीपक साहू ने बताया कि गुरुवार की दोपहर उनकी मां और एक कर्मचारी जेवर दुकान में बैठे हुए थे। इसी दौरान तीन युवक पहुंचे और उन्होंने उनकी मां से सोने की अंगूठी व ब्रेसलेट दिखाने को कहा। एक-दो ब्रेसलेट देखने के बाद अचानक अपराधियों ने हथियार निकाल लिया और महिला को अपने कब्जे में लेकर 60 लाख के गहने लूट कर फरार हो गए। लूटपाट की पूरी घटना सीसीटीवी कमरे में कैद हुई है।

पंडरा पंचवटी ज्वेलर्स में हुई लूटपाट से पहले लुटेरों ने रेकी की थी, रांची पुलिस की जांच में यह बात सामने आयी है। पुलिस को दुकान के आसपास में चार दिन पहले से अपराधियों के घूमने का फुटेज मिला है। पुलिस को आशंका है कि पूरी जानकारी लेने के बाद अपराधियों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। इधर, एसएसपी के निर्देश पर शहरभर में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सभी थानेदारों को सख्त निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में लगातार वाहन चेकिंग करें।

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता शुक्रवार को घटनास्थल पहुंचकर पीड़ित कारोबारी से मिले। उन्होंने घटना की पूरी जानकारी ली। पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया है कि अपराधी जल्द पुलिस की गिरफ्त में आएंगे। मंत्री ने बताया कि रांची पुलिस के सभी वरीय अधिकारी फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि दूसरे अपराधियों पर कानून का खौफ हो। राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री ने भी कई कड़े निर्देश जारी किए हैं।

## मां ने कहा था मत जाओ, फिर भी चला गया कुवैत, 18 दिन बाद आई बुरी खबर से सदमे में परिवार

**रांची, एजेंसी।** झारखंड का एक परिवार इन दिनों गहरे सदमे में है। दरअसल, यहां का एक युवक बेहतर करिअर की तलाश में मां के मना करने के बावजूद महज 18 दिन पहले कुवैत चला गया था। इस बीच वहां से ऐसी खबर आई कि युवक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

झारखंड के रांची का रहने वाला 24 वर्षीय मोहम्मद अली हुसैन अपनी मां के बार-बार मना करने के बावजूद नौकरी करने के लिए 18 दिन पहले कुवैत गया था। इस बीच कुवैत में एक इमारत में आग लगने से उनकी मौत की खबर मिलने के बाद उसका परिवार गहरे सदमे में है।

मोहम्मद अली हुसैन ने वाणिज्य में स्नातक किया था। वह अच्छी नौकरी की तलाश में कुवैत जाना चाहता था, लेकिन उसकी मां कहती थी कि वह विदेश जाने के बजाए अपने ही देश में अच्छी नौकरी की तलाश करे। उसने अपनी मां की एक नहीं सुनी और कुवैत चला चला गया। वहां गए अभी 18 दिन ही हुए थे कि इतनी बड़ी अनहोनी हो गई।



बेटे की मौत के सदमे से दुखी अली के पिता 57 वर्षीय मुबारक हुसैन ने अफसोस जताते हुए बताया कि घर में किसी भी चीज की कोई कमी नहीं थी। वह और अली की मां कमर जहां नहीं चाहते थे कि उनका बेटा नौकरी के लिए विदेश जाए। उसकी मां उसे बार-बार रोक रही थी, फिर भी अली कुवैत जाने के अपने फैसले पर अडिग था। पिता ने बताया कि यह एक ऐसा निर्णय था जो उसे मौत के मुंह में पहुंचा दिया। उन्होंने बताया कि अली की मौत की खबर अभी तक उसकी मां को नहीं दी गई है।

पिता ने बताया कि बिल्डिंग में आग लगने की घटना से पहले अली ने हर रोज कुवैत से अपने परिवार के साथ फोन पर संपर्क बनाए रखा। 12 जून के बाद उसका फोन नहीं आया तो परिवार के लोगों को चिंता होने लगी। जब उन्हें पता चला कि वह व्हाट्सएप पर भी ऑनलाइन नहीं था तो परिवार को कुछ अशुभ होने का संदेह हुआ। परिवार के लोगों ने सऊदी अरब में रहने वाले अली के चाचा से संपर्क किया।

अली के चाचा ने कुवैत में एक परिचित के साथ अली के पासपोर्ट विवरण साझा किया। उस आदमी ने पता लगाने के बाद अली के परिजनों को सूचित किया कि अली भी उसी बिल्डिंग में था, जिसमें भीषण आग लगी थी। आग की घटना में वह भी बुरी तरह झुलस गया था। बाद में अस्पताल में उसकी मौत हो गई। अली के परिवार में उसके पिता, मां, एक बहन और एक भाई है।

बता दें कि कुवैत अग्निकांड के मारे गए 49 लोगों में से 45 भारत के थे। इनमें 23 केरल से, 7 तमिलनाडु से, 3-3 आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश से, दो ओडिशा से और एक-एक बिहार, पंजाब, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा से थे।

## सदर अस्पताल में जन्म लेने वाले नवजात में दिखे दो दांत, डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर निकाला

**जमशेदपुर, एजेंसी।** सदर अस्पताल (खासमहल) में अजूबा बच्चे ने जन्म लिया जिसे देखकर डॉक्टर भी हैरान हैं। शुक्रवार को बच्चे की सर्जरी कर दो दांत निकाले गए। 11 जून को सरजामदा निवासी शिवा कारवा की पत्नी सुनीता देवी को प्रसव पीड़ा के बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अस्पताल में प्रसव के बाद जब शिशु रोया तो नर्स से लेकर डॉक्टर हैरान हो गए। क्योंकि नवजात के दो दांत थे। नवजात के परिजन भी दांत देख घबरा गए। परिजनों ने कहा- जिंदगी में पहली बार ऐसा देखा है। डॉक्टरों ने परिजनों को समझाया और कहा- यह दुर्लभ जरूर है लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है। जन्म के तीन दिन के बाद शुक्रवार को बच्चे के दांत निकाले गए। बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है।

**मेरी जिंदगी में यह दूसरा केस :** सदर अस्पताल के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ विमलेश कुमार ने कहा- यह उनके कॅरियर का दूसरा केस है। जन्मजात दांत होने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सका है। यह स्थिति एलिस-वैन क्रेवेल्ड सिंड्रोम, पचोनीचिया कान्जेनिटा और हालरमैन-स्ट्रेफ सिंड्रोम से जुड़ी हो सकती है। एलिस-वैन क्रेवेल्ड सिंड्रोम दुर्लभ आनुवंशिक विकार है जो हड्डियों के विकास को प्रभावित करता है। हालरमैन-स्ट्रेफ सिंड्रोम में चेहरे और दंत संबंधी असामान्यताएं होती हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### कहां हैं आपके सातों सांसद जल संकट पर फिर बीजेपी पर भड़के संजय सिंह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में जल संकट को लेकर जारी सियासी हंगामे के बीच आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने दिल्ली के सातों बीजेपी सांसदों की चुप्पी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों ने दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर बीजेपी उम्मीदवार को जिताया लेकिन इसके बावजूद हरियाणा की बीजेपी सरकार दिल्ली के लोगों को सजा दे रही है। उन्होंने कहा, हरियाणा की क्क्क सरकार दिल्ली के हक् का पानी रोककर हमसे दुश्मनी निकाल रही है। मैं कहना चाहता हूं कि आप हमसे दुश्मनी निकालिए लेकिन दिल्ली के लोगों को परेशान मत कीजिए। उन्होंने सातों सांसदों की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा, वे सातों सांसद कहा हैं। पानी पिलाने से ज्यादा पुण्य का काम क्या हो सकता है। मैं उन सातों सांसदों से कहना चाहता हूं कि कम से कम केंद्र सरकार और हरियाणा से अपील कीजिए और अपने एलजी से जाकर मुलाकात कीजिए। पानी के मामले में ऐसा भेदभाव मत कीजिए। बता दें, आम आदमी पार्टी लगातार हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगा रही है। उधर दिल्ली सरकार में जल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि यमुना का पानी कम पहुंचने से दिल्ली में लगातार पानी का उत्पादन घट रहा है। आतिशी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यमुना का पानी कम पहुंचने से दिल्ली में लगातार पानी का उत्पादन घट रहा है। सामान्य परिस्थिति में दिल्ली में 1005 एमजीडी (दस लाख गैलन प्रति दिन) पानी का उत्पादन होता है लेकिन पिछले एक हफ्ते से यह लगातार घट रहा है। उन्होंने कहा, उत्पादन कम होने से, दिल्ली के कई हिस्सों में पानी की कमी है। सभी से अनुरोध है कि पानी का प्रयोग बहुत किफायती तरीके से करें। मंत्री ने कुछ आंकड़े साझा करते हुए कहा कि छह जून को पानी का उत्पादन 1002 एमजीडी था, जो अगले दिन यानी सात जून को 993 एमजीडी और आठ जून को 990, नौ जून को 978 एमजीडी, 10 जून को 958 एमजीडी, 11 जून को 919, 12 जून को 951 और 13 जून को 939 एमजीडी रह गया।

### स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में बिभव कुमार की हिरासत एक दिन और बढ़ी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पूर्व पीए बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत की अवधि एक दिन और बढ़ा दी गई है। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल से मारपीट करने के मामले में बिभव कुमार न्यायिक हिरासत में हैं। शुक्रवार को दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए बिभव की हिरासत अवधि एक दिन और बढ़ा दी है। बिभव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट के समक्ष पेश हुए। उन्हें कल भी कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा। इससे पहले इसी मामले में शुक्रवार को ही दिल्ली हाई कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। जस्टिस अमित शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने बिभव की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पूर्व पीए बिभव कुमार पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। अभी न्यायिक हिरासत में बंद बिभव कुमार पर आरोप है कि उन्होंने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक निवास पर स्वाति मालीवाल पर कथित तौर पर हमला किया था।

# राज्यसभा सीट से लेकर मंत्री पद तक, महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार में खटपट, खुलकर सामने आए मतभेद

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार और राज्यसभा नामांकन जैसे अनसुलझे मुद्दों को लेकर खुली चेतावनियों के बीच सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में तनाव बढ़ रहा है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को रिक्त राज्यसभा सीट के लिए मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में असंतोष की खबरें सामने आई हैं। इस कदम से एनसीपी में असंतोष भड़क गया है। विशेष रूप से वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने नाराजगी व्यक्त की है, जो राज्यसभा सदस्य बनना चाहते थे।



प्रमुख ओबीसी नेता भुजबल ने पार्टी की निर्णय प्रक्रिया में दरकिनार किए जाने की भावना का संकेत देते हुए लोकसभा और राज्यसभा दोनों चुनावों के लिए टिकट आवंटन की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, (उन्हें टिकट न दिए जाने के) पीछे कारण हो सकते हैं। कभी-कभी यह नियति या किसी प्रकार की मजबूरी होती है। उन्होंने इस सवाल पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया कि क्या वंशवाद की राजनीति के चलते ऐसा हुआ है।

यह पूछे जाने पर कि क्या लोकसभा और राज्यसभा टिकट को लेकर उनके साथ अन्याय हुआ है, भुजबल ने स्पष्ट रूप से नाराज होते हुए कहा कि यह सवाल उनसे पूछा जाना चाहिए। भुजबल ने कहा, यह (सांसद बनने की) मेरी इच्छा है। इसलिए मैं नासिक लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार था। मुझे बताया गया कि दिल्ली में मेरा टिकट तय हो गया है, मैंने काम करना शुरू कर दिया था, लेकिन जब (नाम की घोषणा का) फैसला एक महीने तक लटका रहा, तो मैंने काम बंद कर दिया क्योंकि काफी अपमान हो चुका था।

नासिक से टिकट अंततः शिवसेना के हेमंत गोडसे को मिला, जो चुनाव में प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (यूबीटी) के राजाभाऊ वाजे से हार गए। अजित पवार ने शुक्रवार को अपनी पार्टी में स्पष्ट असंतोष को कम करने का प्रयास करते हुए कहा कि राज्यसभा उपचुनाव के लिए उनकी पत्नी को उम्मीदवार बनाने का निर्णय एनसीपी की शीर्ष इकाई ने लिया है। उन्होंने इन खबरों का खंडन किया कि भुजबल नाराज हैं। कैबिनेट मंत्री भुजबल सुनेत्रा पवार के नामांकन के बाद नाराज हैं, मीडिया में आई इन खबरों के बारे में पूछे जाने पर एनसीपी अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के सहयोगी ने खुद बताया है वह नाराज नहीं हैं। अजित पवार ने कहा कि विपक्ष समेत कुछ लोग और हमारे करीबी दोस्त ऐसी खबरें फैला रहे हैं, लेकिन इनमें कोई सच्चाई नहीं है। अजित ने बताया कि जब उनकी पत्नी ने नामांकन पत्र दाखिल किया तो प्रफुल्ल पटेल और भुजबल समेत राकांपा के प्रमुख नेता मौजूद थे। इन आंतरिक टकरावों के बीच, सुनेत्रा पवार ने बारामती से लोकसभा चुनावों में अपनी हालिया हार के बाद आगामी राज्यसभा उपचुनाव के लिए राकांपा उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया है। महाराष्ट्र में एक राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव 25 जून को होना है।

## आरसीसीपीएल ने पर्यावरण सप्ताह सम्पन्न किया

**मैहर।** आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड, मैहर ने विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह 2024 का आयोजन 5 जून 2024 से 11 जून 2024 तक सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस सप्ताह का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण को संरक्षित करना था। कंपनी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सभी विभागों और समुदाय के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सप्ताह की शुरुआत 5 जून को एक संक्षिप्त उद्घाटन समारोह से हुई, जिसमें यूनिट हेड पी.के. चौधरी, तकनीकी प्रमुख, और वाणिज्यिक प्रमुख ने पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम ने सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का एक अवसर प्रदान किया। 6 जून को माइन्स में पौधारोपण दिवस आयोजित किया गया। पर्यावरण टीम ने माइन्स पहुंचकर पौधारोपण किया और इसके साथ ही टोपी वितरण और जलपान की व्यवस्था भी की गई।7 जून को माँ शारदा देवी परिसर में प्लास्टिक कचरा और अन्य कचरा संग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने सफाई कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बाद में बैग वितरण और जलपान का आयोजन किया गया।8 जून को सीसीआर से पैकिंग प्लांट तक रैली का आयोजन किया गया, जिसे यूनिट हेड पी.के. चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 11 जून को सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें स्वागत भाषण, तुलसी पौधे को जल अर्पण, पर्यावरण की शपथ, नाटक प्रदर्शन, पुरस्कार वितरण, और धन्यवाद प्रस्ताव शामिल थे। मुख्य अतिथि आरओ कटनी सुधांशु तिवारी और यूनिट हेड पी.के. चौधरी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने विचार साझा किए और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

## यूपीएससी देने वालों की सुविधा के लिए डीएमआरसी का फैसला

### 16 जून को सुबह 6 बजे से चलेगी मेट्रो

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने घोषणा की है कि 16 जून हो होने वाली यूपीएससी (संघ लोकसेवा आयोग) परीक्षा के मद्देनजर फेज-3 सेक्शन्स पर मेट्रो ट्रेन सेवाएं रविवार सुबह 6 बजे से उपलब्ध रहेंगी। इस बारे में शुक्रवार को डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक (कॉरपोरेट कम्युनिकेशन) अनुज दयाल ने जानकारी दी।

अनुज दयाल ने कहा कि तीसरे चरण के सेक्शन्स पर मेट्रो ट्रेन सेवाएं जो आमतौर पर रविवार को सुबह 8 बजे शुरू होती हैं, वे 16 जून को सुबह 6 बजे से शुरू हो जाएंगी। आगे उन्होंने कहा, यह व्यवस्था संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए की जा रही है। मुंडका से ब्रिगेडियर होशियार सिंह, बदरपुर बॉर्डर से राजा नाहर सिंह (बल्लभगढ़), मजलिस पार्क से शिव विहार, जनकपुरी पश्चिम से बॉटनिकल गार्डन और ढांसा बस स्टैण्ड से द्वारका के बीच चलने वाली ट्रेनें आती हैं। दयाल ने बताया कि अन्य सेक्शन्स पर मेट्रो सेवाएं सुबह छह बजे से अपने सामान्य कार्यक्रम के अनुसार ही चलेंगी। उधर एनसीआरटीसी (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रीय परिवहन निगम) ने गुरुवार को कहा कि आगामी यूपीएससी परीक्षा के मद्देनजर नमो भारत ट्रेन सेवाएं रविवार को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

## शिकायत के बाद खुली बीमा कंपनी की नींद, मामला दर्ज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम में फर्जीवाड़े का एक अनोखा मामला सामने आया है। एक बीमा कंपनी का रिलेशनशिप मैनेजर ग्राहकों को पॉलिसी बेचकर या उनके पॉलिसी का नवीनीकरण कर फर्जी प्रमाण पत्र देता था और उनसे मिलने वाली रकम को अपने निजी बैंक खाते में जमा करा लेता था। बीमा कंपनी को जब इसकी जानकारी मिली तो पुलिस से इसकी शिकायत की गई। पुलिस ने बीमा कंपनी के रिलेशनशिप मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीमा कंपनी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, एक स्वास्थ्य बीमा फर्म के रिलेशनशिप मैनेजर लक्ष्य गुप्ता ने ग्राहकों से पैसे लेकर उन्हें जाली पॉलिसी प्रमाणपत्र सौंपे। उन्होंने ग्राहकों से मिले पैसे को अपने निजी बैंक खाते में जमा करा लिया। शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि रिलेशनशिप मैनेजर लक्ष्य गुप्ता ने जनवरी और फरवरी में 14 ग्राहकों से अपने निजी बैंक खाते में पैसे जमा कराए।

## आबकारी घोटाला मामले में आप कार्यकर्ता रयात की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के स्वयंसेवक चनप्रीत सिंह रयात की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। इस मामले की अगली सुनवाई 2 जुलाई को होगी।

जस्टिस अमित शर्मा की अवकाश पीठ ने रयात की नियमित जमानत की याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी किया और एजेंसी से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। ईडी ने रयात को पिछले साल 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया था, रयात पर 2022 के गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी के प्रचार अभियान के लिए नकद भुगतान का इंतजाम करने का आरोप है।




आरोपों के मुताबिक बीआरएस नेता के कविता, टीडीपी के ओंगोल सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी और उनके बेटे राघव मगुंटा, बिजनेसमैन सरथ चंद्र रेड्डी और अन्य लोगों के साउथ ग्रुप ने अब खत्म हो चुकी 2021-22 की दिल्ली आबकारी नीति के तहत दिल्ली शराब बाजार में प्रमुख स्थान हासिल करने के लिए आम आदमी पार्टी को 100 करोड़ रुपए की रिश्वत दी थी।

ईडी का दावा किया है कि इस कथित रिश्वत में से 45 करोड़ रुपए का इस्तेमाल आप ने अपने गोवा चुनाव अभियान के लिए किया था। दिल्ली के उपराज्यपाल ने इस आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो को जांच का आदेश देने के बाद 2022 में इस नीति को खत्म कर दिया था।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फिलहाल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। बीते साल जुलाई में ट्रायल कोर्ट ने सीबीआई द्वारा जांच किए जा रहे भ्रष्टाचार के मामले में रायत को जमानत दे दी थी, यह देखते हुए कि उन्होंने नीति के निर्माण या कार्यान्वयन में कोई भूमिका नहीं निभाई थी।

## 58 प्रतिशत पानी लीक होने के लिए दिल्ली सरकार जिम्मेदार, कांग्रेस ने कर दी बड़ी मांग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में जल संकट को लेकर कांग्रेस भी अब सरकार पर हमलावर दिख रही है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि चाहे दिल्ली सरकार हो या केंद्र सरकार, दोनों एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। परेशानी तो दिल्ली की जनता को रही है।

देवेंद्र यादव ने कहा कि हम काफी पहले से कहते रहे हैं कि दिल्ली में गर्मियों में पानी की कमी होती है। तो क्या सरकार को पहले इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए था। पानी को लेकर एक समझौता है जिसमें सभी को उसके हिस्से का पानी मिलना चाहिए। आज सरकार को कोर्ट जाने की जरूरत पड़ गई। अगर कोई समस्या थी तो पहले ही कोर्ट जाना चाहिए था।

यादव ने कहा कि हिमाचल सरकार पानी छोड़ती है। हरियाणा के रास्ते होते हुए उसे दिल्ली पहुंचना चाहिए था, लेकिन जिस जनता के लिए यह समझौता हुआ है, उन तक पानी नहीं पहुंच रहा है। आपस में नूराकुश्ती करने से इसका हल नहीं होगा। हमने शुरू से ये बात रखी है कि दिल्ली में पानी के लीकेज की जो समस्या है, वह लगातार बढ़ता जा रहा है। आज हालत यह है कि लगभग 58 प्रतिशत पानी लीक होकर बर्बाद हो रहा है। जबकि उसे जनता तक पहुंचाने की जरूरत थी। पानी की इस बर्बादी के लिए दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। सरकार को ध्यान देना चाहिए था कि क्यों लगातार पानी की बर्बादी बढ़ता जा रहा है। इसे रोकने के लिए उन्होंने क्या किया। उन्हें अपने गिरेबां में झांकने की जरूरत है।

देवेंद्र यादव ने कहा कि इस मुद्दे पर विधानसभा का एक





विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। उसमें चर्चा होना चाहिए और जरूरत पड़े तो कांग्रेस खुली चर्चा के लिए भी तैयार है। यादव ने साफ कहा कि दोनों पार्टियां (आप और भाजपा) इस पर राजनीति कर रही है। कहा, हम चुनौती देते हैं कि दोनों पार्टियां आएं और चर्चा करें, जिसकी कमी होगी वह बाहर आएगी।

बता दें कि इस भीषण गर्मी में पानी को लेकर दिल्ली में हाहाकार मचा है। दिल्ली सरकार और हरियाणा सरकार में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। दिल्ली सरकार जहां हरियाणा सरकार पर कम पानी छोड़ने का आरोप लगा रही है वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि वह समझौते के अनुसार ही पानी छोड़ रहे हैं। इस बीच पानी की समस्या को लेकर दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच चुकी है।

## सुप्रीम कोर्ट ने दी दिल्ली में बने शिव मंदिर को गिराने की इजाजत

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा है जिसमें यमुना के बाढ़ क्षेत्र में मौजूद एक शिव मंदिर को गिराने की अनुमति दी गई थी। फैसला देते हुए जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश में कोई खामी नहीं है। जस्टिस पीवी संजय कुमार ने हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाकर्ता प्राचीन शिव मंदिर अवाम अखाड़ा समिति के अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठाया।

जस्टिस कुमार ने कहा, आप बाढ़ के मैदानों में अखाड़ा कैसे बना सकते हैं क्या अखाड़ा आम तौर पर (भगवान) हनुमान से जुड़ा नहीं है इससे पहले गीता कॉलोनी में ताज एन्क्लेव के पास स्थित प्राचीन शिव मंदिर (प्राचीन शिव मंदिर) को ध्वस्त करने की अनुमति देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा था कि भगवान शिव को कोर्ट की सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है बल्कि हमें भगवान शिव की सुरक्षा और आशीर्वाद की जरूरत है।

दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा था कि यमुना नदी के तलहटी क्षेत्र और बाढ़ वाले इलाकों से सभी अतिक्रमणों और अवैध निर्माणों को हटा दिया जाता है तो भगवान शिव ज्यादा खुश होंगे। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि मंदिर आध्यात्मिक गतिविधियों का केंद्र है, जहां नियमित रूप से 300 से 400 श्रद्धालु आते हैं।



याचिका में दावा किया गया कि याचिकाकर्ता सोसायटी को मंदिर की संपत्ति की पारदर्शिता, जवाबदेही और जिम्मेदार प्रबंधन को बनाये रखने के उद्देश्य से 2018 में पंजीकृत किया गया था। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता सोसायटी भूमि पर अपने स्वामित्व, अधिकार या हित के संबंध में कोई दस्तावेज दिखाने में पूरी तरह विफल रही है और इस बात का कोई सबूत नहीं है कि मंदिर का कोई ऐतिहासिक महत्व है। अदालत ने कहा कि सोसायटी को मंदिर में रखी मूर्तियों और अन्य धार्मिक वस्तुओं को हटाने और उन्हें किसी अन्य मंदिर में स्थानांतरित करने के लिए 15 दिन का समय दिया जाता है। अदालत ने कहा कि यदि वे ऐसा करने में विफल रहते हैं तो दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है कि मूर्तियों को किसी अन्य मंदिर में रखा जाए।

## चंडीगढ़ जैसे बनेंगे ग्रेटर फरीदाबाद के 4 चौक-चौराहे और सड़कें

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
ग्रेटर फरीदाबाद की सोसाइटी में रहने वाले लोगों को सड़कों के चौड़े कम होने की वजह से जाम से अब नहीं जूझना पड़ेगा। एफएमडीए ग्रेटर फरीदबाद के चार प्रमुख चौक और सड़कों को चंडीगढ़ की तर्ज पर संवारेगा।

ग्रेटर फरीदाबाद में 28 से अधिक सोसाइटियों में करीब एक लाख परिवार लोग रह रहे हैं। इसके अलावा करीब 35 सोसाइटी को विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। हर वर्ष यहां लोगों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। यहां के चौक-चौराहों पर वाहनों की भीड़ लगी रहती है। आने वाले समय में वाहनों की संख्या कई गुना अधिक होने की संभावना है।

**फरीदाबाद में 50 गज तक जमीन की रजिस्ट्री करा सकेंगे लोग, नियम में बदलाव:** ऐसे में फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण ने भविष्य में चौक-चौराहों पर लगने वाले जाम से निपटने योजना बनाना शुरू कर दी है। इसके तहत



पहले चरण में चार प्रमुख चौक पर जंक्शन बनाया जाएगा। अर्थात उन चौराहों का चौड़ीकरण होगा। इन सभी चौरहों पर हाईमास्क लाइटें लगाई जाएंगी ताकि पूरे इलाके में रोशनी हो सकें। एफएमडीए ने इसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी करके जारी भी कर दिया है। इसमें करीब 4.20 करोड़ खर्च किए जाएंगे। एफएमडीए अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, पायलट प्रोजेक्ट के तौर ग्रेटर फरीदबाद स्थित अमौलिक चौक, डीपीएस चौक, अडोर चौक और उपाध्याय चौक सेक्टर का सुंदरीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही चौक के यातायात को सुगम बनाया जाएगा। इन चौक पर स्लिप रोड बनाई जाएगी ताकि लाल बत्ती से दाएं या बाएं मुड़ने वाले लोगों को हरी बत्ती होने की प्रतीक्षा न करनी पड़े। इसके अलावा जेब्रा क्रॉसिंग बनाई जाएगी। वहीं चौक पर पौधे लगाकर हरा-भरा भी बनाया जाएगा। इसके अलावा उसे पशुओं से बचाने के लिए चारों तरफ रेलिंग भी लगाई जाएगी। एफएमडीए अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी को सेक्टर 70 से 88 की तरफ जाना हो या फिर सेक्टर 79 से 80 की तरफ जाना हो तो इन्हीं चौक से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे में इन चौराहों पर वाहनों का दबाव अधिक रहता है। यही नहीं चौराहों पर स्लिप रोड भी नहीं है। इसके अलावा कई चौक चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगी है, लेकिन उसे ठीक तरीके से लगाने की जरूरत है। इसे देखते हुए एफएमडीए ने इन चार जंक्शन को बेहतर बनाने का प्रोजेक्ट तैयार किया है।

## भड़काऊ भाषण के मामले में अरुंधति रॉय पर चलेगा यूएपीए का केस, एलजी ने दी मंजूरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सामाजिक कार्यकर्ता और बुकर पुरस्कार विजेता लेखक अरुंधति रॉय व एक अन्य के खिलाफ यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम) के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। यह अनुमति साल 2010 में राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के मामले में दी गई है। इस बात की जानकारी शुक्रवार को राज निवास ने दी। उपराज्यपाल ने अरुंधति के अलावा कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कानून के पूर्व प्रोफेसर डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ भी मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है। इन दोनों ने 21 अक्टूबर 2010 को नई दिल्ली के कोपरनिकस मार्ग स्थित एलटीजी ऑडिटोरियम में आजादी-द ओनली वे के बैनर तले आयोजित एक सम्मेलन में भड़काऊ भाषण दिए थे। यहां जिन मुद्दों पर चर्चा हुई थी, उनमें कश्मीर को भारत से अलग करने का प्रचार किया गया था। इस मामले में 28 अक्टूबर 2010 को कश्मीर के रहने वाले सुशील पंडित द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। सुशील पंडित ने इस आयोजन को लेकर सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत नई दिल्ली के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट में शिकायत की थी, जिसके बाद कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। शिकायत में यह आरोप लगाया गया था कि गिलानी और अरुंधति रॉय ने इस आयोजन में जोरदार तरीके से कहा था कि कश्मीर कभी भी भारत का हिस्सा नहीं था और उस पर भारत के सशस्त्र बलों द्वारा जबरन कब्जा किया गया है।

# मैं अभी अपने शिखर पर नहीं पहुंचा हूं : नीरज चोपड़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने कई बार इतिहास रचा है। उन्होंने एथलेटिक्स में भारत के लिए कई गोल्ड जीते, लेकिन इस दिग्गज में कभी अहंकार नहीं आया। आमतौर पर खिलाड़ी लाइमलाइट में आने के बाद अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं, मगर नीरज का ध्यान अपने लक्ष्य से टस से मस नहीं हुआ।

भारतीय स्टार एथलीट ने जियोसिनेमा के गेट सेट गोल्ड पर दिनेश कार्तिक से बात की और उन्हें जैवलिन थ्रो की मूल बातें बताईं। नीरज ने बताया कि कैसे विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप 2016 में उनका थ्रो ही एकमात्र ऐसा थ्रो है जिससे वे संतुष्ट हैं। नीरज ने कहा, आज तक, मैं अपने केवल एक थ्रो से संतुष्ट हुआ, जो विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप 2016 में 86.48 मीटर था। वह एक ऐसा थ्रो था जिसके बारे में मुझे लगा कि यह एक खास और अनोखा थ्रो था, लेकिन उसके बाद से मैं किसी भी थ्रो से संतुष्ट नहीं हुआ। मुझे लगता है कि मैं अभी अपने शिखर पर नहीं पहुंचा हूं। मैंने स्वर्ण पदक जीता है और कई प्रतियोगिताएं जीती हैं, लेकिन मुझे अभी भी लगता है कि मैं अपने सर्वश्रेष्ठ तक नहीं पहुंचा हूं और मैं अभी भी अपने थ्रो से संतुष्ट नहीं हूं। नीरज ने बताया उन्हें दोस्तों के साथ घूमना पसंद है।

साथ ही उन्हें शॉपिंग करने का बहुत शौक है, लेकिन अब वो इस पर कम पैसे खर्च करते हैं क्योकि इससे पैसा बर्बाद होता है। नीरज ने यह भी बताया कि उन्होंने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान अपना समय हॉलीवुड फिल्में देखकर कैसे बिताया। उन्होंने कहा, लॉकडाउन के दौरान मैंने सर्वश्रेष्ठ आईएमडीबी रेटिंग वाली फिल्में देखीं। 26 वर्षीय नीरज इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ जैवलिन थ्रो एथलीटों में से एक हैं। वे मौजूदा ओलंपिक (टोक्यो 2020) और विश्व चैंपियन (बुडापेस्ट 2023) हैं। उन्होंने यूजीन में विश्व चैंपियनशिप 2022 में रजत पदक जीता। उन्होंने दो बार एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक (2018 जकार्ता, 2022 हांगझोऊ) और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों (गोल्ड कोस्ट) में स्वर्ण पदक भी जीता है।

टी-20 वर्ल्डकप 2024

## यूएसए की टीम ने रच दिया इतिहास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की टीम ने क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया है। उसने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 राउंड के किए क्वालीफाई कर लिया है। अमेरिका की टीम ने पाकिस्तान, आयरलैंड और कनाडा की टीमों को पछाड़ते हुए दूसरे दौर में अपनी जगह बनाई है। बता दें, ये पहला मौका है जब अमेरिका की टीम टी20 वर्ल्ड कप में खेल रही है। उसने अपने डेब्यू सीजन में ही अपने खेल से सभी को हैरान कर दिया है।

अमेरिका की टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपना पहला मैच आयरलैंड के खिलाफ खेला था। इस मैच में अमेरिका ने 195 रन के टारगेट को चेज करके जीत हासिल की थी। वहीं, अपने दूसरे मैच में उसने पाकिस्तान को हराया था। इस मैच में उसने सुपर ओवर में बाजी मारी थी। हालांकि उसे अपने तीसरे मैच में टीम इंडिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। वहीं, उसका आखिरी ग्रुप स्टेज मैच बारिश के चलते रद्द हो गया। ऐसे में वह 5 अंकों के साथ अपने ग्रुप में दूसरे नंबर पर रही है।

### डेब्यू सीजन में रच दिया इतिहास

टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सिर्फ दूसरा ही मौका है जब कोई टीम ने अपने डेब्यू सीजन में ही दूसरे दौर के लिए क्वालीफाई किया है। इससे पहले ये कारनामा आयरलैंड की टीम ने ही किया था। आयरलैंड ने साल 2009 में पहली बार टी20 वर्ल्ड कप खेला था। तब वह दूसरे दौर तक पहुंचने में कामयाब रही थी।

### सुपर-8 राउंड में इन टीमों से होगी टक्कर

सुपर-8 राउंड में अमेरिका की टीम अपना पहला मैच 19 जून को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद 21 जून को उसका सामना वेस्टइंडीज से होगा। वहीं, सुपर-8 राउंड के अपने आखिरी मैच में वह बी-1 टीम से भिड़ेगी। यानी उसका ये मैच बांग्लादेश या नीदरलैंड्स की टीम से होगा।

# कंफर्म: पाकिस्तान टी20 विश्वकप 2024 से बाहर

● पिछले सीजन में खेला था इंग्लैंड से फाइनल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 में सुपर 8 में पहुंचने में फेल हो गई है। पाकिस्तान को यूएसए और भारत से मुकाबला गंवाना महंगा पड़ गया। शुक्रवार को फ्लोरिडा के लॉडरहिल में सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में आयरलैंड और यूएसए का मुकाबला बारिश के कारण रद्द होने से पाकिस्तान को घाटा पड़ा।

पाकिस्तान को सुपर 8 में आगे बढ़ने के लिए यहां यूएसए की हार चाहिए थी लेकिन मुकाबला रद्द होने से यूएसए एक अंक लेकर सुपर 8 के लिए क्वालिफाई कर गया। पाकिस्तान के लिए एक बुरी खबर और भी है। उनका आगामी मुकाबला इसी लॉडरहिल के मैदान पर होना है। जहां आगामी दिनों में बारिश बताई जा रही है। अगर वह मुकाबला न हुआ तो पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में सिर्फ एक जीत के साथ ही बाहर हो जाएगा। पाकिस्तान के लिए यह बड़ा झटका होगा क्योंकि टी20 विश्व कप के पिछले 2022 संस्करण में वह इंग्लैंड के साथ फाइनल खेली थी।

ऐसे रहे पाकिस्तान के मुकाबले

**बनाम यूएसए:** सुपर ओवर में हारे

पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए बाबर आजम ने 44 तो शादाब खान के 40 रनों की बदौलत 159 रन बनाए। जवाब में यूएसए ने मोनाक पटेल के 50, गौंस 35, एरोन जोंस 36 की मदद मैच टाई करवा लिया। सुपर ओवर में अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए 18 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 13 रन ही बना पाई और 5 रन से मुकाबला गंवा दिया।

**बनाम भारत:** 6 रन से हारे

भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए ऋषभ पंत के 42 रनों की बदौलत 119 रन बनाए थे। नसीह और हारिस ने 3-3 विकेट निकाले। जवाब में पाकिस्तान की टीम 113 रन ही बना पाई। जसप्रीत बुमराह 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लेने में सफल रहे।

**बनाम कनाडा:** 7 विकेट से जीते

कनाडा ने पहले खेलते हुए एरोन जोनसन के 52 रनों की बदौलत 106 रन ही बनाए। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद आमिर और हारिस रऊफ ने 2-2 विकेट लिए। पाकिस्तान ने जवाब में खेलते हुए मोहम्मद रिजवान के 53 और बाबर आजम के 33 रनों की बदौलत जीत हासिल कर ली।

**निष्कर्ष:** पाकिस्तान को यूएसए और भारत से हार के कारण बड़ा घाटा पड़ा। वहीं, यूएसए की टीम कनाडा और पाकिस्तान पर जीत और आयरलैंड के खिलाफ मैच रद्द होने से अंक तालिका में पांच अंक बनाने में सफल रहा। पाकिस्तान अगला मुकाबला जोकि आयरलैंड के खिलाफ है, जीतने में भी सफल हो गया तो भी उनके 4 ही प्वाइंट होंगे। इस तरह यूएसए 5 अंकों के साथ सुपर 8 में पहुंच गया है।

शुक्रवार को यूएसए और आयरलैंड के बीच मुकाबले की तैयारी थी लेकिन बारिश ने खेल बिगाड़ दिया। फ्लोरिडा में बाढ़ के हालत बने हुए हैं। ऐसे में स्टेडियम पानी से भरा हुआ था। फ्लोरिडा में शुक्रवार को बारिश तो रुक गई और सूरज भी निकल आया लेकिन मैदान रुक रुक कर हो रही बारिश के कारण सूख नहीं पाया। अंपायरों ने कई बार जाकर मैदान का निरीक्षण किया लेकिन हर बार उन्हें निराशा झेलनी पड़ी।

टेनिस

## सुमित नागल का शानदार प्रदर्शन जारी, पेरूगिया चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागल ने इससे पहले शुरुआती दौर में बोस्निया हर्जेगोविना के गैर वरीय नर्मन फाटिक पर और फिर प्री क्वार्टर फाइनल में इटली के गैर वरीय एलेसांद्रो जियानेसी पर जीत दर्ज की थी। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शुक्रवार को पेरूगिया चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। छठे वरीय नागल ने क्वार्टर फाइनल में गैर वरीयता प्राप्त पोलैंड के माक्स कसनिकोवस्की पर सीधे सेट में 6-4, 7-5 से जीत हासिल की। शनिवार को सेमीफाइनल में नागल का सामना स्पेन के गैर वरीय बर्नाबे जापाटा मिरालेस और दूसरे वरीय सर्बिया के लास्लो जेरे के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल के विजेता से होगा। यह नागल की जर्मनी में हीलब्रोन चैलेंजर के शुरू होने के बाद लगातार आठवीं जीत है।

नागल ने इससे पहले शुरुआती दौर में बोस्निया हर्जेगोविना के गैर वरीय नर्मन फाटिक पर और फिर प्री क्वार्टर फाइनल में इटली के गैर वरीय एलेसांद्रो जियानेसी पर जीत दर्ज की थी। पिछले हफ्ते नागल ने हीलब्रोन चैलेंजर खिताब जीता था जो उनकी इस सत्र में दूसरी चैलेंजर ट्राफी थी। उन्होंने फरवरी में चेन्नई चैलेंजर में फतह हासिल की थी। एटीपी सिंगल्स रैंकिंग में नागल अभी 77वें स्थान पर है जिससे उनका अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक में स्थान सुनिश्चित हुआ।

# आखिरी गेंद पर द. अफ्रीका ने तोड़ा नेपाल का सुपर-8 में पहुंचने का सपना



**किंग्सटाउन, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के 31वें मैच में नेपाल को 1 रन से हरा दिया। इस मैच में नेपाल के पास अफ्रीकी टीम के खिलाफ बड़ा उलटफेर करने का एक सुनहरा मौका था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके। टूर्नामेंट में बने रहने के लिए नेपाल को आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी, लेकिन हेनरिक क्लासेन ने नॉन-स्ट्राइकर छोर पर नेपाल के गुलसन झा को रन आउट कर दिया, जिससे सुपर ओवर की संभावना खत्म हो गई।

यह नेपाल के लिए दिल तोड़ने वाला अंत था, जिसने मैच के अधिकांश समय में दक्षिण अफ्रीका से बेहतर प्रदर्शन किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल की टीम ने दक्षिण अफ्रीका को मात्र 115 के स्कोर पर रोक दिया था और लक्ष्य का पीछा करते काफी अच्छी स्थिति में थी। पूरे मुकाबले में नेपाल ने दक्षिण अफ्रीका पर दबदबा बनाए रखा। नेपाल के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 14वें ओवर तक 85/2 का स्कोर बना लिया था, यहां से नेपाल इतिहास रचने के बेहद करीब था।लेकिन दूसरी पारी के आखिरी 18 गेंदों में मैच की कहानी पूरी तरह से पलट गई। तबरेज शम्सी ने साउथ अफ्रीका की इस जीत में अहम भूमिका निभाते हुए चार महत्वपूर्ण विकेट झटके। मैच का टर्निंग पॉइंट आखिरी के 3-4 ओवर रहे। आखिरी के पांच ओवर में नेपाल को 25 रन चाहिए थे। टीम के पास 7 विकेट हाथ में थे। यहां से दक्षिण अफ्रीका ने मैच पलटा और अपने नाम कर लिया। इस दौरान नेपाल ने 4 विकेट खोए और 25 रन बनाने में भी नाकाम रहा। नेपाल 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 114 रन ही बना सका।

## टी20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड ने युगांडा को 40 रन पर निपटाया

फिर किया धांसू रनचेज... बने कई अनचाहे रिकार्ड



**त्रिदिनाद, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने युगांडा को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के मुकाबले में मसलकर रख दिया. सुपर 8 की होड़ से बाहर हो चुकी न्यूजीलैंड की टीम ने युगांडा को पहले 18.4 ओवर में 40 रन पर आउट कर दिया, फिर पावरप्ले के अंदर ही टारगेट को चेज कर लिया. युगांडा का 40 रन का स्कोर उसका दूसरा सबसे कम स्कोर है, इससे पहले उसने इसी वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ महज 39 रन बनाए थे, जो नीदरलैंड्स के साथ टी20 वर्ल्ड कप का संयुक्त रूप से सबसे कम स्कोर है.

एक समय लग रहा था कि युगांडा की टीम टी20 वर्ल्ड कप में सबसे कम स्कोर के शर्मनाक रिकॉर्ड को बना देगी. शनिवार (15 जून) को त्रिनिदाद के तारोबा में ब्रायन लारा स्टेडियम में इस मैच में कीवी कप्तान केन ने टॉस जीता और पहले पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. न्यूजीलैंड का यह फैसला सटीक ही रहा क्योंकि युगांडा की टीम के बल्लेबाज ताश के पत्ते की तरह एक के बाद एक आउट होते रहे. युगांडा की टीम से केनेथ वाइसवा हाइएस्ट स्कोरर रहे, जिन्होंने 18 गेंदों पर 11 रनों की पारी खेली.

युगांडा की ओम 18.4 ओवर में 40 रनों पर ही सिमट गई. न्यूजीलैंड की टीम की ओर से प्लेयर ऑफ द मैच टिम साउदी ने घातक गेंदबाजी की और 4 ओवर में 4 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए. वहीं ट्रेंट बोल्ट, मिचेल सैंटनर और रचिन रवींद्र को 2-2 विकेट मिले. इसके अलावा लॉकी फर्ग्युसन को 1-1 सफलता मिली.

## एचएस प्रणय को मिली हार, टूर्नामेंट में समाप्त हुई भारतीय चुनौती

**सिडनी, एजेंसी।** विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष सिंगल्स वर्ग में समीर वर्मा और महिला सिंगल्स में आकर्षि कश्यप के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिक्स्ड जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा। भारत के शीर्ष रैंकिंग के सिंग्लस खिलाड़ी एचएस प्रणय की हार के साथ ही ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई है।



प्रणय को अपने से ऊंची रैंकिंग के जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार मिली। भारत का कोई भी खिलाड़ी इस सुपर 500 टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष सिंगल्स वर्ग में समीर वर्मा और महिला सिंगल्स में आकर्षि कश्यप के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिक्स्ड जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा। प्रणय ने शुरुआती गेम में 10-16 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए स्कोर को 18-18 किया, लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके।

नाराओका ने दूसरे गेम में 5-5 की बराबरी के बाद अपना दबदबा बनाना शुरू किया और फिर भारतीय खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी लोह किन यू को हराकर उलटफेर करने वाले समीर चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ दमखम नहीं दिखा सके।

## स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप का समापन समारोह में वित्त सचिव ठकराल के उदगार

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान सरकार के वित्त सचिव नरेश कुमार ठकराल ने कहा कि सीमित साधनों में यूनियन फुटबॉल क्लब ने एक महीने तक स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप का सफल आयोजन किया। मैं विभिन्न टूर्नामेंट आयोजनों में यहां आता रहा हूं, जीवन में खुश रखने वाले चार तत्व हार्मोन्स खेल मैदान में खिलाड़ियों को स्वतः मिल जाते हैं। आगामी गुरुवार 20 जून को प्रातः 6 बजे यूनियन ग्राउंड में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्री ठकराल ने हाथ खड़े करा कर सहमति ली। नरेश कुमार ठकराल ने क्लब सचिव महिपाल स्वामी , क्लब कोऑर्डिनेटर एवं स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप अभिनव स्वामी, कबड्डी कोच राजनारायण शर्मा, योग फिटनेस शिक्षक भव्या राजावत, ग्राउंड इंचार्ज विजयदीप, फुटबॉल कोच हर्षवर्धन, यशवर्धन आदि के योगदान को सरहरना की। उपस्थित अभिभावकों और खिलाड़ियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में महिपाल स्वामी ने कहा कि, प्रशासन और शासन का निश्चछ्ल सहयोग मिलता रहा तो आगामी आठ वर्षों में यूनियन फुटबॉल क्लब वर्ल्ड कप में भारतीय फूटबॉल टीम क्वालीफाई करा देगा। स्वामी ने क्लब की मुख्य संरक्षक दिया कुमारी , उप मुख्यमंत्री के पूर्वजों की खेल प्रतिबद्धता का उल्लेख किया।

## एक नजर

### वृद्ध महिला का मिला शव, हत्या की आशंका

**हसपुरा(औरंगाबाद) (का.सं.)।** हसपुरा डीह पर स्व. शैलेंद्र सिंह की 60 वर्षीय पत्नी सुभद्रा देवी की शनिवार को चहुंटा गांव के समीप बधार में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की बेटी अंजनी कुमारी ने हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस को जैसे ही सूचना मिली तो घटनास्थल पर प्रभारी थानाध्यक्ष पवन कुमार ने दल बल के साथ पहुंचकर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। डॉग स्कवायड व फोरेंसिक टीम घटना की जांच में जुट गई है। घटना के संबंध में मृतका की बेटी अंजनी कुमारी ने बताया कि 14 जून को सुबह 8:30 बजे घर से बड़ौखर गांव में अपने ननद के घर जाने के लिए निकली थी। उसके बाद मृतका के मोबाइल पर बेटी ने बातचीत की तो पता चला कि वह पहुंच गई है।

### साल भी नहीं बीता और टूट कर बिखरने लगी सड़क

**ओबरा(औरंगाबाद) (का.सं.)।** ओबरा प्रखंड के सदीपुर गांव में 15वीं वित्त की राशि से एनएच 139 से महादलित टोले तक आठ सौ मीटर पीसीसी सड़क बनाई गई थी जो एक साल में ही टूटकर बिखरने लगी है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने बताया कि निर्माण में खर्च हुई राशि का बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। इससे जाहिर होता है कि निर्माण में काफी अनियमितता बरती गई है। स्थानीय निवासी रिटायर्ड हेडमास्टर कमलेश कुमार विकल ने इसकी शिकायत डीएम व मुख्य सचिव से लिखित रूप में की है। बताया है कि इस योजना में सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है व कार्य में पूरी लापरवाही बरती गई है। योजना से जुड़े अधिकारी व कर्मी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है व भौतिक जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में तकनीकी सहायक शिवम कुमार से जानकारी लेने का प्रयास किया गया पर उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार किया।

### नाबालिग के अपहरण का मामला दर्ज

**गोह (औरंगाबाद) (का.सं.)।** गोह प्रखंड के उपहारा थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में उसके पिता ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें लोदीपुर गांव के एक युवक को आरोपित बनाया है। कहा है कि 12 जून को उनकी बच्ची कुछ जरूरी काम से गोह बाजार गई थी, जो वापस नहीं लौटी। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

### नाले को विस्तारित करने को लिखा पत्र

**अंबा(औरंगाबाद) (का.सं.)।** देव पथ के निर्माणाधीन नाले का विस्तार उदयगंज होते हुए बटाने नदी तक करने के लिए स्थानीय विधायक राजेश कुमार ने बिहार राज्य पथ विकास प्रमंडल गया के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया है कि एसएच 101 के निर्माण के क्रम में गुलाब बिगहा तक ही नाला का निर्माण किया गया है। जल निकासी की समस्या के स्थाई समाधान के लिए उदयगंज होते हुए बटाने नदी तक नाले का निर्माण आवश्यक है।

### शादी की नियत से किशोरी का अपहरण, प्राथमिकी दर्ज

**गोह(औरंगाबाद) (का.सं.)।** गोह के उपहारा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी का शादी की नियत से अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में किशोरी के पिता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी है। थाना में दिए आवेदन में किशोरी के पिता ने आरोप लगाया है कि मेरी नाबालिग पुत्री विगत 12 जून की सुबह सात बजे आवश्यक कार्य को लेकर गोह बाजार गई थी। जब दोपहर तक घर नही आई तो खोजबीन करना शुरु किया। सभी रिश्तेदारों के घर खोजबीन की गई, लेकिन कही कोई पता नही चल सका। खोजने के दौरान पता चला कि लोदीपुर गांव के एक युवक ने शादी की नियत से बहला फुसला कर अपहरण कर लिया है।

### युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध का बनाने का लगाया आरोप

**रफीगंज(औरंगाबाद) (का.सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के 20 वर्षीय युवती ने अपने ममेरे भाई के विरुद्ध शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने और दहेज के चलते शादी से इनकार करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें अपने ममेरे भाई एवं उसकी माता, दो बहने एवं दो अन्य भाइयों को आरोपी बनाया है। युवती ने प्राथमिकी में कहा है कि 2020 से लगातार शारीरिक संबंध बनाते आ रहा है। इसी बीच 2021 में इसके अब्बू की मौत हो गई। मौत के बाद शादी के लिए लड़का के मां ने 10 लाख रुपए, 10 भर सोना एवं एक स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग किया।

---

आर्द्रा नक्षत्र आने में एक सप्ताह की देर

# जिले में अब तक मात्र 1.22 प्रतिशत भूभाग में लग सकी है धान की नर्सरी



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में 175493.24 हेक्टर भूभाग में धान की रोपनी कराने का लक्ष्य है। इसके लिए 17549.324 हेक्टेयर में नर्सरी तैयार करनी है जो रोपनी के कुल भूभाग का 10 प्रतिशत है। नर्सरी तैयार करने का प्रमुख नक्षत्र रोहिणी बीत चुका है। मृगशिरा नक्षत्र चल रहा है। आर्द्रा नक्षत्र आने में एक सप्ताह की देर है। पर अब तक जिले में कुल 214.101 हेक्टेयर भूभाग में ही नर्सरी लगाई जा सकी है जो कुल लक्ष्य का मात्र 1.22 प्रतिशत है। यह गंभीर चिंता का विषय है। इसका असर उत्पादन पर पड़ सकता है। कृषि विशेषज्ञ के अनुसार समय पर धान की नर्सरी तैयार नहीं होने से फसल का जीवन काल काम हो जाता है और उत्पादन कम होता है। मध्यम अवधि के प्रभेद सोनम, राजेंद्र श्वेता आदि की नर्सरी 15 जून तक के आसपास तथा अल्प अवधि के प्रभेद अर्द्धजल, सहभागी आदि की नर्सरी 01 जुलाई से 10 जुलाई के बीच लगानी चाहिए। जिला कृषि कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार औरंगाबाद प्रखंड में 1360.495 हेक्टेयर, बारुण प्रखंड में 1711.500 हेक्टेयर, ओबरा प्रखंड में 1914.103 हेक्टेयर, दाउदनगर प्रखंड में 913.550 हेक्टेयर, हसपुरा प्रखंड में 970.416 हेक्टेयर, गोह प्रखंड में 1868.000 हेक्टेयर, रफीगंज प्रखंड में 2166.800 हेक्टेयर, मदनपुर प्रखंड में 701.000 हेक्टेयर, देव प्रखंड में 1098.100 हेक्टेयर, कुटुंबा प्रखंड में 1986.460 हेक्टेयर तथा नेवी नगर प्रखंड में 2993.300 हेक्टेयर भूभाग में नर्सरी तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित है। नर्सरी तैयार करने को लेकर जिले के सभी प्रखंड में धान का बीज किसानों को मुहैया कराया जा रहा है।

## मौसम की बेरूखी से नर्सरी लगने में विलंब, बारिश का इंतजार

निज संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** मौसम की बेरुखी के चलते धान की नर्सरी लगाने में विलंब हो रहा है। अब तक मानसूनी बारिश नहीं हुई है। किसानों को नर्सरी के लिए बारिश का इंतजार है। विदित हो कि इन दिनों बेतहाशा गर्मी पड़ रही है। पारा लगातार चढ़ा रहा है। नहर में अभी पानी की आपूर्ति नहीं हुई है। ऐसे में किसान नर्सरी लगाने की हिम्मत नहीं जुटा रहे हैं। कतिपय साधन संपन्न किसानों ने नर्सरी लगाई है। बहुतेरे किसान इसकी तैयारी में जुटे हैं। कुछ का मानना है कि मृगशिरा नक्षत्र में लगाई गई नर्सरी के फसल में कीड़े-मकोड़े और रोग-व्याधि अधिक लगते हैं। वे आर्द्रा नक्षत्र में नर्सरी लगाने की तैयारी में है। जिले के कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां जलस्तर इतना नीचे चला गया है कि डीजल-मोटर और चापाकल जवाब दे चुके हैं। इन जगहों पर पेयजल की भी किल्लत है, फिर नर्सरी लगाने के लिए पानी कहां से आएगा। ऐसे क्षेत्र के किस मानसूनी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

---

भीषण गर्मी से गहराया जल संकट

# श्री सीमेंट ने बढ़ाया मदद का हाथ, हो रही सराहना

- पानी के टैंकरों से बुझ रही लोगों की प्यास

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** भीषण गर्मी और कम वर्षा की वजह से जल संकट ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। शहर के कई मोहल्लों और इलाकों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस कठिन समय में श्री सीमेंट ने कई इलाकों में पानी के टैंकर उपलब्ध करा कर एक अद्भुत पहल की है, जो सराहनीय है। श्री सीमेंट अंतर्गत श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के तहत, जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और यूनिट हेड अनिल शर्मा के मार्गदर्शन में यह पहल शुरू की गई है। जानकारी देते हुए प्लांट एचआर हेड बी.एस. राठौर ने बताया कि सीएसआर कोऑर्डिनेटर रोहित शर्मा के निर्देशन में श्री सीमेंट ने प्रतिदिन 10 पानी के टैंकर विभिन्न गांवों में भेजने का संकल्प लिया है। यह गांव हैं - अजमेरी बिगहा, पइवान, धभौल, मुर्गी बिगहा, मंजुराही नवाडीह, रायपुरा, भरतौली, महुलिस्थान, खैराबिंद, और छेदीबिगहा। प्रत्येक दिन सुबह 6:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक ये टैंकर गांवों में जल आपूर्ति कर रहे हैं, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली है। इस पहल के अंतर्गत प्रतिदिन 10 ट्रिप से अधिक जलापूर्ति की जा रही है।

आगे भी टैंकर जरूरत के अनुसार बढ़ाए जाएंगे। विभिन्न क्षेत्रों को चिन्हित किया जाएगा जहां पानी की समस्या अधिक है। वहां पर हम और टैंकर भेजेंगे तथा लोगों को पानी की समस्या से निजात दिलाएंगे। यूनिट हेड अनिल शर्मा ने कहा कि श्री सीमेंट का यह कदम न केवल जल संकट से निपटने में मदद कर रहा है, बल्कि कंपनी की जन सरोकारिता के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। श्री सीमेंट समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यों में योगदान देता रहा है। चाहे वह छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं करना हो, या बच्चों को शिक्षा के लिए मदद करना, श्री सीमेंट ने हमेशा समाज के कल्याण के लिए काम किया है।



**समाजसेवा में भी अग्रणी श्री सीमेंट**

यह पहल न केवल तत्काल जल संकट से निपटने में मदद करेगी, बल्कि भविष्य में भी समाज और पर्यावरण के प्रति श्री सीमेंट की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। औरंगाबाद के निवासियों ने इस कदम की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि अन्य कंपनियां भी इस प्रकार की पहल करके समाज के कल्याण में अपना योगदान देंगी। श्री सीमेंट ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह न केवल एक अग्रणी सीमेंट उत्पादक कंपनी है, बल्कि समाज की सेवा में भी अग्रणी है।

---

# एनटीपीसी में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

- शिविर में स्वरा महिला संघ की अध्यक्षा राखी सामंता और अन्य सीआईएसएफ अधिकारी भी भाग लिए।

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नवीनगर में, एनटीपीसी ने विश्व रक्तदाता दिवस 2024 के अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में एनटीपीसी के कर्मचारियों, उनके परिवारजनों और सीआईएसएफ के जवानों ने सम्मिलित होकर रक्तदान किया। एनटीपीसी नबीनगर और भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से इस आयोजन में कुल 60 यूनिट रक्त का दान किया गया। इस एक दिवसीय रक्तदान शिविर का उद्घाटन, एनटीपीसी नबीनगर के परियोजना प्रमुख सह मुख्य महाप्रबंधक चंदन कुमार सामंता ने किया। यह कार्यक्रम एनटीपीसी नवीनगर में स्थित एनएसटीपीएस अस्पताल में आयोजित किया गया था, जहां अस्पताल की सीएमओ जूरी दत्ता और अन्य चिकित्सकों की देख-रेख में लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में स्वरा महिला संघ की अध्यक्षा राखी सामंता के साथ-साथ एफ एम के महाप्रबंधक आरपी अग्रवाल, ऑपरेशन के महाप्रबंधक एके त्रिपाठी, और डीसी सीआईएसएफ राघवेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को उनके सामाजिक योगदान के लिए भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, औरंगाबाद द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।



---

# फर्जी आईडी के माध्यम से अश्लील तस्वीर वायरल करने वाले अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- राजमंगल कुमार ने निशु कुमारी के नाम से एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाई थी और उसके माध्यम से अश्लील तस्वीरें वायरल कर रहा था।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबा।** फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर युवती की अश्लील तस्वीर वायरल करने के मामले में पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद हुआ है, जिससे फेसबुक चलाया जा रहा था। गिरफ्तार अपराधी की पहचान गोह प्रखंड के बंदेया थाना क्षेत्र के झिकटिया गांव निवासी जयप्रकाश प्रसाद के पुत्र राजमंगल कुमार के रूप में की गई है। साइबर थाना की डीएसपी डा. अनु कुमारी ने बताया कि राज मंगल कुमार ने निशु कुमारी के नाम से एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाई थी और उसी से अश्लील तस्वीर वायरल कर रहा था। इसको लेकर औरंगाबाद साइबर थाना में 8 अप्रैल 2024 को एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर अप्राथमिकी अभियुक्त राजमंगल कुमार को 14 जून को बंदेया थाना के झिकटिया गांव से उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि राजमंगल कुमार एक युवती से प्रेम करता था। इसी दौरान उसने शादी का प्रस्ताव रखा, लेकिन युवती ने मना कर दिया। उसके द्वारा मना किए जाने के बाद राजमंगल ने एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाई और युवती की अश्लील तस्वीर वायरल करने लगा। उसने युवती के अलावा उससे जुड़ी अन्य महिलाओं की तस्वीर भी उक्त आईडी से डाली और उन्हें बदनाम करने लगा। इसकी जानकारी मिलने पर साइबर थाना में 8 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज की गई। अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और पॉक्सो एक्ट के तहत वह गोह थाना से जेल जा चुका है। जेल से वापस आने के बाद उसने अन्य महिलाओं की फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट डालना शुरू किया था। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में इंस्पेक्टर बबन बैठा, राजू कुमार, महिला सिपाही रोशनी कुमारी आदि शामिल थीं।

---

## कुशल युवा कार्यक्रम की परीक्षा में बेहतर करने वालों को सम्मान

**औरंगाबाद (का.सं.)।** कुशल युवा कार्यक्रम की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया है। केंद्र के द्वारा आयोजित इस परीक्षा में पूनम कुमारी को प्रथम और अंशु कुमारी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इसी तरह लर्निंग रिपोर्ट में मिशी कुमारी को प्रथम, पूनम कुमारी को द्वितीय, अंशु कुमारी को तृतीय, अश्विनी प्रजापति को चतुर्थ, पूजा कुमारी को पंचम तथा आकांक्षा कुमारी को छठा स्थान प्राप्त हुआ है। यह परीक्षा कुशल युवा कार्यक्रम के अंबा स्थित विजार्ड कंप्यूटर सेंटर पर ली गई। निदेशक रोशन कुमार ने बताया कि मार्च बैच के युवक-युवतियों का प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है। उनके सम्मान में यह समारोह का आयोजन किया गया था।

---

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने दिया अभियुक्त को दोषी करार

- अभियुक्त टूटू कुमार उकुरहमी ओबरा को भादंवि की धारा 376(3) और पोक्सो एक्ट की धारा 04(2) में दोषी ठहराया गया है।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में एडीजे सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट के जज लक्ष्मीकांत मिश्रा ने शनिवार को जीआर-10/20, महिला थाना कांड संख्या-04/20 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त को नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार दिया है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त टूटू कुमार उकुरहमी ओबरा को भादंवि कीधारा 376(3) और पोक्सो एक्ट की धारा 04(2) में दोषी ठहराया तथा बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया है। सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई की तिथि 18 जून निर्धारित की गई है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी की सूचक पीड़िता की मां ने 12 फरवरी 2020 को दर्ज कराई थी। कहा था कि 10 जून 2020 को रिश्तेदार के यहां सगाई में गई थी। मेरी बच्ची शाम में शौच के लिए निकली तो घात लगाए बैठे अभियुक्त ने नाबालिग पीड़िता को पकड़कर सरसों के खेत में ले जाकर ग़लत काम किया था।11 फरवरी 2020 को लौटी तो रोते हुए नाबालिग पीड़िता ने घटना की जानकारी दी। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि पोक्सो एक्ट के मामले में सुनवाई में काफी तेजी आई है।

---

# श्री सीमेंट ने शहीद परिवारों के लिए सीमेंट बैगों का किया योगदान

कार्यालयसंवाददाता

**औरंगाबाद।** शहीद के परिवार के घर बनाने में निशुल्क सीमेंट बैग दे श्री सीमेंट ने किया सहयोग । श्री सीमेंट लिमिटेड लंबे समय से सामाजिक जिम्मेदारी के लिए प्रतिबद्ध है और नमन परियोजना द्वारा हमारे शहीदों के बलिदान का सम्मान करने के लिए समर्पित है। इन बैगों का उपयोग अनगिनत शहीद परिवारों को उनके घर निर्माण में लिया गया है।

नमन प्रोजेक्ट के बैनर तले, श्री सीमेंट लिमिटेड- औरंगाबाद ने श्रद्धेय शहीद सुरेंद्र कुमार की पत्नी फूलमती देवी (जिला–संत कबीर नगर, उत्तर प्रदेश) को उनके घर निर्माण करने के लिए 720 सीमेंट बैग का सहयोग दिया। इस मौके अनिल शर्मा (यूनिट-हेड बीजीयू), बीएस राठौड़ (प्लांट एचआर हेड), संजीव कुमार झा (एचओडी-सिक्योरिटी), रंजन कुमार एवं शरमन दास उपस्थिति रहे। श्री सीमेंट लिमिटेड विविध समुदायों के विकास और सभी के लिए समावेशिता और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण के अनुरूप अपनी सीएसआर पहल के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। अनिल शर्मा ने नमन परियोजना के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता व्यक्त की, उन्होंने कहा कि 'नमन परियोजना के माध्यम से, शहीद परिवारों के सहयोग करने के लिए हमारा अटूट समर्पण यह सुनिश्चित करता है कि उनके साहस और प्रतिबद्धता को कभी नहीं भुलाया जाए। उन्होंने आगे कंपनी के सीएसआर दृष्टिकोण पर अपना विश्वास व्यक्त किया और कहा कि 'श्री सीमेंट दृढ़ता से इस नीति में विश्वास करता है कि केवल समाज को वापस देने से ही मजबूत और अधिक समृद्ध समुदायों के निर्माण में योगदान मिलेगा। हम समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। बीएस राठौड़ ने कहा शहीदों-हमारे राष्ट्रीय नायकों के सम्मान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करने के लिए, श्री सीमेंट लिमिटेड इस पहल के माध्यम से उनके परिवार के सदस्यों के सहयोग में सक्रिय रूप से शामिल है'। बीजीयू-सीएसआर के तहत की गई पहलों पर प्रकाश डालते हुए श्री बीएस राठौड़ ने आगे कहा कि श्री सीमेंट लिमिटेड वर्तमान समय में विकसित औद्योगिक सीएसआर परिदृश्य में सर्वश्रेष्ठ सीएसआर प्रथाओं और कॉर्पोरेट मूल्यों का पर्याय है।

शहीद के परिवार के सदस्य सूर्य भान यादव ने श्री सीमेंट लिमिटेड द्वारा प्रदान किए गए सीमेंट बैग के लिए अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की और कहा, शहीदों के प्रति सम्मान, सहयोग और उनका गौरव बढ़ाने के लिए श्री सीमेंट द्वारा यह एक अद्भुत पहल है कार्यक्रम का संचालन रोहित कुमार (सीएसआर) द्वारा किया गया।




---

## कुर्बानी खुले में न दें और कचरे को सार्वजनिक जगह पर न फेंक

**अंबा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** बकरीद को लेकर अंबा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष राहुल राज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए और बकरीद त्योहार को शांति व सौहार्द के वातावरण में मनाने पर चर्चा हुई। थानाध्यक्ष ने कहा कि कुर्बानी खुले में न दें और कचरे को सार्वजनिक जगह पर न फेकें। उसका सही जगह पर निस्तारण कर दें। मौजूद लोगों से उन्होंने क्षेत्र की गतिविधियों से जुड़ी जानकारी ली और कहा कि कहीं भी कोई समस्या उत्पन्न हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने बताया कि त्योहार को लेकर संवेदनशील जगहों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

---

# मुआवजे को लेकर किसानों ने बंद कराया एक्सप्रेस-वे का काम

निज संवाददाता

भारतमाला परियोजना के वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस-वे का काम शुक्रवार को औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड के बेनी से शुक्रवार को शुरू कराया गया था, जिसे मुआवजा भुगतान के मामले को लेकर शनिवार को किसानों ने बंद कर दिया है। किसान अशोक सिंह ने बताया कि बिना मुआवजा का भुगतान किए कंपनी के द्वारा काम शुरू कर दिया गया था। ऐसी स्थिति में किसानों ने काम बंद कर दिया है और धरना पर बैठ गए हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के जिला प्रवक्ता विकास सिंह ने कहा कि पुराने एमवीआर पर मुआवज़ा तय किया गया है जो किसानों को मान्य नहीं है। मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य राजकुमार सिंह ने कहा कि सरकार किसानों पर दबाव बनाकर काम करना चाह रही है जो किसी भी स्थिति में संभव नहीं है। वरिष्ठ नेता वशिष्ठ सिंह ने कहा है की मालिक गैर-मजरुआ भूमि के रैयतीकरण को लेकर सरकार मौन है।

# बकरीद पर्व को लेकर थाना में किया गया शांति समिति की बैठक

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक प्रशिक्षु डीएसपी सह रफीगंज थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में की गई। बैठक की संचालन एस आई गुफारान अली में लेने किया। प्रशिक्षु डीएसपी सह रफीगंज थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बैठक के दौरान निर्देश देते हुए कहा कि बकरीद पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मानाए। किसी भी तरह की कानूनी सहायता के लिए थाना या फिर टोल फ्री नंबर 112 पर पुलिस को सूचना करें। उन्होंने बताया कि पुलिस की नजर 24 घंटा सोशल मीडिया पर है। भ्रामक बात फैलाने वाले लोगों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर मधु कुमारी,राजद नेता रणविजय यादव, भाजपा नेता सुबोध कुमार सिंह, महेंद्र यादव, रविंद्र सिंह, नुरुल खान,फहद शाही, सुभम सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



---

# कोचिंग जाने के लिए निकली छात्रा श्रेया की एसिड डालने से नहीं हुई मौत, पुलिस जांच में जुटी

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** अपने घर से कोचिंग जाने के लिए निकली नवीनगर शहर की छात्रा श्रेया की मौत एसिड डालने से नहीं हुई है। मौत की असली कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस लगातार जांच-पड़ताल कर रही है। यह बातें शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 01 संजय कुमार पांडेय ने अपने कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने बताया कि छात्रा का शव पानी में सड़ जाने की वजह से कई जगह पर चमड़ा फट गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी डॉक्टरों ने कहा है कि शव पर किसी भी प्रकार की कोई केमिकल का प्रयोग नहीं किया गया है। एसडीपीओ ने जनता से अपील की है कि बिना कोई पुख्ता जानकारी के किसी भी तरह की अफवाह को सोशल मीडिया पर ना फैलाएं, इससे माहौल खराब होने की संभावना रहती है। कहा कि छात्रा के परिजनों ने तीन लोगों के ऊपर अपनी बेटी की हत्या का आरोप लगाया है जिसकी जांच की जा रही है। जांच में उनके ऊपर आरोप साबित होने पर गिरफ्तारी की जाएगी। विदित हो कि शुक्रवार को छात्रा का शव परिजनों को मिलने के बाद नवीनगर थाना मोड़ के समीप सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने जमकर नारेबाजी भी की और तुरंत अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इसकी जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष ने किसी तरह से मामले को सुलझाया और आश्वासन दिया कि जल्द ही अपराधियों गिरफ्तारी कर ली जाएगी। इसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ था।

## सुशील कुमार सिंह ने किया शोक व्यक्त

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** लोकसभा क्षेत्र के निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह ने नबीनगर थाना अंतर्गत गैस गोदाम स्थित निवासी अभय कुमार सिंह के 16 वर्षीय सुपुत्री 11वीं की छात्रा श्रेया कुमारी का अपराधियों के द्वारा निर्मम तरीके से हत्या करने को लेकर गहरा शोक व्यक्त किया है। निवर्तमान सांसद ने कहा कि हमारे अत्यंत करीबी ऊर्जावान कार्यकर्ता अभय सिंह के सुपुत्री के साथ घिनौना घटना की सूचना सुनकर औरंगाबाद एसपी से दूरभाष पर बात करके इस हृदय विदारक घटना के कारण का जांच एसआईटी गठित कर जल्द से जल्द करवाने एवं अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने को कहा। यह घटना बहुत ही दुःखद और अत्यंत पीड़ादायक है। भगवान श्रेया को अपने श्री चरणों में जगह दे और पूरे परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा,युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शुभेंदु शेखर सिंह, सूर्यपत सिंह,जिला परिषद उपाध्यक्ष रामेश्वर बैठा,समाजवादी नेता रामलखन सिंह, कुटुम्बा विधानसभा प्रभारी उदय प्रताप सिंह शोक व्यक्त किया है।



---

# विश्व रक्तदाता दिवस : डॉक्टर रवि रंजन को उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

- इस मौके पर डॉ रवि रंजन ने स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की सराहना की।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर पटना में आयोजित एक भव्य समारोह में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति ने डॉ रवि रंजन को सम्मानित किया। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने औरंगाबाद ब्लड बैंक के नोडल पदाधिकारी डॉ रवि रंजन को 2023-24 में सीनियर मेडिकल ऑफिसर के रूप में उत्कृष्ट सेवा के लिए मोमेंटो प्रदान किया। डॉ रवि रंजन के इस सम्मान ने औरंगाबाद जिले का नाम रोशन किया है। सम्मान ग्रहण करने के बाद डॉ रवि रंजन ने कहा कि यह सम्मान उन्हें ब्लड बैंक और सदर अस्पताल औरंगाबाद के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों के सहयोग से मिला है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनकी संयुक्त मेहनत का परिणाम है। डॉ रवि रंजन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग हर साल अधिक से अधिक स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करता है। इस वर्ष 2023-24 में, जिले के सभी प्रखंडों में कैंप आयोजित कर 3000 से अधिक लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान कराया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से न सिर्फ किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह दानकर्ता के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति साल में तीन से चार बार रक्तदान कर सकता है और इससे उसके शरीर पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अपर प्रमुख सचिव प्रत्यय अमृत, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शशांक शेखर सिन्हा, उपसचिव अमिताभ सिंह, यूनिसेफ की सीएफओ मार्गरेट ग्वाडा, और बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के अपर परियोजना निदेशक डॉ एन के गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

